CMYK

अधिकतम : 34°C
न्यूनतम : 22°C

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 5 जून 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 57 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



दिल्ली में होटल अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी पेज 2



सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में श्रेयस अय्यर, ईशान किशन व तिलक वर्मा खेल टाइम्स



प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय सम्पादकीय



भारत और वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे पेज 12

# ईरान युद्ध से ट्रम्प को रोकने वाला युद्ध शक्ति प्रस्ताव मंजूर

वाशिंगटन, वार्ता



■ अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में वॉर पावर्स रेजोल्यूशन (युद्ध शक्ति प्रस्ताव) 215-208 मतों से पारित

**रिपब्लिकन के नेतृत्व** वाली अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान में आगे कोई भी सैन्य कार्रवाई करने से रोकने के लिए एक प्रस्ताव वॉर पावर्स रेजोल्यूशन (युद्ध शक्ति प्रस्ताव) को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव 215-208 मतों से पारित हुआ है। यह प्रस्ताव तब सफल हुआ जब चार रिपब्लिकन सदस्यों ने डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस युद्ध के प्रति अपनी असहमति जताई।

यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ था। यह प्रस्ताव ट्रम्प को ईरान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने के निर्देश देता है, जब तक कि कांग्रेस युद्ध की घोषणा न कर दे या सैन्य बल के इस्तेमाल को अधिकृत न कर दे। सदन के जिन चार रिपब्लिकन सदस्यों ने युद्ध शक्तियों वाले प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, उनमें मिशिगन के प्रतिनिधि टॉम बैरेट, ओहियो के वॉरेन डेविडसन, पेंसिल्वेनिया के ब्रायन फिट्जपैट्रिक और केंटकी के थॉमस मैसी शामिल थे। उन्होंने चेतावनी दी कि ट्रम्प बिना किसी साफ रणनीति के देश को एक लंबे संघर्ष में घसीट सकते हैं। साथ ही उन्होंने 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों की शुरुआत के बाद से गैसोलीन, खाने-पीने की चीजों और दूसरे उत्पादों की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। इस प्रस्ताव का पारित होना इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह व्हाइट हाउस पर ईरान युद्ध को समाप्त करने का दबाव बढ़ाता है, क्योंकि पेट्रोल की कीमतें आसमान छू रही हैं और युद्ध के प्रति जनता का विरोध भी बढ़ गया है। श्री ट्रम्प की युद्ध संबंधी शक्तियों पर लगाम लगाने का सदन का यह चौथा प्रयास था। सीनेट ने मई में इसी तरह का एक प्रस्ताव आगे बढ़ाया था, लेकिन अभी तक उस पर पूरी तरह से मतदान नहीं हुआ है। कांग्रेस में ट्रम्प के लिए यह एक और झटका था, भले ही सदन और सीनेट दोनों में उनकी पार्टी के पास मामूली बहुमत है। यह वोट इस प्रस्ताव को अपनाने के लिए था, जिसके तहत ट्रम्प को अमरीकी सेना को वापस बुलाना होगा या इस संघर्ष के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी। व्हाइट हाउस ने इस प्रस्ताव की अहमियत को खारिज करते हुए कहा है कि यह राष्ट्रपति की शक्तियों को सीमित करने का एक असंवैधानिक प्रयास है।

# मानसून ने केरल में दी दस्तक

## तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भीषण गर्मी से मिलेगी राहत

चेन्नई, वार्ता

**दक्षिण-पश्चिम** मानसून ने गुरुवार को केरल में दस्तक दी, केरल के कई हिस्सों में पिछली रात से भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि मानसून भारत में प्रवेश कर चुका है। जिससे पश्चिमी घाट व तमिलनाडु के सीमावर्ती जिलों में भारी बारिश होने तथा भीषण गर्मी के प्रकोप से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व अरब सागर के शेष हिस्सों, मध्य-पश्चिम और मध्य- पूर्व अरब सागर के कुछ हिस्सों, पूरे लक्षद्वीप द्वीप समूह, केरल और माहे में आगे बढ़ गया है। इसके साथ ही मानसून गुरुवार को कर्नाटक और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और दक्षिण-पश्चिम, मध्य- पश्चिम, मध्य-पूर्व एवं उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों में भी आगे बढ़ चुका है। अगले दो-तीन दिनों के दौरान मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, पूरे गोवा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी, मध्य-पश्चिम, मध्य-पूर्व और उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां बिल्कुल अनुकूल हैं।

## दिल्ली में आंधी व तेज बारिश से लोगों को मिली गर्मी से राहत



**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई हिस्सों में गुरुवार दोपहर को हुई बारिश से पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिली है।

राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में दिन में तेज आंधी के बाद बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, गुरुवार दोपहर 2:30 बजे तक मयूर विहार स्टेशन पर सबसे अधिक 23 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 'मध्यम बारिश' की श्रेणी में आती है। आयानगर, पुष्प विहार, पालम और प्रगति मैदान में भी हल्की बारिश दर्ज की गई, जहां सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच क्रमशः 14.2, 10.5, 5.8 मिमी और 3.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने शाम तक मध्य दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, उत्तर पूर्वी दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, शाहदरा, दक्षिणी दिल्ली, दक्षिण पूर्वी दिल्ली, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली सहित दिल्ली के सभी जिलों में 'रेड अलर्ट' जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### मैं भगोड़ा नहीं, दुनिया घूम रहा हूं: ललित मोदी

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने कहा कि मेरे लिए भगोड़े शब्द का इस्तेमाल मीडिया की तरफ से किया गया। मेरे खिलाफ आज तक कोई केस नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं बिल्कुल भी नहीं भाग रहा हूं। मैं पूरी दुनिया में घूम रहा हूं। अगर मैं भाग रहा होता, तो आप मुझे कहीं न कहीं पकड़ ही लेते। भारत सरकार की पहुंच बहुत लंबी है। आप भारत सरकार से पंगा नहीं ले सकते। और मेरा ऐसा कोई इरादा भी नहीं है।

### दिल्ली होटल आग: मालिक चार दिन की पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लोरिश होटल में लगी आग मामले में मालिक लवकेश बजाज को 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। बजाज को पुलिस ने दिल्ली कोर्ट में पेश किया था। वहीं, बजाज ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, आग लगने के दौरान बजाज अपनी कार से जलती हुई इमारत के पास से गुजरा, लेकिन लोगों की मदद करने के बजाय वहां से निकल गया। उसने बताया कि वह डर के कारण मौके से भाग गया था। उसने यह भी स्वीकार किया कि उसने न तो किसी की मदद की और इसके बजाय वह शहर में इधर-उधर घूमता रहा।

### मालवीय नगर हादसा मृतक आश्रितों को 10-10 लाख मदद

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। श्रीमती रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मालवीय नगर भीषण अग्निकांड के बाद साकेत स्थित मैक्स अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।

# कुछ पद सिर्फ कम शिक्षितों के लिए: सुप्रीम कोर्ट

## बड़ी डिग्री छुपाकर नौकरी हासिल करना गलत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: यह असली हकदार से रोजगार छीनने जैसा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि कम शैक्षणिक योग्यता के लिए आरक्षित नौकरी के लिए अपनी शिक्षा छुपाना पद के असली हकदार से रोजगार छीनना है।

इसलिए उच्च योग्यता छिपाकर ली गई नौकरी कानूनन अमान्य होगी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने मद्रास हाई कोर्ट के 2025 के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कोर्ट ने सिंडिकेट बैंक के अटेंडेंट की नौकरी पाने के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री छुपाने वाले एक व्यक्ति के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कम पढ़े-लिखे लोग कम योग्यता वाली नौकरियों में ज्यादा पढ़े-लिखे लोगों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। ऐसे में सरकार का कुछ पदों को कम पढ़े-लिखे लोगों के लिए सुरक्षित रखना पूरी तरह सही है। कोर्ट ने 2025 के एक पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा कि सार्वजनिक रोजगार सभी योग्य उम्मीदवारों को तय नियमों के तहत ही मिलना चाहिए। सिर्फ इसलिए कि कोई उम्मीदवार तय सीमा से अधिक पढ़ा-लिखा है, उसे उस कम योग्यता वाले पद पर नियुक्ति का कोई स्वतः अधिकार नहीं मिल जाता।

## WFI को लगा सुप्रीम झटका



डब्ल्यूएफआई के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों को हटाने की मांग की थी।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और अरविंद कुमार की पीठ ने कहा कि डब्ल्यूएफआई द्वारा दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिका अब बेमानी हो गई है, क्योंकि विनेश फोगाट ने आखिरकार 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद चयन ट्रायल में हिस्सा ले लिया था। पीठ ने डब्ल्यूएफआई के खिलाफ हाईकोर्ट की टिप्पणियों को हटाने से इन्कार करते हुए साफ किया कि विशेष अनुमति याचिका ) के निपटारे को सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन निष्कर्षों का समर्थन नहीं माना जाना चाहिए।

## चीन से हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल हर्बीसाइड के आयात पर रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कृषि रसायनों और जनसुरक्षा से जुड़े मामलों में नियामकीय मानकों के कड़ाई से पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए दिल्ली स्थित कंपनी सीसीपीएल को हर्बीसाइड हैलोसल्फ्यूरॉन मिथाइल के आयात और निर्माण के लिए दिया गया पंजीकरण रद्द कर दिया है।

## मोदी शासन में शिक्षा व्यवस्था हुई बर्बाद: राहुल गांधी

■ कहा: नीट छात्रा आकांक्षा की मौत इसी विफलता का परिणाम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट परीक्षा गड़बड़ी के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है।

श्री गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी। उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई।

## सीबीएसई चेयरमैन का ट्रांसफर सिर्फ दिखावा: सीजेपी

**नई दिल्ली।** काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने दिल्ली में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस की। पार्टी की तरफ से तीन प्रवक्ता पहली बार अपनी मांगों को लेकर जनता के बीच आए। उन्होंने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को दोहराया और कहा इसके लिए वे सरकार और विपक्ष दोनों से बातचीत को तैयार हैं। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता के तबादले को सिर्फ दिखावा बताया। शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होनी चाहिए।

# पीएम मोदी से मिलीं सिटी बैंक की अध्यक्ष व सीईओ

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पीएम से जेन फ्रेजर ने भारत के विकास की प्राथमिकताओं व सहयोग के अवसरों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के प्रसिद्ध बैंकिंग संस्थान सिटी बैंक के संचालक मंडल की प्रमुख और मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) जेन फ्रेजर ने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत के आर्थिक विकास में सहयोग देने की अपनी कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

सिटी अगले वर्ष भारत में अपने परिचालन के 125 साल पूरे करने जा रहा है। सिटी बैंक की ओर से गुरुवार को हुई इस मुलाकात पर जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री के साथ सिटी की सीईओ की बुधवार को हुई बातचीत में देश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने, विदेशों में भारतीय कंपनियों को बढ़ावा देने और वैकल्पिक ऊर्जा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्रों में अवसरों की तलाश करने जैसे विषय शामिल थे।




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन बारिश-आंधी के आसार, लौटेगी लू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदला हुआ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार चार से छह जून के बीच प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश और बौछारें पड़ सकती हैं। इस दौरान तेज हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। मौसम केंद्र, लखनऊ द्वारा गुरुवार को जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार 4, 5 और 6 जून को पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर वर्षा और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। हालांकि 7 जून से मौसम फिर शुष्क होने लगेगा और 10 जून तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश की संभावना नहीं है। विभाग ने चार जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की है।

### शिक्षा क्षेत्र में पंजाब बना देश में नंबर वन: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भगवंत मान सरकार की तारीफ करते हुए कहा है कि महज चार साल में ही शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब को नंबर वन बना दिया। केजरीवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा में कभी 27वें स्थान पर रहा पंजाब आज पहले स्थान पर पहुंच गया है। यह सर्वे केंद्र सरकार के नीति आयोग का है, जिसके अनुसार, पंजाब ने केरल को भी पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली में शिक्षा क्रांति के बाद अब पंजाब के सरकारी स्कूलों में भी ऐतिहासिक बदलाव हो रहा है।

# अर्थव्यवस्था की स्थिति से घबराई मोदी सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्त निवेश, कमजोर मांग और निजी क्षेत्र की निवेश में घटती रुचि जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है और सरकार इन समस्याओं के समाधान के ठोस उपाय करने की बजाय विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की तैयारी में है। पार्टी का कहना है कि यह कदम अर्थव्यवस्था की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता इसलिए सरकार को आर्थिक स्थिति को लेकर घबराहट में कदम उठाने के बजाय ठोस उपाय करने की दिशा में पहल कर दीर्घकालिक उपाय करने चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि एक समाचार चैनल की रिपोर्ट के अनुसार सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगने वाले 12.5 प्रतिशत दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स) को समाप्त करने के लिए सरकार आयकर अधिनियम में संशोधन संबंधी अध्यादेश लाने की योजना बना रही है। यह कर दर जुलाई 2024 के केंद्रीय बजट में निर्धारित की गई थी। उन्होंने कहा कि वास्तविक समस्या यह है कि देश में निजी कॉरपोरेट निवेश बेहद कमजोर बना हुआ है। जिन कंपनियों को भारत में निवेश करना चाहिए, वे या तो विदेशों में निवेश कर रही हैं अथवा घरेलू निवेश को टाल रही हैं। उनका दावा है कि कॉरपोरेट मुनाफा रिकॉर्ड स्तर पर होने के बावजूद जीडीपी में निजी कॉरपोरेट निवेश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय गिरावट आई है। रमेश ने कहा कि अध्यादेश जैसे तात्कालिक कदम केवल सुर्खियां बटोर सकते हैं, लेकिन निजी निवेश में गिरावट के संरचनात्मक कारणों का समाधान नहीं कर सकते। वास्तविक मजदूरी में ठहराव, आय एवं संपत्ति की बढ़ती असमानता, आर्थिक शक्ति के बढ़ते केंद्रीकरण तथा जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग से बने भय के माहौल को उन्होंने इसके प्रमुख कारण बताया।



■ एफपीआई को राहत देने के लिए आयकर कानून में संशोधन अध्यादेश लाने की तैयारी जारी: कांग्रेस

# पर्यटन को सांस्कृतिक पुनर्जागरण और रोजगार से जोड़ें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उप्र केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। इसलिए पर्यटन विकास को केवल आधारभूत ढांचे तक सीमित न रखकर उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान और सेवा क्षेत्र को व्यापक अवसर मिलेंगे। बैठक में भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े 'ज्ञान भारत मिशन' की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियां भारत की सभ्यता, दर्शन और वैज्ञानिक परंपरा की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण और डिजिटलीकरण से नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 13.70 लाख से अधिक पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण किया जा चुका है। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने निवेश और अनुभव आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट और बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट विकसित करने के साथ-साथ 'परंपरा' विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन और वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को प्रोत्साहित करने पर विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव-लोकार्पित नौसेना शौर्य वाटिका और निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सैन्य गौरव की भावना को मजबूत करेंगी। वहीं आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय में उनके जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा प्रवास और सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। नैमिषारण्य के विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इसे वैदिक ज्ञान, योग, आयुर्वेद और वेलनेस का वैश्विक केंद्र बनाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन स्थापित किया जाए। मास्टर प्लान के तहत वेद विज्ञान केंद्र, वैदिक थीम पार्क, रिवरफ्रंट, तीर्थयात्री आवास और इंटरप्रिटेशन सेंटर विकसित किए जाएंगे। मिर्जापुर-विंध्याचल क्षेत्र के लिए तैयार हो रहे मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने त्रिकोण परिक्रमा क्षेत्र के समग्र विकास पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि शक्तिपीठों के निकट माता सती की पौराणिक कथा का आकर्षक और प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया जाए।



■ उप्र भारत की सांस्कृतिक चेतना आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान-विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश: मुख्यमंत्री

## प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ाई गई

# दिल्ली में अग्निकांड के बाद यूपी में अलर्ट जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ/वाराणसी।** दिल्ली में हुए भीषण अग्निकांड के बाद उप्र सरकार ने प्रदेश भर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस, अग्निशमन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच और सुरक्षा ऑडिट के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश की सभी हाईराइज इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, सरकारी और निजी कार्यालयों, होटल, मॉल तथा अन्य सार्वजनिक भवनों की सघन जांच कराई जाए। जहां भी अग्निशमन मानकों में कमी पाई जाए, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने विशेष रूप से सभी होटलों की विस्तृत जांच कराने और उनकी फायर सेफ्टी ऑडिट रिपोर्ट तलब करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अग्निकांड जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा आपातकालीन निकास, अग्निशमन उपकरणों और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की कार्यशीलता की भी जांच की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रहे। अधिकारियों का कहना है कि समय रहते सुरक्षा उपायों को मजबूत कर जनहानि और संपत्ति के नुकसान की संभावनाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में फायर सेफ्टी को लेकर विशेष अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है। वहीं दिल्ली के एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद वाराणसी में गुरुवार को अग्निशमन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत के नेतृत्व में अग्निशमन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने शहर के होटलों, लॉजों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कैंटोनमेंट क्षेत्र और रेलवे स्टेशन के सामने स्थित परेड कोठी इलाके के कई बड़े व छोटे होटलों का निरीक्षण किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आनंद सिंह राजपूत ने कहा कि अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन सभी प्रतिष्ठानों के लिए अनिवार्य है।



■ मुख्यमंत्री ने पुलिस, अग्निशमन विभाग अन्य संबंधित विभागों को व्यापक जांच के निर्देश दिए

### लापरवाही बन सकती है हादसे का सबब

थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए होटल संचालकों को चाहिए कि वे अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से अग्निशमन और आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने होटल प्रबंधन व कर्मचारियों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही बेसमेंट व अन्य स्थानों पर जमा ज्वलनशील कूड़ा-कचरा और कबाड़ को तुरंत हटाने के निर्देश दिए, ताकि आग लगने की स्थिति में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# यूपी पुलिस में 206 पीपीएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा बदलाव करते हुए प्रांतीय पुलिस सेवा (पीपीएस) के 206 अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी गई है।

तबादला सूची में लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, अयोध्या, झांसी, बरेली और नोएडा सहित प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जिलों एवं पुलिस कमिश्नरेटों के अधिकारियों के नाम शामिल हैं। इस प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई अधिकारियों को जिला पुलिस से कमिश्नरेट प्रणाली में स्थानांतरित किया गया है, जबकि कुछ अधिकारियों को पीएसी, सीआईडी, रेलवे पुलिस और अन्य विशेष सुरक्षा इकाइयों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सरकार के आदेश के अनुसार विभिन्न जनपदों में तैनात क्षेत्राधिकारियों (सीओ) और पुलिस उपाधीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी व्यापक बदलाव किया गया है। कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के साथ संवेदनशील और महत्वपूर्ण तैनाती दी गई है।

■ डिप्टी एसपी स्तर के अधिकारियों को विभिन्न जिलों, कमिश्नरेटों, पीएसी बटालियनों तथा विशेष इकाइयों में नई तैनाती दी

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74360.01 | |
| निफ्टी | 23416.55 | |
| सोना | 156000 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 259000 | प्रति किलो |

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लिवाली लौट आई, हालांकि आईटी कंपनियों के दबाव में प्रमुख सूचकांक दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद हल्की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.84 अंक (0.02 प्रतिशत) की तेजी में 74,360.01 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 10.95 अंक यानी 0,05 प्रतिशत ऊपर 23,416.55 अंक पर पहुंच गया। प्रमुख सूचकांकों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया। दिनभर ए कभी लाल तो कभी हरे निशान में रहे। इस दौरान सेंसेक्स नीचे 73,807.30 अंक तक और ऊपर 74,544.24 अंक तक गया। वृहत बाजार में शुरू से ही अच्छी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.49 प्रतिशत टूट गया। धातु, आईटी और रसायन सेक्टरों की कंपनियों में निवेशक बिकवाल रहे। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों के सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक चढ़े। बैंकिंग, वित्त, फार्मा, स्वास्थ्य, ऑटो और एफएमसीजी समूहों में भी तेजी देखी गई। एनएसई में जिन 3,396 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,815 के शेयर बढ़त में रहे और 1,471 के फिसल गए। अन्य 110 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में रहे। टाइटन में सबसे अधिक 3.43 प्रतिशत की तेजी रही। इटरनल का शेयर 2.91 प्रतिशत, आईटीसी का 1.21 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का 0.95 प्रतिशत चढ़ा। भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बीईएल और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। इंफोसिस का शेयर 1.76 फीसदी टूट गया। बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत और अल्ट्राटेक सीमेंट में 0.96 प्रतिशत की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर, टाटा स्टील, सन फार्मा, एलएंडटी, भारती एयरटेल और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में रहे।



### सोना 545 बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 2,432 गिरकर 2.59 लाख पर आई

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में 4 जून को बढ़त है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम आज 545 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये हो गया है। हालांकि चांदी के दाम में आज गिरावट है। 1 किलो चांदी की कीमत 2,432 रुपये कम होकर 2.59 लाख रुपये पर आ गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी रही है। सोना 2026 में अब तक 23 हजार रुपये और चांदी 29 हजार रुपये महंगी हुई है। 31 दिसम्बर 2025 को 10ह सोना 1.33 लाख रुपये पर था, जो अब 1.56 लाख रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपये किलो थी, जो अब 2.59 लाख रुपये पर पहुंच गई है।

# गेहूं मजबूत, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल का औसत भाव लगभग स्थिर रहा। चावल के साथ चीनी की कीमत भी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही टिकी रही। गेहूं में तेजी देखी गई, जबकि दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। गेहूं तीन रुपये महंगा हुआ और 2,785 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी दो रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल 10 रुपये और मूंग दाल पांच रुपये महंगी हो गई। चना दाल और तुअर दाल के भाव में टिकाव रहा। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 75 रिंगिट गिरकर 4,602 रिंगिट प्रति टन बोला गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.36 प्रतिशत की गिरावट में 78.43 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल नौ रुपये और सरसों तेल आठ रुपये सस्ता हुआ। पाम ऑयल 18 रुपये और वनस्पति सात रुपये महंगा हुआ। मूंगफली तेल में चार रुपये प्रति क्विंटल का टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7723.67 रुपये, मसूर काली 8121.59 रुपये, मूंग दाल 10168.63 रुपये, उड़द दाल 10846.19 रुपये, तुअर दाल 11268.79 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: गेहूं दड़ा 2784.68 रुपये और चावल 3857.22 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3259.77 रुपये प्रति क्विंटल रहा।



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# महिलाओं, बच्चों के पोषण में विफल सरकार छिपा रही है आंकड़े: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्र सरकार पर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के मुद्दों पर विफल रहने का आरोप लगाया।

खड़गे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि देश में प्रत्येक पांच में से एक बच्चा तीव्र कुपोषण का शिकार है। एक-तिहाई बच्चे कम वजन के हैं, छह से 23 माह आयु वर्ग के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है तथा 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। उनका आरोप है कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपा रही है। उन्होंने कहा कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने भारतीय जनता पार्टी की अक्षमता को बेनकाब कर दिया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि सरकार चुनिंदा आंकड़ों को दबाने, कमजोर वर्गों की उपेक्षा करने, प्रचार के माध्यम से सकारात्मक छवि पेश करने, वास्तविक स्थिति से ध्यान भटकाने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि बचाने की रणनीति अपनाते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार को जवाबदेह होना चाहिए और सभी आंकड़े सार्वजनिक कर वास्तविक स्थिति सामने रखनी चाहिए।



### अर्थव्यवस्था पर दहशत फैला रहे हैं राहुल: भाजपा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा आर्थिक संकट को लेकर दी गई चेतावनी के एक दिन बाद भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने गुरुवार को तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष के नेता पर अर्थव्यवस्था के संबंध में 'दहशत' फैलाने का आरोप लगाया। पूनावाला ने गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ष्एलओपी का मतलब 'लीडर ऑफ प्रोपेगैंडा' (प्रचार का नेता) है, न कि 'लीडर ऑफ अपोजिशन' (विपक्ष का नेता)। वह अर्थव्यवस्था और लोकतांत्रिक संस्थाओं के बारे में उन दावों के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे थे, जो बेबुनियाद हैं। पूनावाला ने आपातकाल जैसी स्थिति की संभावना पर गांधी की टिप्पणियों का जक्रि करते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास खुद आपातकाल से जुड़ा रहा है और लोकतांत्रिक मूल्यों पर दूसरों को उपदेश देने की उनकी विश्वसनीयता बहुत कम है।

# एक पेड़ मां के नाम: पर्यावरण दिवस पर यूपी में पांच करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

■ ■ विश्व पर्यावरण दिवस पर कुकरैल में होगा वृहद पौधरोपण, मुख्यमंत्री योगी करेंगे शुभारंभ

**मुहम्मद जान तुर्की**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं।

पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

### मंडल वार पौधारोपण का लक्ष्य किया निर्धारित

**लखनऊ।** सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सभी मंडलों का अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित कर दिया है जिसके तहत मंडल के प्रत्येक जनपद में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधे लगाए जाएंगे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लखनऊ मंडल में 62 लाख, बरेली में 32.21 लाख व प्रयागराज में लगेंगे 32.17 लाख पौधे लगेंगे। मेरठ मण्डल में 19,06,000, सहारनपुर मण्डल में 14,86,000, आगरामण्डल में 24,67,000, अलीगढ़ मण्डल में 18,97,000 मुरादाबाद मण्डल में 27,60,000, बरेली मण्डल में 32,21,000, प्रयागराज मण्डल में 32,17,000, वाराणसी मण्डल में 24,83,000, मीरजापुर मण्डल में 28,63,000, गोरखपुर मण्डल में 24,75,000, बस्ती मण्डल में 16,01,000, आजमगढ़ मण्डल में 18,93,000, लखनऊ मण्डल में 62,77,000, अयोध्या मण्डल में 30,41,000, देवीपाटन मण्डल में 29,34,000, कानपुर मण्डल में 31,83,000 झांसी मण्डल में 31,67,000, चित्रकूट मण्डल में 31,29,000 लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके साथ-साथ विभागों को ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिसके अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग- 3 करोड़ कृषि विभाग- 75 लाख वन विभाग- 50 लाख उद्यान विभाग- 50 लाख पंचायती राज विभाग- 20 लाख नगर विकास- 5 लाख लक्ष्य है, जबकि कुल 5 करोड़ पौधे इस अभियान के अंतर्गत लगाए जाएंगे।

### ईंधन अधिभार वसूली को लेकर पावर कॉरपोरेशन कर रहा नियमों का उल्लंघन

**लखनऊ।** उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने यूपी पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड पर विद्युत नियामक आयोग के आदेशों की अवहेलना करने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। परिषद ने इस संबंध में उप्र विद्युत नियामक आयोग में विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 142 और 146 के तहत अवमानना एवं विधिक कार्रवाई का प्रस्ताव दायर किया है। परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया कि आयोग द्वारा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) की प्रस्तावित वसूली को नियमों के विपरीत करार दिए जाने के बावजूद पावर कॉरपोरेशन ने कथित रूप से बिलिंग सॉफ्टवेयर में बदलाव कर उपभोक्ताओं से यह राशि वसूलनी शुरू कर दी है।

# नबी करीम में एलपीजी रेगुलेटर खोलते ही धमाका, चार लोग झुलसे

**भीषण हादसा एक छोटी सी खाने की दुकान में हुआ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नबी करीम स्थित अमरपुरी इलाके में आज को एक दुखद हादसा हुआ। एक एलपीजी सिलिंडर फटने से आग तेजी से भड़क उठी, जिसमें एक महिला समेत चार लोग झुलस गए। यह भीषण हादसा एक छोटी सी खाने की दुकान में हुआ।

यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना एलपीजी रेगुलेटर खोलते समय हुई। रेगुलेटर खोलते ही आग भड़की और इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में सिलिंडर फट गया। विस्फोट की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी सहम गए। सूचना मिलते ही पुलिस नियंत्रण कक्ष और कैट्स एम्बुलेंस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने बिना किसी देरी के सभी चार घायलों को आरएमएल अस्पताल पहुंचाया।

अग्निशमन विभाग की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही यह प्रारंभिक बचाव कार्य पूरा कर लिया गया था। अस्पताल में डॉ. श्रुति की देखरेख में घायलों का आवश्यक इलाज जारी है। अग्निकांड में झुलसे लोगों में 35 वर्षीय सरिता शामिल हैं, जो शरीर के 50 फीसदी हिस्से तक जल गई हैं। 19 वर्षीय अजय को भी गंभीर चोटें आई हैं, वह 40 फीसदी झुलस गए हैं। 35 वर्षीय जाकिर को 30 फीसदी जलने की चोटें आई हैं। वहीं, 37 वर्षीय किशन भी 40 फीसदी झुलस गए हैं। चिकित्सकों के अनुसार, सभी घायलों की हालत फिलहाल बेहद गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही त्वरित प्रतिक्रिया दी। नबी करीम थाने के उपनिरीक्षक नीरज ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच शुरू की है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आग लगने का सटीक कारण क्या था। साथ ही, दुकान में सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है। इस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

## मैक्स अस्पताल में 15 मरीज भर्ती, 13 विदेशी नागरिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साकेत स्थित मैक्स अस्पताल ने बताया कि हौज रानी क्षेत्र के एक होटल में लगी आग में घायल 15 मरीज भर्ती हैं। इन सभी का उपचार चल रहा है और इनमें से 13 मरीज विदेशी नागरिक हैं। अस्पताल के बयान के अनुसार, छह मरीज वेंटिलेटर पर हैं। इन सभी मरीजों की हालत स्थिर बनी हुई है। उनमें सुधार के स्पष्ट लक्षण भी दिख रहे हैं। नौ मरीज गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) और वार्ड में भर्ती हैं। अस्पताल ने पुष्टि की कि भर्ती सभी मरीजों की कुल मिलाकर स्थिति स्थिर बनी हुई है। एक मरीज को आज ही अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। अस्पताल ने यह भी बताया कि वर्तमान में कोई भी मरीज अत्यधिक गंभीर नहीं है। हालांकि, मरीजों में चोटों की प्रकृति और गंभीरता अलग-अलग है। डॉक्टरों की टीम लगातार मरीजों की निगरानी कर रही है।अस्पताल के डॉक्टर मंगलवार, 2 जून को रीढ़ की हड्डी की सर्जरी कराने वाले एक मरीज की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। मैक्स अस्पताल सभी भर्ती मरीजों को व्यापक उपचार प्रदान कर रहा है। उनकी स्वास्थ्य स्थिति की नियमित निगरानी भी की जा रही है। अस्पताल प्रबंधन मरीजों की देखभाल के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दक्षिण दिल्ली के हौज रानी क्षेत्र में स्थित फ्लोरिश स्टे बी एंड बी में बुधवार, 3 जून की सुबह भीषण आग लग गई थी। इस भीषण अग्निकांड में कुल 21 लोगों की दुखद मौत हो गई थी। मरने वालों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल थे।

# अवैध पार्किंग के खिलाफ संयुक्त अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में ट्रैफिक की समस्या और सड़क किनारे लगने वाली भीड़ को कम करने के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर एक बड़ा अभियान शुरू किया है। गुरुवार से राजधानी के चुने हुए मल्टी-लेवल पार्किंग स्थानों के आस-पास यह जागरूकता और सख्ती वाला अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मकसद लोगों को जिम्मेदारी से पार्किंग करने की आदत डालना है, ताकि सड़कें साफ और ट्रैफिक सुगम बने।

अभियान का मकसद गाड़ी चलाने वालों को यह समझाना है कि वे सड़कों, सर्विस लेन, फुटपाथ, कैरिजवे, नो-पार्किंग जोन और दूसरी सार्वजनिक जगहों पर जहां-तहां गाड़ियां खड़ी करने के बजाय तय पार्किंग जगहों का इस्तेमाल करें। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मकसद मौजूदा पार्किंग सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल सुनिश्चित करना है, साथ ही व्यस्त कमर्शियल और रिहायशी इलाकों में ट्रैफिक की आवाजाही को भी सुचारू बनाए रखना है।

यह मुहिम शुरू में दिल्ली भर में पहचानी गई छह मल्टी-लेवल पार्किंग जगहों, स्पार्क मॉल (कमला नगर), एम-ब्लॉक मार्केट (ग्रेटर कैलाश-आई), हौज खास, कुतुब रोड, निजामुद्दीन बस्ती और परेड ग्राउंड पर केंद्रित होगी। अधिकारियों के मुताबिक, इन जगहों पर पार्किंग की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। हालांकि यह देखा गया है कि कई लोग अभी आसपास के उन इलाकों में अपनी गाड़ियां खड़ी करते हैं, जहां इसकी इजाजत नहीं है। इनमें सड़कों के किनारे, बाजार के प्रवेश द्वार, फुटपाथ और दूसरे प्रतिबंधित जोन शामिल हैं। इस तरह के उल्लंघन अक्सर पैदल चलने वालों, आपातकालीन वाहनों और ट्रैफिक की सुचारू आवाजाही में रुकावट डालते हैं।

इस अभियान के तहत दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और एमसीडी के कर्मचारी मिलकर पार्किंग व्यवस्था को नियंत्रित करेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने को लेकर मुख्यमंत्री ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित कांवड़ समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। तैयारियों की समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कांवड़ समितियों के पंजीकरण की प्रक्रिया समय से शुरू की जाए। इसके लिए 1 जुलाई से पंजीकरण शुरू करने की दिशा में सभी तैयारियां पूरी कर ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरानी समितियों को आवश्यक दस्तावेजों और वार्षिक ऑडिट संबंधी औपचारिकताओं की जानकारी समय रहते उपलब्ध कराई जाए ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई न आए।

बैठक में कला एवं संस्कृति मंत्री और कांवड़ समिति के अध्यक्ष कपिल मिश्रा, समिति के सदस्य विधायक अजय महावर, अनिल वाजपेयी, करतार सिंह तंवर, संजय गोयल और उमंग बजाज सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में राजस्व विभाग, दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, दिल्ली नगर निगम, दिल्ली अग्निशमन सेवा, दिल्ली जल बोर्ड, डूसिब और अन्य संबंधित विभागों ने अपनी तैयारियों की जानकारियां पेश कीं। राजस्व विभाग ने बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष जानकारी दी कि पिछले वर्ष दिल्ली में 308 कांवड़ शिविरों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया था। पिछले वर्ष पहली बार कांवड़ समितियों को अनुदान राशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर करने और सिंगल विंडो व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया था। समिति के सदस्यों एवं जनप्रति. निधियों ने बताया कि इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी, अधिकांश समस्याओं का समाधान हुआ और कांवड़ समितियों ने इस पहल की सराहना की।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कांवड़ यात्रा-2026 की तैयारियों को लेकर आयोजित कांवड़ समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

## एक नजर

### इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 3.8 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने शारजाह से आए एक विमान से करीब 3.8 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। इस मामले में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार भी किया गया है। अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी दी। यह कार्रवाई एक खास खुफिया जानकारी के आधार पर की गई। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने उस यात्री को रोका। वह यात्री 1 जून को शारजाह से दिल्ली पहुंचा था। संदिग्ध सोने का पता लगाने के लिए विमान के अंदर एक विस्तृत तलाशी अभियान चलाया गया। पूरी तलाशी के दौरान, अधिकारियों को दो काले रंग के पाउच मिले। इनका वजन लगभग 3,550 ग्राम था। ये पाउच यात्री की सीट के ठीक आगे वाली सीट के नीचे सावधानी से छिपाए गए थे। जब्त की गई सामग्री को निकालने के बाद उसे शुद्ध किया गया। शुद्धिकरण के बाद कुल 2,755 ग्राम सोना बरामद हुआ। यह सोना पेस्ट के रूप में छिपाया गया था। बरामद सोने का मूल्यांकन 3,80,48,523 रुपये की टैरिफ कीमत पर किया गया है। यह बड़ी मात्रा में तस्करी का प्रयास था।

### एनडीएमसी का सुविधा शिविर 6 जून को

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगर पालिका परिषद की ओर से 6 जून को सुविधा शिविर का आयोजन किया जाएगा। एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर में सुबह साढ़े दस बजे से लेकर साढ़े बारह बजे तक चलने वाले इस शिविर के दौरान एनडीएमसी क्षेत्र में रहने वाले, एनडीएमसी की सेवाओं का उपयोग करने वाले, आरडब्ल्यूए, मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन और परिषद के कर्मचारी भी अपनी समस्याएं रख सकते हैं। शिविर में एनडीएमसी के लगभग 30 विभागों की ओर से सहायता डेस्क लगाई जाएगी। शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे।

### नाला निर्माण व अतिक्रमण हटाने पर जोर: सत्या शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने गुरुवार को शाहदरा नॉर्थ जोन के कर्दमपुरी वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्या शर्मा ने वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था और समयबद्ध सफाई कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नियमित, प्रभावी और उच्च मानकों के अनुरूप सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

इस दौरान स्थायी समिति की अध्यक्ष ने पंडित राम नारायण वशिष्ठ मार्ग स्थित नाला संख्या-52 का भी निरीक्षण किया। नाले की स्थिति का जायजा लेने के बाद उन्होंने जोनल उपायुक्त को इसके पुनर्निर्माण हेतु विस्तृत लागत अनुमान शीघ्र तैयार कर कार्य प्रारंभ करने को कहा। साथ ही वार्ड की गलियों में स्थित छोटे नालों का निर्माण मानसून से पूर्व पूरा करने पर विशेष जोर दिया, ताकि जलभराव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने स्थानीय पार्षद को आश्वस्त किया कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### वसंत कुंज-महरौली मार्ग विवाद पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने वसंत कुंज-महरौली क्षेत्र में भूमि उपयोग और मार्ग के इस्तेमाल से जुड़े मामले में महत्वपूर्ण टिप्पणियां करते हुए संबंधित पक्षों से अतिरिक्त जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने एसडीएम, महरौली द्वारा दाखिल शपथपत्र पर विचार किया, जिसमें विवादित क्षेत्र में भूमि की स्थिति और मार्ग उपयोग से संबंधित सरकारी रुख स्पष्ट किया है। अदालत ने एसडीएम के इस पक्ष को रिकॉर्ड पर लेते हुए आरएमसी प्लांट कंपनी को चार सप्ताह के अंदर अतिरिक्त जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता को छह सप्ताह के अंदर अपना उत्तर दाखिल करने की अनुमति भी दी गई। शपथपत्र में कहा गया कि राजोकरी गांव के संबंधित खसरों से चर्च मॉल रोड, महरौली तक कोई आधिकारिक सार्वजनिक सड़क मौजूद नहीं है। मौजूदा समय में वाहन वन और रिज क्षेत्र से होकर गुजरने वाले एक कच्चे रास्ते का उपयोग कर रहे हैं।

## डीयू पीजी दाखिले की अंतिम तिथि 7 जून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्लीविवि ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए परास्नातक (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को समय रहते आवे. दन करने की सलाह देते हुए स्पष्ट किया है कि सीएसएएस (पीजी)-2026 पोर्टल पर आवे. दन की अंतिम तिथि 7 जून है। यह प्रक्रिया नियमित पाठ्यक्रमों के साथ-साथ नॉन कॉलेजिएट वूमेन एजुकेशन बोर्ड (एनसीवेब) के लिए भी लागू होगी।

अभ्यर्थी दिल्ली विवि पीजी प्रवेश पोर्टल @pgadmission.uod.ac.in से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# शास्त्री नगर में महिलाओं ने बनवाए पिंक कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में महिलाओं को बस में निशुल्क यात्रा के लिए दिल्ली सरकार की मुखिया रेखा गुप्ता द्वारा घोषित पिंक कार्ड बनवाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है।

दिल्ली की महिलाओं को पिंक कार्ड बनवाने दूरदराज ना जाने पडे, इसके लिए शास्त्री नगर वार्ड के लोकप्रिय जनसेवक मनोज कुमार जिंदल ने माता सरोज जिंदल चेरिटेबल ट्रस्ट के कार्यालय में दो दिन का पिंक कार्ड वितरण केन्द्र का आयोजन किया।

दिल्ली परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में करीब 956 महिलाओं ने पिंक कार्ड बनवाए।



पार्षद मनोज कुमार जिंदल ने बताया, कि क्षेत्र की जनता के लिए मात्र 5 रुपए में भरपेट खाने की रसोई काफी वर्षों से कार्यरत हैं, जिसकी गुणवत्ता की जांच के लिए वे स्वयं इसी कैंटीन से लेकर भोजन करते हैं।

# शादी के कार्ड से खुला फर्जीवाड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में अनुसचिव बताकर लोगों पर रौब गांठने वाले एक शख्स का पर्दाफाश हो गया। दिलचस्प यह है कि उसके फर्जीवाड़े का खुलासा पीएमओ को मिले एक शादी के निमंत्रण पत्र से हुआ, जिसमें उसका नाम बतौर अधिकारी दर्ज था। सीबीआई ने उस पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, कुछ समय पहले पीएमओ को एक शादी का निमंत्रण पत्र मिला। यह कार्ड हिन्दू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती के संयुक्त आयुक्त वी. कुमारेशन के बेटे की शादी का था। कार्ड पर उनके रिश्तेदार के तौर पर थिरु पी. एलांगोवन का नाम और उसका पदनाम अनुसचिव, पीएमओ लिखा गया था। पीएमओ ने जांच की तो पता चला कि इस नाम का कोई शख्स पीएमओ में कार्यरत नहीं है। इस पर पीएमओ ने सीबीआई से शिकायत की। सीबीआई ने जनवरी में जांच शुरू की, जिसमें एलांगोवन के फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। सीबीआई ने मामले में एलांगोवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।अधिकारियों के अनुसार, जांच में पता चला कि एलांगोवन ने संयुक्त आयुक्त कुमारेशन से फोन पर बात की थी। इसमें उसने खुद को पीएमओ का अफसर बताकर परिचय दिया था। धीरे-धीरे वह उनसे बातचीत करने लगा और विश्वास दिला दिया कि वह वास्तव में पीएमओ में तैनात है।

## शिक्षा गुणवत्ता रिपोर्ट में पंजाब को पहला स्थान प्राप्त होने पर केजरीवाल ने जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नीति आयोग की जारी शिक्षा गुणवत्ता रिपोर्ट में पंजाब ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में पहला स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने खुशी जताई और इसे शिक्षा क्षेत्र में बड़ा बदलाव बताया।

केजरीवाल ने गुरुवार को एक्स पर वीडियो साझा करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों की शिक्षा के मामले में कभी 27वें स्थान पर रहने वाला पंजाब आज देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय तक आगे रहे केरल जैसे राज्य को भी पंजाब ने पीछे छोड़ दिया है।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में शिक्षा क्रांति लाने के बाद आम आदमी पार्टी ने पंजाब के सरकारी स्कूलों में भी व्यापक सुधार का संकल्प लिया था, जिसका सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार सभी बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग की शिक्षा गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार पंजाब ने स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में दिल्ली, महाराष्ट्र और केरल जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

# हादसे के बाद मुस्तैद नजर आता सिस्टम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पिछले पांच महीनों के भीतर आग लगने की तीन बड़ी घटनाओं में 40 लोगों की जान जा चुकी है।

वहीं इमारत गिरने की घटनाओं में छह लोगों की मौत हुई यानी 46 लोगों ने इस तरह की घटनाओं में जान गंवाई। हर हादसे के बाद सरकार, प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की ओर से एक तयशुदा प्रतिक्रिया सामने आती है-फायर ऑडिट होगा, दोषियों पर कार्रवाई होगी, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा होगी। वादे चलते रहते हैं, जांच चलती रहती है...फिर कोई नई त्रासदी यह सवाल छोड़ जाती है कि आखिर इन घोषणाओं का नतीजा कहां है? मार्च 2026 में पालम अग्निकांड में एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत हुई। सरकार ने व्यापक फायर ऑडिट और निरीक्षण अभियान की घोषणा की।

इसके बाद अग्नि सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताने वाली बैठकों का दौर चला। इसके कुछ ही सप्ताह बाद मई में विवेक विहार में आग लगी और नौ लोगों की जान चली गई। फिर वही बयान दोहराए गए। फायर ऑडिट, सख्त कार्रवाई और सुरक्षा समीक्षा के आश्वासन दिए गए। अब मालवीय नगर में 22 लोगों की मौत के बाद भी तस्वीर नहीं बदली है। एक बार फिर जांच, समीक्षा और कार्रवाई की बातें हो रही हैं। बड़ा सवाल यह है कि यदि पालम के बाद फायर ऑडिट हुआ था तो विवेक विहार कैसे हुआ? और यदि विवेक विहार के बाद व्यवस्था सचमुच चौकन्नी हुई थी तो मालवीय नगर में 22 लोगों की जान कैसे चली गई? सच यह है कि दिल्ली में हर अग्निकांड के बाद सरकारी बयान नहीं बदलते, सिर्फ मृतकों की संख्या बदल जाती है। हर बड़े हादसे के बाद सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला शब्द है- फायर ऑडिट। सरकार, उपराज्यपाल, मंत्री और अग्निशमन विभाग दावा करते हैं कि संवेदनशील इमारतों की जांच होगी। लेकिन आज तक शायद ही किसी एजेंसी ने सार्वजनिक रूप से बताया हो कि कितनी इमारतों का ऑडिट हुआ, कितनों में गंभीर खामियां मिलीं, कितनों की एनओसी रद्द हुई और कितनों पर कार्रवाई हुई। हर हादसे के बाद समीक्षा बैठकों का लंबा सिल. सिला शुरू हो जाता है।

उपराज्यपाल कार्यालय, गृह विभाग, दिल्ली अग्निशमन सेवा, एमसीडी और जिला प्रशासन चिंता जताते हैं। निर्देश जारी होते हैं। सख्त कार्रवाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीन पर हालात जस के तस रहते हैं। अवैध निर्माण जारी हैं।

# स्मार्ट व सस्टनेबल मोबिलिटी पर नेशनल सेमीनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व साइकिल दिवस 2026 के अवसर पर भारत की सबसे बड़ी पब्लिक बाइक शेयरिंग कंपनी स्मार्टबाइक ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली तथा वर्ल्ड साइक्लिंग एलायंस, ब्रुसेल्स के सहयोग से 3 जून 2026 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, एनेक्सी, नई दिल्ली में (स्मार्ट एंड सस्टनेबल मोबिलिटी थ्रु साइकिलिंग: ए पाथवे टू क्लीनर एयर एंड हेल्दीयर सीटिज) विषय पर एक नेशनल सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के निद. ेशक एवं पूर्व नागरिक उड्डयन सचिव के. एन. श्रीवास्तव





(आईएएस) रहे। उन्होंने सस्टेनेबल मोबिलिटी की अवधारणा और दिल्ली-एनसीआर में इसके बढ़ते महत्व पर अपने विचार साझा किए। स्मार्टबाइक के चेयरमैन और वर्ल्ड साइक्लिंग एलायंस के प्रथम उपाध्यक्ष डी. वी. मनोहर ने राष्ट्रीय साइक्लिंग नीति के मसौदे पर विस्तृत प्रस्तुति दी। वहीं, भारतीय खेल प्राधिकरण के उप महानिदेशक मयंक श्रीवास्तव (आईपीएस) ने सक्रिय परिवहन और नागरिकों की फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

## डीयू ने जारी की फीस रिफंड नीति

**नई दिल्ली।** दिल्ली विवि ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फीस रिफंड नीति जारी कर दी है। यह नीति विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों, विभागों, केंद्रों, एनसीवेब और एसओएल पर लागू होगी। वर्तमान में स्नातकोत्तर दाखिले की प्रक्रिया जारी है, जबकि स्नातक प्रवेश प्रक्रिया जल्द शुरू होने वाली है। नई नीति के अनुसार, यदि कोई छात्र विश्व. विद्यालय द्वारा निर्धारित अंतिम प्रवेश तिथि तक अपना दाखिला वापस लेता है, तो प्रोसेसिंग शुल्क काटकर 100 प्रतिशत फीस लौटा दी जाएगी। वहीं, अंतिम तिथि के 30 दिनों के भीतर प्रवेश निरस्त कराने पर छात्रों को 50 प्रतिशत शुल्क वापसी मिलेगी।

# बेस्ट नाड़ी एस्ट्रोलॉजर अवार्ड मिला

**नई दिल्ली।** एस्ट्रो-न्यू मेरोलॉजिस्ट, शोध कर्ता एवं शिक्षाविद् 'सिद्धार्थ एस कुमार' को उनके शोध-आधारित योगदानों के लिए 'बेस्ट नाड़ी एस्ट्रोलॉजर अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया है।



यह सम्मान उन्हें नाड़ी ज्योतिष के क्षेत्र में दुर्लभ नाड़ी सूत्रों (Rare Nadi Sutrams) के अध्ययन, अनुवाद एवं व्याख्या, नाड़ी सिद्धांतों को समकालीन संदर्भ में प्रस्तुत करने तथा हजारों विद्यार्थियों को संरं. चत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए दिया गया। सिद्धार्थ एस कुमार ने नाड़ी ज्योतिष के कई दुर्लभ सिद्धांतों को सरल भाषा में प्रस्तुत कर उन्हें नई पीढ़ी के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं एवं ज्योतिष प्रेमियों तक पहुँचाने का कार्य किया है। उनका प्रयास प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शोध पद्धतियों के बीच एक सशक्त सेतु बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

इस अवसर पर सिध्दार्थ एस कुमार ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और भारतीय ज्ञान परंपरा के साधकों का है जो नाड़ी ज्योतिष को अधिक वैज्ञानिक, व्यवस्थित और वैश्विक स्तर पर प्रासंगिक बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# जनपद को हरित, स्वच्छ व पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने में अपना योगदान प्रदान करें: डीएम

**वृक्षारोपण के माध्यम से प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने जनपदवासियों से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए ष्एक पेड़ माँ के नामष अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधरोपण करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। वृक्षारोपण के माध्यम से प्राकृतिक संतुलन को बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, उद्योगपतियों,



व्यापारियों, शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों, सभी नागरिकों से इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के रूप में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए तथा उसके संरक्षण एवं संवर्धन का भी उत्तरदायित्व निभाए।

जिलाधिकारी ने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों से भी अपील करते हुए कहा कि वे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में अपनी महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने अनुभवों एवं मार्गदर्शन के माध्यम से तथा बच्चे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण की भावना को परिवार एवं समाज में विकसित करने के लिए सभी आयु वर्ग के लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को शुद्ध करने में सहायक होते हैं, बल्कि जैव विविधता के संरक्षण, भूजल स्तर को बनाए रखने तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए अधिकाधिक संख्या में पौधे लगाए जाएं तथा जनपद को हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें।

# सोशल मीडिया पर सीएम के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

## पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह ने सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शेरकोट पुलिस को शिकायती पत्र देकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में पूर्व विधायक डा. इंद्रदेव सिंह ने बताया कि एक जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बिजनौर आगमन के दौरान उन्होंने आलमपुर गांवड़ी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया था। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के स्वागत से संबंधित एक फोटो उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर साझा की थी।

पूर्व विधायक का आरोप है कि उक्त पोस्ट पर "Rehan Veer" नामक फेसबुक आईडी से टिप्पणी की गई, जिसमें मुख्यमंत्री के प्रति आपत्तिजनक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। उनका कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणी से बड़ी संख्या में लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

शिकायती पत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया है कि संबंधित फेसबुक आईडी संचालक की वास्तविक पहचान की जांच कर उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए।

# वेव सिटी में डीएसओ ने किया भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नेशनल हाईवे स्थित वेव सिटी सेक्टर 5 में डीएसओ अमित तिवारी जी ने भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन के पेट्रोल पंप का नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर शुभारंभ किया इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे डीएसओ अमित तिवारी, टेरिटरी मैनेजर अमित सिंह ऑफ भारत पेट्रोलियम,वेव सिटी सीओओ मिस्टर सी.जे सिंह, सीईओ भूपेंद्र चौहान ने वेव सिटी सेक्टर 5 में पेट्रोल पंप का शुभारंभ होने पर वेव सिटी के निवासियों को शुभकामनाएं दीं। वेव सिटी के सीओओ के द्वारा बताया गया।



वेव सिटी एक हाइटेक सिटी है जिसमें हम अपने ग्राहकों को हर सुविधा माहिया करा रहे हैं आज ही हमने वेव सिटी में एक पेट्रोल पंप का शुभारंभ किया है जिससे वेव सिटी में रह रहे निवासियों को कोई भी असुविधा न हो इसीलिए आज सेक्टर 5 में पेट्रोल पंप की शुरुआत हुई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएसओ अमित तिवारी, टेरिटरी मैनेजर अमित सिंह ऑफ भारत पेट्रोलियम, वेव सिटी सीओओ मिस्टर सी.जे सिंह, सीईओ भूपेंद्र चौहान आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# राज्य कर विभाग ने किया व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** स्थानीय राज्य कर विभाग मोदीनगर द्वारा व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विषय मे जानकारी देते हुए उपायुक्त राज्य कर अनिल कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियो, उद्यमियो एवं राज्य कर विभाग के मध्य संवाद स्थापित कर व्यापार से संबंधित समस्याओ, सुझावो एवं योजनाओ पर चर्चा करना रहा।



कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी नेता डाँ0 पवन सिंघल द्वारा की गई। कार्यक्रम मे व्यापारियो द्वारा जीएसटी तथा आँनलाइन व्यापार से जुडी चुनौतियो तथा स्थानीय व्यापार को बढावा देने जैसे विषयो पर अपने सुझाव एवं समस्याएं प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान राज्य कर अधिकारियो ने व्यापारियो की समस्याओ को गंभीरता से सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

राज्य कर उपायुक्त अनिल कुमार ने कहा कि व्यापारी वर्ग प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ है और उनकी समस्याओ के समाधान के लिए सरकार सदैव प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होने जीएसटी की विभिन्न योजनाओ से व्यापारियो को अवगत कराया। इस अवसर पर सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष प्रदीप बाँस, वरिष्ठ सलाहकार एड0 अरूण राघव तथा मोदीनगर अध्यक्ष मेहराम चंदेला, महामंत्री हिमान्शु सिंघल अपनी समस्त टीम के साथ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम मे राज्य कर विभाग की तरफ से उपायुक्त अनिल कुमार, सहायक आयुक्त ईशा गौतम, राज्य कर अधिकारी संदीप सत्यार्थी, एड0 अरूण राघव, एड0 विपिन सिंघल, एड0 धीरज गोयल, एड0 आरिफ बेग, एड0 सचिन गोयल, एड0 सचिन माहेश्वरी, सीए हेमन्त तिवारी, एड0 उपेन्द्र शर्मा, सीए आशीष गौतम, लोकेश कुमार, कपिल कुमार, दिनेश कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश तायल, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष राजीव शर्मा, यशवीर यादव, सुनील कुमार, व्यापारी नेता प्रवीण मित्तल, आकाश भूटानी सहित सैकडो व्यापारी व उद्यमी उपस्थित रहे।

## मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए

# सीएम से शिष्टाचार भेंट, महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** योगी आदित्यनाथ से बागपत के लोकप्रिय सांसद श्री राजकुमार सांगवान जी के साथ नगर पालिका परिषद मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली, निवाड़ी के चेयरमेन अनिल त्यागी व पतला के चेयरमैन (पति)ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मोदीनगर क्षेत्र के समग्र विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य रूप से सिखेड़ा रोड स्थित बड़े नाले के निर्माण, मोदीनगर को इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित करने एवं उन्नयन से संबंधित प्रस्ताव मुख्यमंत्री जी के समक्ष प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री जी ने प्रस्तावों को गंभीरता से सुना तथा क्षेत्र के विकास के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त किया।



निवाड़ी चेयरमैन अनिल त्यागी ने बताया कि उन्होंने निवाड़ी में यूपीसीडा द्वारा बनाए जा रहे औद्योगिक क्षेत्र के शिलान्यास हेतु आमंत्रण भी दिया है।

इस अवसर पर नगर पंचायत पतला के चेयरमैन(पति) श्री देवेंद्र चौधरी एवं नगर पंचायत निवाड़ी के चेयरमैन श्री अनिल त्यागी ने भी अपनी अपनी नगर पंचायत के विकास हेतु चर्चा की। सभी जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने एवं जनसुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

मोदीनगर क्षेत्र के विकास हेतु यह बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक मानी जा रही है, जिससे क्षेत्र में आधारभूत संरचना एवं औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।



**मोदीनगर। दिल्ली के होटल में आग लगने से हुई दुर्घटना के चलते मोदीनगर क्षेत्र में होटलों का निरीक्षण कर आग से बचाव के उपकरणों की जांच करते एफएसओ अमित चौधरी।**

# राष्ट्र निर्माण में आर्य समाज की महत्वपूर्ण भूमिका: अनिल आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में एमिटी इंटरनेशनल स्कूल नोएडा में चल रहे चरित्र निर्माण शिविर में वैदिक प्रवक्ता विमलेश बंसल ने कहा कि युवा राष्ट्र की नींव है यदि नींव मजबूत होगी तो स्वत: ही राष्ट्र मजबूत होगा।

आर्य समाज को युवा शक्ति को जोड़ने के लिए कार्य योजना देनी होगी। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे इसके लिए चरित्र वान संस्कारित युवा अवश्यक हैं उसी कार्य में परिषद 48 वर्ष से संलग्न है युवा ही देश की दशा व दिशा बदलेंगे।

मुख्य अतिथि आर्य नेत्री रजनी गर्ग ने कहा कि शिविरों का जीवन में अत्यन्त महत्व है।ईशान इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष डॉ डी के गर्ग ने कहा कि मैनें भी शिविर में भाग लिया है और आज इस मुकाम पर पहुँचा हूँ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूजा सलूजा ने की व महामंत्री महेन्द्र भाई ने धन्यवाद ज्ञापन किया गायिका पिंकी आर्य के भजनो ने समा बाँध दिया। समाजसेवी शिव कुमार ग्रोवर अशोक त्यागी रमेश पावाह का अभिनंदन किया गया। प्रमुख रूप से रामकुमार सिंह, अरुण आर्य, सौरभ गुप्ता, कमल आर्य, विवेक अग्निहोत्री, गौरव झा, आस्था आर्य आदि उपस्थित रहे।



# 'चुप्पी तोड़, हल्ला बोल' परियोजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आक्रामकता एवं हिंसा के शिकार मासूम बच्चों के अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर समाधान अभियान द्वारा संचालित "चुप्पी तोड़; हल्ला बोल" परियोजना के अंतर्गत, इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के सहयोग से बाल मित्र केंद्र, थाना साहिबाबाद में सेवा बस्ती के बच्चों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बाल यौन शोषण से बचाव के उपाय, के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही किशोरियों को मानसिक धर्म स्वच्छता एवं उससे संबंधित आवश्यक सावधानी की जानकारी प्रदान की गई और सेनेटरी नैपकिंस का वितरण भी किया गया ताकि वे सुरक्षित एवं स्वस्थ रह सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जी.पी. भद्रदास, अध्यक्ष, न्याय पीठ बाल कल्याण समिति उपस्थित रहे। वहीं मिशन शक्ति टीम, थाना साहिबाबाद विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

मुख्य अतिथि के द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए हैप्पीनेस गतिविधियों एवं जलपान की भी व्यवस्था की गई, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मनोरंजक वातावरण में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम का संचालन समाधान अभियान संस्था की संस्थापक अर्चना अग्निहोत्री की अध्यक्षता में प्रबंधक दीपा शर्मा, एवं सहयोगी टीम, बाल मित्र केंद्र थाना साहिबाबाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सेवा बस्ती के बच्चों सहित स्थानीय समुदाय के सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल ने क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ मनोज गोयल के नेतृत्व में कौशांबी का एक प्रतिनिधि मंडल कौशांबी थाने के सीनियर सब इंस्पेक्टर से मिला और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया गया। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि वेव पिक्चर हॉल के पास कुछ लोगों के कारण हमेशा जाम लगा रहता है। सोसाइटियों के बाहर खड़ी गाड़ियों का चालान ना काटा जाए यह लोग आसपास के लोगों से मिलने आते हैं। श्री राम चौक से होकर ऑटो यूपी गेट से अन्य जगहों पर जाते हैं उन्हें यहां से रोका जाए वह बाहर मुख्य मार्ग से होकर जाएं। कौशांबी सेंट्रल पार्क के बाहर ऑटो और कमर्शियल गाड़ियां खड़ी होती है उन्हें वहां से हटाया जाए इस अवसर पर समाजसेवी गौरव वर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार कमल गुप्ता एसके गोयल नरेंद्र उपस्थित रहे।

# आईटीएस में 12वीं बोर्ड के मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह 6 जून को

## देश की प्रथम महिला आईपीएस अधिकारी एवं पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी होंगी मुख्य अतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस मोहन नगर द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' का आयोजन शनिवार, 06 जून 2026 को आई.टी.एस, मोहन नगर परिसर में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम दिल्ली-एनसीआर के विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालयों के लिए वर्ष के सबसे प्रतिष्ठित एवं बहुप्रतीक्षित आयोजनों में से एक माना जाता है। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आई.टी.एस ख्र द एजुकेशन ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि इस अवसर पर देश की प्रथम महिला आईपीएस अधिकारी तथा पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. किरण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विद्यार्थियों, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को संबोधित करेंगी तथा उन्हें सम्मानित करेंगी। इस कार्यक्रम में जनपद के जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदार के भी भाग लेने कि समभावना है। उन्होंने कहा कि आई.टी.एस अपनी स्थापना से ही युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, उन्हें उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने एवं उन्हें



प्राप्त करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

आई.टी.एस यू.जी. कैंपस की प्राचार्या डॉ. नैन्सी शर्मा ने बताया कि इस सम्मान समारोह में दिल्ली-एनसीआर के 300 से अधिक विद्यालयों के 1500 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता की पुष्टि की है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए पदक एवं प्रशस्ति-पत्र (मेडल एवं सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को भी शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों का उत्सव मनाना ही नहीं, बल्कि उन शिक्षकों एवं शिक्षाविदों का भी सम्मान करना है जिन्होंने विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

समारोह में विद्यार्थियों को डॉ. किरण बेदी के प्रेरणादायी विचारों को सुनने एवं उनसे संवाद स्थापित करने का दुर्लभ अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षाविद् एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। आई.टी.एस - द एजुकेशन ग्रुप ने सभी मेधावी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रतिनिधियों का इस भव्य समारोह में स्वागत करते हुए इसे शिक्षा, प्रेरणा एवं उपलब्धियों के उत्सव के रूप में सफल बनाने का आह्वान किया है।

# आंधी-बारिश के बाद सड़कों पर लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ली बारिश की फुहारों और काली घटाओं ने दिल्ली वालों राहत दी। हालांकि गुरुवार को दोपहर में आंधी और बारिश होने के लगभग डेढ़ घंटे बाद फिर से तेज हवा और बारिश शुरू हो गई।

पहली बार दोपहर में आंधी बारिश के बाद शाम 4 बजे से फिर से मौसम का मिजाज बदलने लगा और तेज हवाओं के साथ दोबारा बारिश शुरू होने लगी। वहीं पहली बार हुई बारिश से दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में भीषण जाम, जल-जमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वहीं कई जगहों पर बिजली के खंभे और दर्जनों पेड़ उखड़ गए हैं। दोपहर के 2 बजे से कुछ इलाकों में भी मौसम बदल गया था। तेज आंधी व धूल भरी हवाओं के साथ तेज बारिश शुरू हो गई।

इससे शहर का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। सड़कों पर वाहन फंसे रहे और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। हवा की रफ्तार इतनी थी कि कुछ जगह टीन शेड गिरने की सूचनाएं हैं। दिल्ली मौसम विभाग ने पहले आज दोपहर 2:00 बजे के आसपास दिल्ली में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया था। इसके साथ मध्यम गरज-चमक, बिजली और तेज हवाएं चलेगी। हवाओं की रफ्तार 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा रहने के आसार जताए थे। बुराड़ी, मॉडल टाउन और करावल नगर जैसे इलाकों में ओलावृष्टि भी संभावना जताई थी। एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने बुधवार को दस्तक दी है। इसका असर बृहस्पतिवार दोपहर में देखने को मिला। दिल्ली के कमोबेश सभी इलाकों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। इससे बीते कई दिनों से चल रही गर्मी से लोगों को राहत मिल गई है।

## बाइक खड़ी करने को लेकर सहकर्मी ने डिलीवरी बॉय को चाकू गोदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में बाइक खड़ी करने को लेकर बहस होने पर एक युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर सहकर्मी डिलीवरी बॉय पर चाकू से हमला कर दिया। घायल की पहचान 28 साल के राज बहादुर के रूप में हुई है। उसका राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसकी हालत गंभीर है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस भागे हुए आरोपियों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक राज बहादुर नांगलोई इलाके में रहता है। वह नांगलोई नजफगढ़ स्थित जनता धर्मकांटा के सामने फ्लिपकार्ट स्टोर पर डिलीवरी बॉय का काम करता है। निहाल विहार थाने में दर्ज प्राथमिकी में उसने बताया कि वह सुबह की पाली में काम कर रहा था। काम करने के बाद वह स्टोर के बाहर बाइक पर बैठा था। तभी स्टोर में काम करने वाला मयंक बाइक से वहां पहुंचा। वह उससे अपनी बाइक हटाने के लिए कहा। इस बात पर दोनों के बीच बहस हो गई। मयंक गाली-गलौच करने लगा। फिर हमला करने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने बीच बचाव करवा दिया। मयंक वहां से चला गया। राज बहादुर ने बताया कि बाद में कुछ लड़कों ने बताया कि मयंक उसपर हमला करने के लिए अमनपुरी मोड़ पर खड़ा है। जिससे वह डर गया। पीड़ित का आरोप है कि वह रात में नांगलोई में ऑर्डर पहुंचाने जा रहा था। तभी पीछे से बाइक सवार दो लोगों ने उसकी पीठ में चाकू घोंप दिया।

## कई धाराओं में दर्ज हुई अग्निकांड की एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर अग्निकांड मामले में दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। होटल मालिक लवकेश बजाज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

अब दिल्ली पुलिस होटल प्रबंधक की तलाश में जुट गई है। पुलिस विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। यह जांच अग्निकांड के सभी पहलुओं को उजागर करने के लिए की जा रही है। पुलिस का लक्ष्य इस त्रासदी के लिए जिम्मेदार सभी व्यक्तियों को पकड़ना है। यह प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है। होटल मालिक लवकेश बजाज की गिरफ्तारी के बाद यह कार्रवाई की गई है। प्राथमिकी में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 शामिल है, जो आपराधिक मानव वध से संबंधित है। धारा 326(जी) आग से संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाई गई है। इसके अतिरिक्त, धारा 324(5) किसी व्यक्ति या संपत्ति को जानबूझकर नुकसान पहुंचाने से जुड़ी है। धारा 125(ए) और 125(बी) दूसरों के जीवन या सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कृत्यों से संबंधित हैं। ये धाराएं लापरवाही या खतरनाक आचरण को संदर्भित करती हैं, जिससे मानव जीवन को खतरा होता है। धारा 287 आग या ज्वलनशील पदार्थों के संबंध में लापरवाही से जुड़ी है। यह धारा आग, ज्वलनशील सामग्री या खतरनाक पदार्थों के उपयोग में लापरवाही बरतने से संबंधित है।

## खराब मौसम के चलते एक दर्जन से ज्यादा फ्लाइट्स डायवर्ट

**नई दिल्ली।** राजधानी में बृहस्पतिवार दोपहर को तेज हवा के साथ झमाझम बारिश से मौसम बदल गया। इसके असर से दिल्ली एयरपोर्ट आ रही फ्लाइट्स में डाइवर्जन होने लगा है। अभी तक एक दर्जन फ्लाइटों को डाइवर्ट किया गया है। इन फ्लाइट्स को जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ में लैंड करने के निर्देश दिए गए हैं। अभी लखनऊ, चंडीगढ़ और जयपुर में बारिश नहीं हो रही है, इसलिए फ्लाइटें वहां डायवर्ट की जा रही हैं। इस संबंध में डायल ने यात्रियों के लिए सलाह जारी की है। डायल ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि एयरपोर्ट रवाना होने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइन से फ्लाइट की टाइमिंग के बारे में जानकारी ले लें।

## होटल में लगी भीषण आग के बाद दुकानें बंद, पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर इलाके की उस गली में आज सन्नाटा पसरा हुआ है, जहां एक दिन पहले एक होटल में लगी आग के दौरान लोग इमारत से बाहर निकलने के लिए मदद की गुहार लगा रहे थे और उनकी चीखें सुनाई दे रही थीं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इन इमारतों में रहने वाले लोगों को अपना सामान समेटकर अपने कमरे खाली करने पड़े क्योंकि मालिक इन्हें बंद कर रहे हैं। आमतौर पर चहल-पहल वाला यह इलाका सुनसान सा दिखाई पड़ रहा था, सड़कों पर कम ही लोग थे और व्यावसायिक गतिविधियां भी नाममात्र की थीं। कुछ लोग जली हुई इमारत को देखने के लिए रुक गए जबकि अन्य वहां घटी भयावह घटना पर चर्चा कर रहे थे। घटना के एक दिन बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि आग फैलने पर इमारत के अंदर फंसे लोग बदहवास होकर कांच की खिड़कियों को तोड़ने के लिए जोर-जोर से हाथ-पैर मार रहे थे और मदद के लिए पुकार रहे थे। एक स्थानीय निवासी ने बताया, "मुझे सुबह-सुबह मेरे घर के पीछे रहने वाली मेरी किराएदार का फोन आया, जिसने मुझे बताया कि आग लग गई है। मैं घबरा गया और पहले तो मुझे लगा कि आग मेरे ही घर में लगी है।



**मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता मालवीय नगर में हुई अग्नि दुर्घटना में घायल लोगों का हालचाल जानने के लिए साकेत स्थित अस्पताल का दौरा करते हुए।**

## मुख्यमंत्री अग्निकांड के घायलों से मिलने अस्पताल पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मालवीय नगर में हुई दुखद अग्नि दुर्घटना में घायल लोगों का हालचाल जानने के लिए साकेत स्थित अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात की, उनके परिजनों से बात की और डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने अस्पताल प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए और इलाज में किसी तरह की कोई कमी न रहने दी जाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अग्नि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दस लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं, गंभीर रूप से घायल लोगों को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन मृतकों के परिजन अन्य राज्यों या विदेशों में रहते हैं, उनके पार्थिव शरीरों को सम्मानपूर्वक उनके घर तक पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तुरंत की जाएं। अस्पताल में भर्ती घायलों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार उनके साथ है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पताल में भर्ती घायलों और उनके परिजनों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री को बताया गया कि हादसे के समय स्थानीय लोगों, होटल कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों और अन्य स्वयंसेवकों ने अपनी जान जोखिम में डालकर कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

## बचपन के दोस्त ने की थी हत्या, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में ललित कुमार (26) नामक युवक की हत्या उसके बचपन के दोस्त ने ही की थी। पुलिस ने छानबीन के बाद आरोपी मोहित (26) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद किया है।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस की पूछताछ में मोहित ने खुलासा किया है कि ललित की उसके बड़े भाई की पत्नी से नजदीकियां थीं। अक्सर मोहित की भाभी ललित से मिलने उसके घर आ जाती थी। मोहित ने कई बार ललित को उसकी भाभी से दूर रहने के लिए कहा था। सोमवार रात को उसने ललित को शराब पिलाकर वारदात को अंजाम दिया। बाद में वह बुलंदशहर फरार हो गया। एक टीम बुलंदशहर पहुंची तो आरोपी भागकर दिल्ली आ गया। आरोपी को दिल्ली से दबोच लिया गया। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया। पुलिस आरोपी मोहित से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पड़ताल की जा रही है। उत्तर-पूर्वी जिला के पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया कि 2 जून की सुबह करीब 5:02 बजे न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस को खबर मिली कि गौतमपुरी इलाके में कूड़ा घर के पास एक युवक का शव पड़ा है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में युवक का शव बरामद किया है। मृतक के शरीर पर चाकू से वार किए जाने के निशान थे। बाद में मृतक की पहचान ब्रह्मपुरी निवासी ललित के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की।। ललित के परिजनों के बयान लिए। इस बीच ललित के भाई हिमांशु ने बताया कि उसे कॉल कर मोहित ने भाई की हत्या की सूचना दी। छानबीन हुई तो पूरी वारदात का पता चला। पुलिस ने मोहित की तलाश शुरू कर दी। इस बीच मोहित की भाभी ने भी अपने देवर के खिलाफ बयान दिया।

## कैंसर मरीजों के लिए दवाओं की कमी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली राज्य कैंसर संस्थान में कैंसर रोगियों के उपचार के लिए आवश्यक कीमोथेरेपी दवाओं की कथित कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उपराज्यपाल से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है इस संबंध में उपराज्यपाल को पत्र लिखकर स्वास्थ्य सेवाओं में सामने आ रही समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली में कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और ऐसे समय में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में जीवन रक्षक दवाओं की कमी गंभीर चिंता का विषय है।

## मालवीय नगर अग्निकांड: चाय बेचने की अनुमति पर चल रहा था 25 कमरों का होटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर के हौज रानी गांव में 21 लोगों की जान लेने वाली आग की घटना ने राजधानी में लाइसेंस और निगरानी व्यवस्था की बड़ी खामी उजागर कर दी है। होटल जिस इमारत में चल रहा था, उसके पास न तो होटल संचालन का लाइसेंस था और न ही एमसीडी रिकॉर्ड में वह होटल के रूप में दर्ज था। दिल्ली सरकार के पर्यटन विभाग से बेड एंड ब्रेकफास्ट' का लाइसेंस और एमसीडी से चाय बेचने की अनुमति लेकर 25 कमरों का होटल संचालित किया जा रहा था। अग्निकांड के बाद सामने आए तथ्य और प्रशासनिक जानकारी ने गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। एमसीडी के उच्च अधिकारियों के मुताबिक बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना मूल रूप से निजी मकानों में सीमित संख्या में पर्यटकों को ठहराने के लिए बनाई गई है, जिसमें अधिकतम छह कमरों तक मेहमान रखने की अनुमति होती है।

आग जिस भवन में लगी, उसमें 25 कमरे बने थे और होटल की तरह संचालित हो रहा था। यानी लाइसेंस और वास्तविक उपयोग में बड़ा अंतर मौजूद था। एमसीडी अधिकारियों ने बताया कि रिकॉर्ड में इस प्रतिष्ठान के नाम पर होटल या गेस्ट हाउस संचालन का लाइसेंस दर्ज नहीं मिला है। होटल मालिक ने चाय बेचने की श्रेणी का लाइसेंस ले रखा था। हादसे की जांच के बीच भवन की कानूनी स्थिति भी चर्चा में है।

एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार यह इमारत हौज रानी गांव की लालडोरा भूमि पर स्थित है और इसका निर्माण 20 वर्ष पहले किया गया था। दिल्ली के गांवों में भवन उप नियम वर्ष 2011 में लागू हुए थे। इससे पहले लालडोरा क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिए एमसीडी से नक्शा पास कराने की बाध्यता नहीं थी। इसी वजह से इस भवन के निर्माण के लिए एमसीडी की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं पड़ी। यही नहीं, भवन को दिल्ली स्पेशल लॉ एक्ट के तहत भी संरक्षण प्राप्त बताया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार ऐसे मामलों में पुराने निर्माणों या उपयोगों पर सीधी ध्वस्तीकरण कार्रवाई करना आसान नहीं होता। कानूनी संरक्षण के कारण अतिरिक्त कमरों को हटाने या इमारत पर कार्रवाई की प्रक्रिया जटिल हो जाती है। मालवीय नगर के 'फ्लोरिश स्टे बीएंडबी' में बुधवार सुबह लगी भीषण आग ने अवैध निर्माण और सुरक्षा नियमों की अनदेखी की भयावह तस्वीर सामने ला दी।

## बावरिया गैंग का इनामी इक्कीस साल बाद गिरफ्तार

**आरोपी हरियाणा व राजस्थान के ग्यारह जघन्य मामलों में शामिल रहा है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने हवा सिंह बावरिया गैंगश के प्रमुख सदस्य को इक्कीस साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी हरियाणा और राजस्थान के ग्यारह जघन्य मामलों में शामिल रहा है। आरोपी पर हरियाणा पुलिस की ओर से बीस हजार और यूपी पुलिस की ओर से दस हजार का इनाम घोषित था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने बताया कि अपराध शाखा की टीम को आला अधिकारियों ने उन पुराने, अनसुलझे जघन्य मामलों में वांछित आरोपियों का पता लगाने का काम सौंपा था, जिनमें संगठित आदिवासी गैंग शामिल थे। इसी बीच 3 जून को अपराध शाखा के एसआई राजबीर सिंह को हरियाणा और यूपी के कई मामलों में शामिल पीओ धर्मपाल/धर्मपाल बावरिया/धर्म सिंह (60 )के बारे में गुप्त सूचना मिली। सूचना के अनुसार, वह अपनी पहचान बदलकर हरियाणा के हिसार जिले के बहल लुहारू में रह रहा था। इस गुप्त सूचना पर एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर सतीश मलिक के नेतृत्व में टीम ने हेड कांस्टेबल भंवर की तकनीकी निगरानी के आधार पर बहल लुहारू में अपना जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ लिया।

पुलिस पूछताछ के दौरान, आरोपी धर्मपाल उर्फ धर्मपाल बावरिया उर्फ धर्म सिंह उर्फ धर्म चंद उर्फ पेटू ने बताया कि वह 1990 के दशक के आखिर से ही कुख्यात श्हवा सिंह बावरिया गैंग से जुड़ा हुआ था। उसने बताया कि यह गैंग दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में लूट, डकैती और अन्य जघन्य अपराधों के कई मामलों में शामिल था। आरोपी ने बताया कि यह गैंग उन गोदामों और वेयरहाउस को निशाना बनाता था, जहाँ इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य कीमती चीजें रखी होती थीं। गैंग के सदस्य ट्रकों में सफर करते थे, जिस जगह को निशाना बनाना होता था, उसकी रेकी करते थे और रात के समय सुरक्षा गार्डों को बंधक बनाकर उन पर काबू पा लेते थे। इसके बाद, वे सामान लूट लेते थे और चोरी की गई चीजों को ठिकाने लगाने के लिए अलग-अलग राज्यों में भेज देते थे।

आरोपी ने हवा सिंह बावरिया गैंग से अपने जुड़ाव की बात कबूल कर ली है और अपनी आपराधिक गतिविधियों, साथियों और छिपने की जगहों के बारे में जानकारी दी है।

## ऑपरेशन ब्लू स्टार की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गुरुद्वारा बंगला साहिब में ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सिख समुदाय के नेताओं ने इतिहास की घटनाओं को याद करते हुए समुदाय की एकता, सामाजिक जागरूकता और बंदी सिंहों की रिहाई के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आयोजित श्री अखंड पाठ साहिब के भोग कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने संगत को संबोधित करते हुए जून 1984 की घटनाओं को सिख इतिहास का एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार से जुड़े घटनाक्रमों ने सिख समुदाय पर गहरा प्रभाव छोड़ा है और उस दौर की स्मृतियां आज भी समुदाय के भीतर भावनात्मक रूप से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि उस समय बड़ी संख्या में लोगों की जान गई और धार्मिक स्थलों को भी नुकसान पहुंचा, जिसकी पीड़ा आज भी महसूस की जाती है।

## बुरी तरह जल गए शव पहचान हो रही मुश्किल

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर अग्निकांड में 21 लोगों की मौत के बाद लड़ाई अब पहचान की है। आग इतनी भयावह थी कि कई शव बुरी तरह जल गए। मालवीय नगर अग्निकांड में 21 लोगों की मौत के बाद सबसे दर्दनाक लड़ाई अब पहचान की है। एम्स और सफदरजंग अस्पताल के बाहर बुधवार को सिर्फ भीड़ नहीं थी, वहां बिखरे हुए परिवार थे। कोई मोबाइल में पुरानी तस्वीरें देख रहा था, कोई रोते हुए डॉक्टरों से नाम पूछ रहा था, तो कोई हर स्ट्रेचर के पास जाकर कांपती आंखों से चेहरा पहचानने की कोशिश कर रहा था।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 14-RCNK-OPN-PTAMC-2026 |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | "एनुअल मेंटेनेंस कांट्रेक्ट (एएमसी) 18 नम्बर प्लेटफार्म ट्रक 02 टन क्षमता आरसीएनके / एसएनपी तीन वर्ष हेतु (कार्य के दायरे के अनुसार) |
| अनुमानित लागत | रुपये 28,59,272.07 जीएसटी @ 18% सहित |
| बयाना राशि | रुपये 57,200.00 |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने से 36 माह (तीन वर्ष) तक |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 25.06.2026 को 15:00 बजे तक खुलने का समय 15:30 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

यदि हिन्दी व अंग्रेजी के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो अंग्रेजी का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं.: 14-RCNK-OPN-PTAMC-2026 दिनाँक : 03.06.2026

1893/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अग्निकांड के बाद अवैध निर्माण व लाइसेंस की जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मालवीय नगर अग्निकांड में 21 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने दक्षिण दिल्ली के हौज रानी इलाके में बड़े स्तर पर सर्वे और जांच अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि निर्माण और लाइसेंस संबंधी नियमों का उल्लंघन करने वाली इमारतों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग ने मालवीय नगर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले होटलों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। इस दौरान सुरक्षा मानकों, लाइसेंस और भवन निर्माण नियमों के पालन की जांच की जा रही है। राजस्व विभाग के प्रतिनिधि मोहम्मद शमीम ने बताया कि क्षेत्र के सभी होटलों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जांच की जा रही है कि भवनों में किस प्रकार की व्यावसायिक गतिविधियां चल रही हैं, उनमें कितने कमरे और कितनी मंजिलें हैं तथा उनके पास आवश्यक लाइसेंस हैं या नहीं। अधिकारियों के अनुसार, निरीक्षण से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट दिन के अंत तक विभाग को सौंपी जाएगी। जिन इमारतों में निर्धारित सीमा से अधिक निर्माण पाया जाएगा, विशेष रूप से पांच मंजिल से अधिक ऊंचाई वाली इमारतों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

## अपहरण मामले में 8 साल से फरार अपराधी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 2018 के एक अपहरण के मामले में फरार चले रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को जानकारी दी कि आरोपी कई सालों से ट्रायल से बच रहा था। वह रोहिणी इलाके में छिपा हुआ था, जहां से द्वारका जिले की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली पुलिस ने अपने एक बयान में बताया कि आरोपी मूल रूप से उत्तर प्रदेश के महुआ का रहने वाला है, जिसकी पहचान मोहन उर्फ नूनी के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार, उसे अदालत ने 'घोषित अपराधी' घोषित किया था। इसने 2019 से जानबूझकर अदालत की कार्यवाही से दूरी बनाए रखी थी। उसकी लगातार अनुपस्थिति को देखते हुए अदालत ने अगस्त 2025 में उसे 'घोषित अपराधी' घोषित कर दिया था।

विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुए और लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने सफलतापूर्वक आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार, उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया और फरार अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के प्रति द्वारका जिला पुलिस की प्रतिबद्धता को फिर से स्थापित किया। दिल्ली पुलिस ने अपने बयान में कहा कि अपने अथक प्रयासों के माध्यम से कई घोषित अपराधियों और फरार अपराधियों का पता लगाया गया है और उन्हें गिरफ्तार किया गया है, जिससे पुलिस पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। टीम की सक्रिय पुलिसिंग, प्रभावी खुफिया जानकारी जुटाने की क्षमता और कड़ी निगरानी यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी अपराध बिना सजा के न रहे।

## युवक का शव नाले में मिला

**चांदपुर।** मौहल्ला सराय रफी धनोरा रोड के पास नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आस पास के नागरिकों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की शिनाख्त 21 वर्षीय सचिन प्रजापति के रूप में हुई।

CHANGE OF NAME

I Shri Shreeshail Gomadi unit 821 Rocket Regiment (PINAKA) resident of village-Hirekoppa, Post- chikkoppa, Tq. Ramdurga, District- Belagavi, State-Karnataka & PIN-591114 in the both name Vijay (old) and Vijay Shreeshail Gomadi (New) pertain to one and the same person. but correct name of my son is as per adhar card and other documents. Vide affidavit and sworn before notary & adv. S.B. Goroshi Notary, Gokak Taluka, Belagavi, Date-26-05-2026.

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

संख्या: 570-सिग-पी.स.-निविदा-144 दिनांक: 03.06.2026

उप. मु. सिग. एवं दू. सं. अभि./नि./पी. स./नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड इ-निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेबसाइट पर आमंत्रित कर रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम एवं स्थान | उत्तर रेलवे के DLI मंडल के बिजवासन स्टेशन पर स्वचालित अग्नि शमन प्रणाली की व्यवस्था। |
| 2 | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 03 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 67.12 लाख (लगभग) |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 134300/- (रूपये एक लाख चौंतीस हजार तीन सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है | उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 03.06.2026 to 25.06.2026 के बीच 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | 25.06.2026, उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज फार्म 11.06.2026 से 25.06.2026 11:30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते है। |
| 7 | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई-निविदा दिनांक 25.06.2026 11:30 बजे खोला जाएगा। |

1886/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हिंडन पुल पर बस-पिकअप की भिड़ंत, पुलिस के सामने परिचालक की पिटाई

## गलत दिशा से बस आने का आरोप, घायल चालक से मारपीट की चर्चा पर भड़के परिजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना-बिनौली रोड पर हिंडन नदी पुल से पहले सरूरपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर को बस और पिकअप की आमने-सामने टक्कर के बाद जमकर बवाल हो गया। हादसे में पिकअप चालक विजय पुत्र पप्पू निवासी खिवाई घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हुए हंगामे और जाम के चलते काफी देर तक मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विजय अपनी पिकअप लेकर सरधना की ओर से जा रहा था, जबकि बस बड़ौत की ओर से आ रही थी। आरोप है कि बस गलत दिशा में चल रही थी, जिसके चलते दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर में पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई और चालक विजय घायल हो गया।

घटना के बाद माहौल उस समय गरमा गया जब परिजनों ने आरोप लगाया कि बस



चालक ने हादसे के बाद घायल विजय के साथ मारपीट की। सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

आरोप है कि गुस्साए परिजनों ने बस के परिचालक को पकड़ लिया और पुलिस की मौजूदगी में उसकी पिटाई कर दी। हालात बिगड़ते देख मौके पर पहुंची मेरठ पुलिस ने हस्तक्षेप किया। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद परिचालक को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर सुरक्षित हिरासत में लिया और थाने पहुंचाया। वहीं बस चालक मौके से फरार हो गया। हादसे और हंगामे के कारण सरधना-बिनौली मार्ग पर लंबा जाम लग गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर मेरठ और बागपत पुलिस मौके पर पहुंची तथा क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई। घायल विजय को उपचार के लिए भेजा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। दुर्घटना के कारणों, मारपीट के आरोपों और फरार बस चालक की तलाश की जा रही है।

# बहनोई के घर जा रहे मामा पर भांजों का हमला, पेट में चाकू मारकर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना सरधना क्षेत्र के ग्राम खिर्वा जलालपुर में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। बहनोई के घर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मामा पर उसके ही भांजों द्वारा हमला किए जाने का आरोप है। हमले में मामा गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर निवासी खुर्शीद अपनी पत्नी और बेटी के साथ कार से ग्राम खिर्वा जलालपुर स्थित अपने बहनोई शफीक के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही वह खिर्वा स्थित दादा दीवान मजार के निकट पहुंचा, तभी उसकी बहन के बेटों ने उसकी गाड़ी रुकवा ली और कहासुनी के बाद हमला बोल दिया।

पीड़ित पक्ष के अनुसार हमले में फैसल पुत्र तौफीक तथा दानिश उर्फ भूरा पुत्र तौफीक ने मारपीट की। आरोप है कि इसी दौरान खुर्शीद के पेट में चाकू मार दिया गया, जिससे



लहूलुहान अवस्था में खुर्शीद।

वह लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया। घटना की तहरीर थाना सरधना में दे दी गई है, जिसमें फैसल पुत्र तौफीक और दानिश उर्फ भूरा पुत्र तौफीक खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# कसेरूखेड़ा कट बंद करने के प्रस्ताव का विरोध

■ क्षेत्रवासियों ने मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मवाना रोड स्थित कसेरूखेड़ा संपर्क मार्ग पर डिवाइडर के कट को बंद किए जाने के प्रस्ताव के विरोध में गुरुवार को क्षेत्रवासी श्री रामलीला दशहरा कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में मंडलायुक्त कार्यालय पहुंचे और जनहित में कट को यथावत रखने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

मंडलायुक्त की अनुपस्थिति में एसीएम मेरठ ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उनके पक्ष को मंडलायुक्त के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनहित एवं सड़क सुरक्षा दोनों पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान श्री राम का दशहरा कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने कहा कि कसेरूखेड़ा कट स्थानीय लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग है। यदि इस कट को बंद कर दिया जाता है तो क्षेत्र के निवासियों को लंबा चक्कर




लगाकर आना-जाना पड़ेगा, जिससे समय और ईंधन दोनों की अतिरिक्त खपत होगी तथा आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

श्री रामलीला दशहरा कमेटी के अध्यक्ष विनोद सोनकर ने कहा कि मंडलायुक्त की अनुपस्थिति में एसीएम मेरठ को ज्ञापन सौंपकर कट बंद होने से उत्पन्न होने वाली परेशानियों से अवगत कराया गया। उन्होंने विश्वास जताया कि मंडलायुक्त जनभावनाओं और जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेंगे तथा क्षेत्रवासियों की सुविधा के लिए कट को खुला रखने पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# हैलो-हैलो: सीओ मवाना पंकज लवानिया बोल रहा हूं

## सीओ मवाना ने महिला अपराध से संबंधित प्रार्थना पत्रों की समीक्षा

■ संतुष्ट नहीं होने पर शिकायतकर्ता को बुलाया थाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** शासन की मंशा के अनुरूप महिला अपराध के मामलों में न्याय दिलाने के लिए पुलिस बेहद गंभीर नजर आ रही है। गुरूवार को सीओ मवाना पंकज लवानिया थाना मवाना पहुंचे और रजिस्टर में दर्ज प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की।

उन्होंने सभी शिकायकर्ताओं को फोन कर जांच-निस्तारण से संतुष्ट होने के बारे में पूछा। गौरतलब है कि थाना मवाना में योगी सरकार की महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति कार्यालय की स्थापना के बाद से थाना पुलिस का महिला स्टाफ



महिलाओं की शिकायतें सुनने के लिए तैनात किया गया है। थाना मवाना में एसआई रेनू इसकी इंचार्ज हैं। गुरूवार को सीओ मवाना पंकज लवानिया थाना मवाना पहुंचे और एसआई रेनू को महिला अपराध से संबंधित रजिस्टर के साथ बुलाया। उन्होंने एसआई द्वारा किए गए निस्तारण की क्रॉस समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक महिला शिकायतकर्ता से फोन पर वार्ता की और उनसे शिकायत निस्तारण पर संतुष्ट होने की बात पूछी। अधिकांश ने निस्तारण पर अपनी संतुष्टि जाहिर की। एक शिकायकर्ता के साथ दोबा. रा परेशानी होने पर सीओ मवाना ने महिला को तत्काल थाने बुलाकर समस्या का समाधान कराया। उधर, इस मामले में सीओ मवाना ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा और पीड़िताओं को न्याय दिलाने के लिए पुलिस प्रतिबद्ध है। सरकार की मंशा भी यही है कि प्रदेश में हर बहन-बेटी की सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी यूपी पुलिस की है। उन्होंने अधिनस्थों को भी इस संबंध में दिशा निर्देश दिए। मवाना सर्किल के सभी चार थानों हस्तिनापुर, मवाना, बहसूमा व फलावदा में नियमित रूप से महिला अपराध से संबंधित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा की जा रही है। इस दौरान इंस्पेक्टर मवाना ब्रहम कुमार त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

# मध्य गंगा नहर पर चला स्वच्छता अभियान, छात्रों ने दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ की यूनिवर्सिटी एनवायरमेंट कमेटी द्वारा हस्तिनापुर रेंज में 'कैंपस टू कंजर्वेशन' गति. विधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मध्य गंगा नहर पर स्वच्छता अभियान चलाया, पौधारोपण किया तथा जैव विविधता एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता अभियान चलाया।

स्वच्छता अभियान के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने श्रमदान करते हुए मध्य गंगा नहर के किनारों पर फैले प्लास्टिक, पॉलीथिन और अन्य ठोस अपशिष्ट को एकत्रित किया। विद्यार्थियों ने आमजन से अपील की कि नदियों एवं जल स्रोतों में पूजा-पाठ से संबंधित सामग्री, प्लास्टिक अथवा अन्य अपशिष्ट सीधे प्रवाहित न करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी निभाना भी आवश्यक है। पूजा सामग्री के उचित निस्तारण से नदियों को प्रदूषण मुक्त रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रतिभागियों ने वानिकी




प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया और छात्रों ने टर्टल हैचरी को भी देखा। साथ ही डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को गंगा पारिस्थितिकी तंत्र और जलीय जीवों के संरक्षण के विषय में जानकारी दी।

डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के बिजनौर प्रोजेक्ट ऑफिसर डॉ. गौरा चंद्र दास, लीड-एक्वाटिक हैबिटेट एंड स्पीशीज, ने विद्यार्थियों को गंगा डॉल्फिन, घड़ियाल एवं अन्य जलीय जीवों के संरक्षण में स्वच्छ नदियों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नदी केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि एक जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसकी सुरक्षा सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। इसी क्रम में डॉ. अमान उल्ला खान, एसोसिएट कोऑर्डिनेटर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ, बिजनौर प्रोजेक्ट ऑफिसर, ने विद्यार्थियों को जैव विविधता संरक्षण, मानव-प्रकृति संबंध और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं को प्रकृति संरक्षण अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत वानिकी प्रशिक्षण केंद्र परिसर में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। यूनिवर्सिटी एनवायरमेंट कमेटी के चेयरपर्सन प्रो. डॉ. मुकेश रुहेला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि सतत जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से एक पौधा लगाने के साथ उसकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लेने का आह्वान किया। वहीं डॉ. संचित प्रधान ने संदेश दिया कि स्वच्छता, जल संरक्षण, जैव विविधता और वृक्षारोपण एक-दूसरे से जुड़े हुए विषय हैं तथा पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ और सुरक्षित रखने से होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. नेशमा, डॉ. श्रेया पवार, डॉ. अमृता, डॉ. प्रीति, डॉ. दामिनी, डॉ. प्रियदर्शनी, पार्थ मलहोत्रा, आशुतोष, डॉ. आदिल, डॉ. मोनिका तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की 33277 शिकायतों का मौके पर समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. द्वारा स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित एवं संतोषजनक समाधान के लिए 15 मई से 30 जून 2026 तक विशेष विल संशोधन कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। इन विशेष कैम्पों में उपभोक्ताओं का व्यापक सहयोग एवं जन-समर्थन प्राप्त हो रहा है। पश्चिमांचल डिस्कॉम के 14 जनपदों में आयोजित कैम्पों में अब तक 33277 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर, उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की गई। कैम्पों मे स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतें, गलत बिल संशोधन, मोबाइल नम्बर अपडेट तथा स्मार्ट एप संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तरण किया जा रहा हैं। 15 मई 2026 से अब तक प्राप्त शिकायतों मे बिल रिवीजन से संबंधित 7244, मोबाइल नम्बर अपडेट से संबंधित 9728, स्मार्ट मीटर ऐप से संबंधित 10854 तथा अन्य श्रेणी की 5451 शिकायतों का

■ विशेष बिल संशोधन कैम्पों से बड़ी राहत, हजारों उपभोक्ताओं को मिला तत्काल लाभ

■ उपभोक्ताओं से अधिकाधिक संख्या में, कैंपों का लाभ उठाने तथा मोबाइल नं. अपडेट कराने की अपील

सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है।

गुरुवार को आयोजित हुए कैम्पों में 1112 शिकायतों का तत्काल समाधान अधिकारियों द्वारा किया गया। इनमे से बिल रिवीजन से संबंधित 214, मोबाइल नम्बर अपडेट से संबंधित 318, ऐप से संबंधित 344 तथा अन्य 236 शिकायतों का निस्तारण किया गया। विशेष कैम्प अधिशासी अभियन्ता एवं उपखण्ड अधिकारी कार्यालयों पर प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। निगम द्वारा उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में इन कैम्पों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पश्चिमांचल डिस्कॉम द्वारा बकाया बिल घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को 30 अप्रैल 2026 तक के बकाया विद्यत बिलों के भुगतान हेतु 10 किश्तों तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को 03 किश्तों (40, 30, 30 प्रतिश) में भुगतान की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

पश्चिमांचल डिस्कॉम के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील है कि अपने निकटतम कैम्प मे पहुंचेंकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाएं तथा जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नम्बर अभी तक अपडेट नही हैं, वे अवश्य अपना मोबाइल नंद्द अपडेट कराए ताकि विद्युत बिल एवं अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर प्राप्त हो सकें। पश्चिमांचल डिस्कॉम उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निरन्तर प्रतिबद्ध है।

# केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों एवं विकास कार्यक्रमों से आमजनमानस के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव: असीम अरूण

## प्रभारी मंत्री ने केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण में जनजागरूकता अभियान की तैयारियों के संबंध में की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को एनआईसी सभागार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण उ.प्र./प्रभारी मंत्री असीम अरूण द्वारा केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण में जनजागरूकता अभियान की तैयारियों के संबंध में जनपद मेरठ व हरदोई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएम द्वारा 05 जून से 21 जून तक जनपद में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की कार्य योजना को राज्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जनपद आगमन पर जिलाधिकारी व एसएसपी ने प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों का प्रतीक चिन्ह व पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस, 08 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम, 11 जून से 14 जून तक मीडिया संबोधन




एवं संवाद, 14 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले, 16 जून से 17 जून तक विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, 17 जून से 20 जून तक सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों पर आधारित स्टॉल एवं विकास प्रदर्शनी, 18 जून से 19 जून तक प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इसके अतिरिक्त अभियान अवधि में ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपालों का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार जनपद से ग्रामीण स्तर तक कार्यक्रमों की वृहद कार्य योजना तैयार की गई है तथा कार्यक्रमों हेतु नोडल अधिकारी, सह नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। बैठक में जनपद हरदोई ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के संबंध में प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर केन्द्र एवं राज्य सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों की उपलब्धियों तथा जनमानस के जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तन को प्रदर्शित करने हेतु एक समेकित अभियान 05 जून से 21 जून तक संचालित किया जा रहा है। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त कार्यक्रम सेवा, संस्कार, सुशासन और सम्मान के मूलभाव के अनुरूप संचालित किये जाये। केन्द्र एवं राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओ के संतृप्तिकरण तथा प्रदेश में विगत वर्षों में हुए विकास कार्य एवं सुशासन मॉडल को समस्त कार्यों में शामिल करते हुये आयोजन किया जाये। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम के संबंध में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि एवं महानगर अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक से सुझाव प्राप्त करते हुये निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ पूरे अभियान के अंतर्गत समस्त कार्यक्रमों को भव्यता के साथ आयोजित किया जाये, अधिक से अधिक आमजनमानस को विविध कार्यक्रमों से जोड़ते हुये लाभान्वित किया जाये। उन्होने कहा कि 12 वर्ष की अवधि में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में बड़ी संख्या में विकास कार्य कराये गये हैं। विभिन्न योजनाओ के माध्यम से आमजनमानस लाभान्वित हुए है। आयोजित कार्यक्रमों से आमजनमानस को जोड़ते हुये शहरी, ग्रामीण, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका सहित समस्त क्षेत्रो में कार्यक्रम आयोजित किये जाये तथा आमजनमानस के जीवन में हुए बदलाव को प्रदर्शित किया जाये तथा अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा. सोमेन्द्र तोमर, राज्यमंत्री जलशक्ति दिनेश खटीक, महापौर हरिकांत अहलूवालिया, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज, एमएलसी अश्वनी त्यागी, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तौगी, जिलाध्यक्ष हरवीर पाल, जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह, एसएसपी अविनाश पांडे, सीडीओ नूपुर गोयल, नगर आयुक्त सौरभ गंग. वार, उपाध्यक्ष मेडा संजय कुमार मीणा, डीएफओ वंदना फोगाट, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, सीएमओ डा. राम प्रसाद, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल, दो की हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में बुधवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मीरगंज लाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बरेली रेफर कर दिया गया।

पहली घटना बुधवार शाम करीब 5:30 बजे हुरहुरी मार्ग पर हुई। ठिरिया खुर्द निवासी आशा देवी पत्नी श्यामा चरन अपने बेटे के साथ स्कूटी से अपने गांव जा रही थीं। इसी दौरान सामने से आ रहे साइकिल सवार छोटेलाल पुत्र रामचरन निवासी दियोसास से उनकी स्कूटी की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में आशा देवी और छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस दोनों को सीएचसी मीरगंज लेकर पहुंची। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि आशा देवी के पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।वहीं दूसरी घटना मीरगंज-सिरोली रोड पर खुशबू धर्म कांटा के पास हुई। चुरई दलपतपुर निवासी धर्मेंद्र मोटरसाइकिल से मीरगंज आ रहा था। इसी दौरान सिरौली की ओर से आ रहे साइकिल सवार राम सहाय पुत्र सेवाराम निवासी लभेड़ा दुर्गा प्रसाद से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में राम सहाय का पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि धर्मेंद्र भी घायल हो गया।दुर्घटना के बाद धर्मेंद्र घायल राम सहाय को उपचार के लिए सीएचसी मीरगंज लेकर पहुंचा। चिकित्सकों ने राम सहाय की हालत गंभीर देखते हुए उसे निजी अस्पताल रेफर कर दिया।

# 500 लोगों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर-113 थाने की पुलिस ने ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिए 500 से अधिक लोगों को ठगने वाले गिरोह का गुरुवार को पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को सेक्टर-79 स्थित सोसाइटी से पकड़ा गया। आरोपियों के पास से तीन लैपटॉप, 26 मोबाइल फोन, 20 सिम कार्ड, पांच डेबिड कार्ड, दो पैन कार्ड, तीन वाई-फाई राउटर बरामद हुए। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि शहर में एक गिरोह पिछले कुछ समय से सक्रिय है। गिरोह के लोग ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट और मोबाइल ऐप के जरिये लोगों से ठगी करते हैं।

सूचना को पुख्ता कर सर्विलांस की मदद से टीम ने गुरुवार को सेक्टर-79 स्थित सोसाइटी में छापेमारी की। मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तेलंगाना





हैदराबाद के साई कुमार, आंध्र प्रदेश के कुमुदबल्ली गांव निवासी पंडाला सतीश, आंध्र प्रदेश के भीमा वरम गांव निवासी पांडुरंगा और गुंटूर के गाजुला पालम निवासी उदय कुमार के रूप में हुई।जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन चलाकर लोगों को रुपये दोगुने करने का लालच देते और ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट व उससे जुड़े एप के माध्यम से उन्हें ठगी का शिकार बनाते। बरामद लैपटॉप और मोबाइल फोन की जांच में लक्ष्मी ट्रेडर्स नामक बैंक खाते के जरिए करीब 2.4 करोड़ रुपये के संदिग्ध ऑनलाइन लेन-देन के साक्ष्य मिले। साथ ही, विभिन्न व्यक्तियों के साथ साइबर ठगी किए जाने के भी संकेत मिले। पुलिस अब डिजिटल साक्ष्यों और बैंकिंग रिकॉर्ड की जांच कर रही है।

**गिरोह का सरगना हैदराबाद में बैठा:** पुलिस का कहना है कि गिरोह का सरगना हैदराबाद का रहने वाला है। वह किसी गुप्त स्थान पर है। गिरफ्तार हुए चोरों आरोपी लगातार उसके संपर्क में थे। वह चारों आरोपियों को हैदराबाद में बैठकर ही लोगों से ठगी करने के बारे में जानकारी देता था। गिरफ्त में आए आरोपियों से मिले सुराग और सर्विलांस की मदद से पुलिस गिरोह के सरगना तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**बीते तीन माह से नोएडा में सक्रिय थे:** पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले तीन माह से नोएडा में ठहरे हुए थे। इसके लिए उन्होंने से सेक्टर-79 स्थित नामी सोसाइटी में करीब 40 हजार रुपये प्रतिमाह किराये पर फ्लैट लिया था। चारों आरोपी अक्सर फ्लैट में ही रहते थे। कभी-कभार ही फ्लैट से बाहर निकलते थे। खाना भी ऑनलाइन ही ऑर्डर करके मंगवाते थे।

**चारों आरोपी 10वीं और 12वीं पास:** पूछताछ में पुलिस को आरोपियों ने बताया कि करीब पांच माह पूर्व वह गिरोह के सरगना के संपर्क में आए थे। वह महज 10वीं और 12वीं पास हैं। जल्द अमीर बनने और शौक पूरा करने की चाह में लोगों से ठगी करने लगे। साई कुमार 10वीं, पंडाला 12वीं, पांडुरंगा 10वीं और उदयकुमार 12वीं पास है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा-111, 318(4) तथा आईटी ऐक्ट की धारा 66-डी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

**मोबाइल-लैपटॉप से कई अहम सुराग मिलेंगे:** पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पास से बरामद लैपटॉप और मोबाइल फोन का डाटा रिकवर कराया जाएगा। उससे पता चल सकेगा कि आरोपियों ने किन-किन लोगों को कितने रुपये से ठगी की है। साथ ही, यह भी पता चल सकेगा कि इस धोखाधड़ी के काम में आरोपियों के साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे ताकि उन्हें भी कार्रवाई के दायरे में लाया जा सके।

## डंपिंग ग्राउंड विरोध: ग्रामीणों का 50वें दिन भी धरना जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र स्थित अस्तौली गांव में प्रस्तावित डंपिंग ग्राउंड के विरोध में ग्रामीणों का धरना 50वें दिन भी जारी रहा। गुरुवार को ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने धरनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अडिग रहे।

ग्रामीणों ने अधिकारियों को स्पष्ट बताया कि वे गांव के पास डंपिंग ग्राउंड किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। उनका तर्क है कि यह परियोजना क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए हानिकारक साबित होगी। ग्रामीणों ने प्राधिकरण से इस योजना को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की।अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों और आपत्तियों से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अगला निर्णय होने तक डंपिंग ग्राउंड का कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। अधिकारियों के अनुसार, इस स्थान पर न तो कूड़ा डाला जाएगा और न ही कोई निर्माण कार्य किया जाएगा। धरने में शामिल ग्रामीणों का कहना है कि डंपिंग ग्राउंड के कारण आसपास के गांवों में बदबू फैल रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बढ़ रही हैं। उनका आरोप है कि क्षेत्र में लोगों के बीमार होने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। इसी कारण करीब आठ गांवों के किसान एकजुट होकर यह आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान सूरज भाटी, धनपाल भाटी, देवी भाटी, गजेंद्र मास्टर, विजय पहलवान, विनोद प्रधान, रिंकू भाटी और महकार ठेकेदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## टैक्सी में चालक का शव मिला

**नोएडा।** सेक्टर-37 में बुधवार रात टैक्सी में चालक का शव में मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-37 हरिजन बस्ती के रहने वाले उपेंद्र कुमार टैक्सी चलाते थे। वह मूलरूप से झारखंड गिरिडीह के पचमना गांव के रहने वाले थे। शराब पीने के आदी थे। वह बुधवार रात को टैक्सी चलाकर आए थे। उन्होंने सेक्टर-37 स्थित पोस्ट ऑफिस के पास टैक्सी खड़ी कर उसमें शराब पी और उसी में सो गए। सुबह परिजन उन्हें ढूंढ़ते हुए टैक्सी के पास पहुंचे। टैक्सी अंदर से लॉक थी। पास में ग्लास और शराब की बोतल पड़ी थी। उपेंद्र बेहोशी की हालत में थे। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शीशा तोड़कर टैक्सी को खोला। उपेंद्र को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उपेंद्र को मृत घोषित कर दिया।

# तेज बारिश, 60 किलोमीटर प्रति घंटा से चली हवा

- **दोपहर में छाया अंधेरा , लोगो को मिली गर्मी से राहत, 100 से ज्यादा पेड़ गिरे**



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** 4 और 5 जून के लिए जारी किए गए येलो अलर्ट के बीच गुरुवार को दिल्ली-एनसीआर का मौसम अचानक बदल गया। दोपहर के समय आसमान पर घने काले बादल छा गए और कई इलाकों में दिन में ही अंधेरा जैसा माहौल बन गया।

तेज आंधी, धूल भरी हवाओं और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। सड़कों पर निकले लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नोएडा के स्पेकट्रम मॉल के पास, फिल्म सिटी में कार पर पेड़ गिर गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई। इसके साथ ही सेक्टर-28, सेक्टर-6 , सेक्टर-51 में पेड़ गिरे। वहीं नोएडा की मुख्य सड़कों पर पेड़ गिरे।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 4 जून को दिल्ली-एनसीआर में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई थी। विभाग ने चेतावनी दी थी कि पूर्वाह्न और दोपहर के दौरान तेज सतही हवाएं चल सकती हैं तथा गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

**70 किलोमीटर प्रति घंटा की रास्ता से चली हवा:** मौसम विभाग के अनुसार कई क्षेत्रों में हवाओं की रफ्तार 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंची, जिससे पेड़ों की शाखाएं हिलती रहीं और कई स्थानों पर यातायात प्रभावित हुआ।

**तापमान में आई गिरावट:** आईएमडी के स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक 4 जून को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान था। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

**पांच जून को भी येलो अलर्ट जारी:** येलो अलर्ट के दूसरे दिन यानी 5 जून के लिए भी मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार इस दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। पूर्वानुमान के अनुसार सुबह, पूर्वाह्न और रात के समय गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना बनी हुई है।

**वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण हुई बारिश:** मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के प्रभाव से दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ दिनों तक मौसम सुहावना बना रह सकता है। 6 जून को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

इस दिन भी गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है, हालांकि कोई विशेष चेतावनी जारी नहीं की गई है। वहीं 7 जून को मौसम साफ रहने की संभावना है तथा अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रह सकता है।

## एक नजर

### सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी और फोटो वायरल करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले युवक ने पड़ोसी पर इंस्टाग्राम आईडी पर परिवार के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने उसका फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित का आरोप है कि आरोपी आतिफ अली ने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर पीड़ित के परिवार के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की। साथ ही, पीड़ित का एक फोटो एआई से एडिट कर उसे आपत्तिजनक बनाकर वायरल कर दिया। इससे पीड़ित और उसके परिजन काफी परेशान हैं।

पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से थार सवार युवक की मौत, प्राथमिकी दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में थार कार सवार युवक की मौत हो गई। परिजनों ने ट्रक चालक के खिलाफ बुधवार को कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। डेल्टा-2 निवासी सरविन्दर कुमार ने बताया कि उनका भतीजा अभिषेक 30 मई की रात अपने एक दोस्त की सफेद रंग की थार रॉक्स कार से ग्रेटर नोएडा से नोएडा की ओर जा रहा था। रात करीब 11 बजे डोमिनोज गोलचक्कर से अल्फा-1 गोलचक्कर के पास एक ट्रक गलत तरीके से चल रहा था। इसी दौरान ट्रक ने अचानक बाईं ओर कट मारा, जिससे पीछे चल रही थार कार उसकी चपेट में आ गई। हादसे में थार चालक अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए कैलाश अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि ट्रक के पीछे न तो इंडिकेटर जल रहे थे और न ही ब्रेक लाइट काम कर रही थी। ट्रक पर कोई रिफ्लेक्टर या चेतावनी त्रिकोण भी नहीं लगा था। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

### एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से शख्स की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर रेलवे स्टेशन दादरी के समीप 35 वर्षीय शख्स की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह के समय दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर एक्सप्रेस ट्रेन दिल्ली की तरफ जा रही थी। रेलवे स्टेशन दादरी के समीप ट्रेन के पहुंचने पर दादरी के करन विहार कॉलोनी निवासी पंकज वर्मा रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी दौरान एक्सप्रेस ट्रेन आने के चलते चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना परिजनों को दी गई है।

### जैगवार कार में लगी भीषण आग

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना एक्सप्रेसवे पर ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट से करीब 5-6 किलोमीटर आगे एक जैगवार कार में भीषण आग लग गई। गुरुवार दोपहर करीब 3:30 बजे हुई इस घटना में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह हादसा ईकोटेक वन थाना क्षेत्र में हुआ। कार में गुरुग्राम के चार लोग सवार थे, जो मथुरा-वृंदावन जा रहे थे। यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट से आगे बढ़ते ही गाड़ी के अगले हिस्से से धुआं निकलना शुरू हो गया। कार सवारों ने तुरंत गाड़ी को साइड में रोका।

## चार फीट गहरे नाले में गिरे आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-122 में गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के पूर्व निदेशक डॉ. आर.एस. शर्मा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के एटीएम में पैसे निकालने जा रहे थे, तभी वे खुले नाले में गिर गए। घटना के समय उनकी पत्नी और बेटी भी साथ थीं। दोनों ने शोर मचाकर मदद मांगी, जिसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर उन्हें किसी तरह नाले से बाहर निकाला।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिस नाले में डॉ. शर्मा गिरे उसकी गहराई करीब चार फीट है। बैंक परिसर के प्रवेश द्वार के सामने ही नाला खुला पड़ा है, जिससे वहां आने-जाने वाले लोगों को लगातार खतरा बना रहता है। हालांकि इस हादसे में डॉ. शर्मा को केवल मामूली चोटें आईं, लेकिन समय रहते मदद न मिलती तो बड़ा हादसा हो सकता था। ओघटना के बाद स्थानीय लोगों में प्राधिकरण के खिलाफ नाराजगी देखने को मिली। क्षेत्र के पूर्व आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा ने बताया कि बैंक के बाहर स्थित यह नाला पिछले करीब एक साल से खुला पड़ा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार नोएडा प्राधिकरण से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

**प्राधिकरण ने दिया आश्वासन:** स्थानीय लोगों के अनुसार, प्राधिकरण की ओर से नाले को ढकने का आश्वासन दिया गया है। अधिकारियों ने बताया है कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा।हालांकि लोगों का कहना है कि जब तक काम शुरू नहीं होता, तब तक यहां हादसों का खतरा बना रहेगा।

नोएडा में खुले गड्ढों और नालों के कारण हादसों की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले गड्ढे में गिरने से युवराज मेहता की मौत हो चुकी है। वहीं सेक्टर-94 में भी इसी तरह का हादसा सामने आ चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार घटनाएं होने के बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। डॉ. शर्मा के नाले में गिरने की घटना ने एक बार फिर प्राधिकरण की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। निवासियों ने मांग की है कि खुले नालों और गड्ढों को तत्काल ढका जाए तथा ऐसे स्थानों पर चेतावनी बोर्ड और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# युवराज मामले में चर्चा में आया मनिंदर गिरफ्तार

## नोएडा में रेस्टोरेंट, रेहड़ी वालों से रंगदारी मांगने के आरोप में भाई संग अरेस्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की पानी में डूबने से हुई मौत के मामले में चर्चा में आए डिलीवरी बॉय मनिंदर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मनिंदर पर रेस्टोरेंट और रेहड़ी वालों से रंगदारी मांगने का आरोप है। पुलिस ने उसके भाई नरेंद्र को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। ग्रेटर नोएडा के



पुलिस उपायुक्त और अपर पुलिस उपायुक्त के पर्यवेक्षण में नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने गुरुवार को सेक्टर 150, नोएडा से मनिंदर और नरेंद्र (पुत्रगण महरचंद, निवासी गढ़ी समस्तीपुर) को पकड़ा। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। ये लोग रेस्टोरेंट संचालकों और ढकेल वालों को डरा-धमकाकर हर महीने 20 से 25 हजार रुपये की रंगदारी मांगते थे। एक पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। इनके खिलाफ पहले भी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई हो चुकी है।

गौरतलब है कि मनिंदर तब चर्चा में आया था जब नोएडा के सेक्टर 150 में युवराज मेहता की कार पानी में गिर गई थी। उस समय मनिंदर ने दावा किया था कि युवराज को कोई मदद नहीं मिली और वह खुद पानी में उतरा था।

## कूलर में करंट से युवक की मौत

**नोएडा।** होशियापुर गांव में रहने वाले 47 वर्षीय व्यक्ति को घर में रखे कूलर से करंट लग गया। उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला बुलंदशहर के जहांगीराबाद क्षेत्र के रहने वाले चंद्र किरण होशियापुर गांव में अपने भाई के साथ रह रहे थे। बुधवार रात को होशियापुर गांव वाले मकान में उन्हें घर में रखे कूलर से करंट लग गया।

## नोएडा प्राधिकरण गेट पर धरने पर बैठे किसान

**नोएडा।** नोएडा में किसान आज (गुरुवार) अपनी लंबित मांगों को लेकर प्राधिकरण के गेट पर धरने पर बैठे हैं। भारतीय किसान परिषद के बैनर तले सेक्टर-6 स्थित हरौला बारात घर में किसान जुटे। यहां से वे पैदल मार्च करते हुए नोएडा प्राधिकरण पहुंचें। प्राधिकरण के गेट के बाहर किसानों ने टेंट लगा दिया। दरी बिछाकर धरने पर बैठे हैं और नारेबाजी कर रहे हैं। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट है।

किसानों के विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही नोएडा ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह और क्रांति शेखर जी मौके पर पहुंच गए हैं। वें लोग किसानों से बात करके धरना प्रदर्शन खत्म करने के लिए कह रहे हैं। लेकिन अपनी मांगों को लेकर अड़े हैं। उनका कहना है कि जब तक मेरी मांग नहीं पूरी होती तब तक हम कहीं नहीं जाएंगे।

**किसानों की प्रमुख मांगें**

10 प्रतिशत विकसित भूखंड आवंटित किए जाएं, ताकि अधिग्रहित भूमि के बदले किसानों को उचित लाभ मिल सके।

5 प्रतिशत अतिरिक्त विकसित भूखंड और उसके समतुल्य मुआवजा दिया जाए।

हाई पावर कमेटी की सिफारिशों को तत्काल लागू किया जाए।

# ग्रेनो में पर्यावरण एक्सपो का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपोर्ट सेंटर में शुरू हुए विश्व पर्यावरण एक्सपो का शुभारंभ गुरुवार को सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण और प्रकृति की देखभाल करना बहुत जरूरी है। यह आयोजन इंडिया एग्जिबिशन सर्विसेज और ग्रीन सोसाइटी ऑफ इंडिया मिलकर आयोजित कर रहे हैं। इस मौके पर डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि भारत भूमि प्राकृतिक के महत्व को आदिकाल से समझती आई है। इसीलिए हम इसको मदर नेचर कहते हैं। मुझे भी इसके करीब जाने का मौका मिला। मैं भारत सरकार का पर्यावरण और वन मंत्री रह चुका हूं।

इसलिए मैंने इसे बहुत गहराई से समझा। आज बहुत जरूरी है कि हम पर्यावरण और मदर नेचर की देखभाल करने का संकल्प लें। भारत के लोग धरती मां को मां के बराबर का महत्व देते हैं। वहीं, पेड़ों



की पूजा भी इसी देश में होती है। सूर्य देवता के साथ गंगा और यमुना की भी पूजा भी यहां होती है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस जरूरत को समझा और इस दिशा में बहुत काम किया है। मैं जनता से भी आवाहन करता हूं की यह प्रकृति हमारी है। आने वाली पीढ़ियां हमसे पूछेंगे कि यह महत्वपूर्ण नहीं कि हमें वसीयत में क्या मिला है।

महत्वपूर्ण यह है कि हम आने वाली पीढ़ियां के लिए विरासत में क्या छोड़ कर जाएंगे, एक प्रदूषित शहर, प्रदूषित हवा और प्रदूषित पानी तो हमारी पीढ़ियां भी हमें माफ नहीं करेंगी।इस अवसर पर स्वदेश कुमार संस्थापक एवं सीईओ, इंडियन एग्जीबिशन सर्विसेज ने कहा कि वर्ल्ड एनवायरनमेंट एक्सपो पर्यावरण, स्वच्छ ऊर्जा और हरित तकनीकों से जुड़े उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है। हमें खुशी है कि इस वर्ष बड़ी संख्या में प्रदर्शक, उद्योग विशेषज्ञ और आगंतुक इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

# 650+ प्लेसमेंट ऑफर्स: इनवर्टिस यूनिवर्सिटी के छात्रों को गूगल अमेजॉन डेलॉयट आईबीएम जैसी बड़ी कंपनियों में मिला मौका

**नई दिल्ली।** जब इनवर्टिस यूनिवर्सिटी का 2026 प्लेसमेंट सीजन समाप्त हुआ, तब आंकड़ों ने खुद इसकी सफलता की कहानी बयां की। 650+ प्लेसमेंट ऑफर्स, और गूगल अमेजॉन डेलॉयट आइ बी एम इन्फोसिस टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस एक्सेंचर और एचसीएल टेक्नोलॉजी जैसी लीडिंग कंपनियों में छात्रों का चयन। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, कंसल्टिंग, फाइनेंस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, ऑपरेशन्स और बिजनेस मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में छात्रों ने अपनी जगह बनाई। लेकिन इन ऑफर्स के पीछे सिर्फ प्लेसमेंट सीजन नहीं, बल्कि वर्षों की तैयारी और लगातार स्किल डेवलपमेंट की मेहनत थी।

### पहले दिन से करियर बिल्डिंग पर फोकस

इनवर्टिस यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट केवल अंतिम वर्ष की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह शुरुआत से तैयार किया जाने वाला एक स्ट्रक्चर्ड जर्नी है। इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कंप्यूटर एप्लीकेशन्स, कॉमर्स और अन्य प्रोफेशनल प्रोग्राम्स के छात्रों ने टेक्नोलॉजी, कंसल्टिंग, बैंकिंग, हेल्थकेयर, रिटेल और कॉरपोरेट सर्विसेज जैसे सेक्टर्स में अवसर हासिल किए हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यूनिवर्सिटी का वह इकोसिस्टम है जहां एकेडमिक्स के साथ-साथ प्रैक्टिकल लर्निंग और एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स पर बराबर ध्यान दिया जाता है।

यूनिवर्सिटी में 100+ वैल्यू-एडेड कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिनमें टेक्निकल स्किल्स, लाइफ स्किल्स और एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स शामिल हैं, ताकि छात्र सिर्फ सिलेबस तक सीमित न रहें बल्कि इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल्स बन सकें।

### ऑफर्स के पीछे मजबूत इकोसिस्टम

650+ प्लेसमेंट ऑफर्स किसी एक इवेंट का परिणाम नहीं हैं, बल्कि यह उस मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री-फोकस्ड




अप्रोच का नतीजा है जिसे इनवर्टिस यूनिवर्सिटी ने वर्षों में तैयार किया है।

यूनिवर्सिटी की लिंकडिन के साथ एक्सक्लूसिव कोलैबोरेशन के तहत हर छात्र को 16,000+ लिंकडिन लर्निंग कोर्सेज का फ्री एक्सेस मिलता है, जिनमें एआई, डेटा एनालिटिक्स, बिजनेस, लीडरशिप और कम्युनिकेशन जैसे विषय शामिल हैं। इन कोर्सेज के सर्टिफिकेट्स सीधे स्टूडेंट्स के लिंकडिन प्रोफाइल्स पर दिखाई देते हैं, जिससे रिक्रूटर्स के सामने उनकी प्रोफाइल और मजबूत बनती है। इसके अलावा छात्रों को सीएसईडी के माध्यम से 1.5 लाख तक की सर्टिफाइड ट्रेनिंग बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्रदान की जाती है। स्टूडेंट्स 10 से 12 इंटर्नशिप्स में भाग लेते हैं, जहां 70:30 का फोकस प्रैक्टिकल लर्निंग पर रखा जाता है। माइक्रोसॉफ्ट और एडोब सर्टिफिकेशन्स भी कैंपस में ही उपलब्ध हैं, जिससे स्टूडेंट्स ग्रेजुएशन से पहले ग्लोबली रिकग्नाइज्ड क्रेडेंशियल्स हासिल कर लेते हैं। जो छात्र इंटरनेशनल एक्सपोजर चाहते हैं, उनके लिए यूनिवर्सिटी दुबई, सिंगापुर, फ्रांस, स्वीडन और मॉरीशस जैसे देशों में पेड इंटरनेशनल इंटर्नशिप्स उपलब्ध कराती है। साथ ही यूएसए, जर्मनी और साउथ अफीका में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम्स भी आयोजित किए जाते हैं। कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर पूरे वर्ष रिक्रूटर इंगेजमेंट को मैनेज करता है, जबकि स्टूडेंट सक्सेस नेटवर्क प्रोग्राम और सीनियर्स-टू-जूनियर्स मेंटरिंग मॉड्यूल छात्रों को एकेडमिक्स के साथ-साथ करियर गाइडेंस और मेंटरशिप भी प्रदान करते हैं।

### एक ऐसा कैंपस जो फ्यूचर के लिए तैयार करता है

इस वर्ष मिले 650+ ऑफर्स सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक बड़े विजन का हिस्सा हैं। यूनिवर्सिटी हर वर्ष 10 करोड़ तक की मेरिट-बेस्ड स्कॉलरशिप्स प्रदान करती है, जिनमें 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप्स भी शामिल हैं, ताकि प्रतिभाशाली छात्रों को फाइनेंशियल लिमिटेशन्स का सामना न करना पड़े।

# खेकड़ा में पुराने मशीन कलपुर्जो से बनी 12 फीट ऊंची श्रीराम प्रतिमा का अनावरण

## प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने किया लोकार्पण, जिलाधिकारी ने बताया जिले की पहचान और सौंदर्य बढ़ाने वाला प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री और बागपत के प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने गुरुवार को खेकड़ा क्षेत्र के मवीकलां चौकी के पास भगवान श्रीराम की एक प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा मशीनों के पुराने कलपुर्जों से निर्मित की गई है। इस अवसर पर क्षेत्र में धार्मिक और उत्सव का माहौल रहा, जहां मंत्री, अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी का स्वागत बागपत की जिलाधिकारी अस्मिता लाल, भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा और नगर पालिका परिषद खेकड़ा के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील धामा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मंत्री ने प्रतिमा के निर्माण की सराहना की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने प्रतिमा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसे पूरी तरह मशीनों के पुराने कलपुर्जों से तैयार किया गया है। प्रतिमा की ऊंचाई 12 फीट और वजन लगभग 300 किलोग्राम है। इसे 16 टन वजनी और 6 फीट ऊंचे विशाल पत्थर पर स्थापित किया गया है, जिससे इसकी कुल ऊंचाई लगभग 18 फीट हो जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान श्रीराम भारतीय संस्कृति, आस्था और आदर्शों के प्रतीक हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसी कलात्मक और धार्मिक प्रतिमाएं न केवल लोगों की आस्था को मजबूत करती हैं, बल्कि



जिले के सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उनके अनुसार, यह प्रतिमा बागपत में प्रवेश करने वाले लोगों के लिए जिले की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, उपजिलाधिकारी खेकड़ा मनीष यादव, उपजिलाधिकारी बागपत ज्योति शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# खेत पर पड़ा मिला किसान का शव परिजनों का बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में खेत पर सिचाई करने गया एक किसान का शव खेत पर ही पड़ा मिला जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस नें शव का पंचनामा पर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है।

ढिकोली निवासी अरविंद 45 वर्षीय उर्फ पिंटू खेत पर सुबह के समय ज्वार की फसल की सिचाई करने गया था उसके साथ उसका पुत्र अक्षु भी साथ था दोपहर के समय गर्मी ज्यादा होने पर उसने पुत्र को घर भेज दिया देर शाम जब किसानों ने उसके खेत में उसका शव देखा तो परिजनों को सूचना दी मौकें पर परिजन पहुंचे और थाना चांदीनगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी पुलिस नें मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्मार्टम के लिए भेजना चाहा तो परिजनों नें मना कर



दिया ग्रामीण ओमपाल,रामबीर सिंह,सुखदेव, आदि का कहना है की किसान की मौत गर्मी के चलते हुई है बाद में पुलिस नें शव का पंचनामा भर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया की मृतक किसान शराब का भी आदी था मौत के कारण का पोस्मार्टम के बाद पता चलेगा मृतक के शव को पोस्मार्टम के लिए भेजा गया है।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जनभागीदारी और जागरूकता जरूरी: संजय राणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** दयानंद बाल विद्या मंदिर परिसर में एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन (एस्रो) के तत्वावधान में 45 दिवसीय पर्यावरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में देश के विभिन्न क्षेत्रों की पांच प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से आए 15 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना है।

विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाद सत्र में एस्रो के निदेशक संजय राणा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन वर्तमान समय की सबसे गंभीर वैश्विक चुनौतियों में से एक है। उन्होंने बताया कि बढ़ता तापमान, अनियमित वर्षा, बाढ़, सूखा और अन्य प्राकृतिक आपदाएं इसके प्रत्यक्ष परिणाम हैं, जिनका प्रभाव मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल संसाधनों और अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। देशवीर नैन ने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर पर्यावरणीय संकटों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने युवाओं से ऊर्जा संरक्षण, जल बचत, वृक्षारोपण और प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने का आहवान किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को पर्यावरणीय अध्ययन, कचरा प्रबंधन, जैव



विविधता संरक्षण, जल संरक्षण और सामुदायिक जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही छात्र ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में खुशी, प्रिंस, सुमेधा, भार्गवी, रोहित, सिद्धार्थ, सूरज, उमंग, तनु, अश्वनी, हर्ष, ऋषभ, प्रियांश और यशस्वी सहित अन्य मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माताजी लीलावती का निधन, शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का लगा तांता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बड़ौत एनसीआर क्षेत्र के जागौश गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा की माताजी, 80 वर्षीय लीलावती का मंगलवार रात निधन हो गया। वह पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। अपने पीछे वह तीन पुत्र, तीन पुत्रियां, पौत्र-पौत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं।

बुधवार सुबह यमुना नदी के किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन की खबर से जिले भर के पत्रकारों, समाजसेवियों एवं गणमान्य लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की। शोक व्यक्त करने वालों ने वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा एवं उनके परिवार को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। जागौश स्थित उनके निवास पर दिनभर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। स्वर्गीय लीलावती गांव में एक समाजसेविका के रूप में भी जानी जाती थीं। वह लोगों के सुख-दुख में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाती थीं और समाज के हर वर्ग के लोगों से उनका आत्मीय संबंध था। उनके निधन से परिवार ही नहीं, पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।



# ढिकोली में नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में पानी निकासी और नाली निर्माण को लेकर ग्रामीण अनिश्चितकालीन धरना दे रहे थे जहा नायब तहसीलदार के आश्वासन के बाद ग्रामीणो नें धरना समाप्त कर दिया है।

ढिकोली गांव में मंदिर के पास से गुजरने वाली पिलाना-चमरावल मेन सड़क पर बने मकानों के पानी की निकासी ने होने को लेकर सड़क पर जलभराव और गंदगी की स्थिति बनी रहती है कस्बें के लोगो ने कई बार उच्च अधिकारियों से शिकायत कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है लेकिन कोई समाधान नही हुआ था जिससे लेकर भारतीय किसान यूनियन के पिलाना ब्लॉक अध्यक्ष नीरज ढाका नें कार्यकताओं और ग्रामीणों नें साथ



समस्या के समाधान की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। नीरज ढाका ने बताया था कि जल भराव और गंदगी के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है वही नाली निर्माण न होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है उन्होंने कहा जब तक समस्या का समाधान नही होता है वह धरना जारी रखेगे जिसके बाद बागपत नायब तहसीलदार राघवेन्द्र पाण्डे रात्रि धरने पर ग्रामीणों के पास पहुंचे और उन्हें आश्वासन दिया की जल्द उनकी समस्या का समाधान किया जायेगा जिसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया हैं। इस मौकें पर वीरेंद्र , पंकज, बिल्लू प्रजापति, पिंटू प्रजापति, विनोद, अजय, प्रमोद, ऋषि प्रजापति, सत्य प्रजापति, दीपक प्रजापति, रामपाल ढाका, तरुण फौजी ढाका, अक्षय ढाका, सचिन ढाका, अरुण ढाका, उज्जवल ढाका , कमल प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टश्वप 10 में आने के लिए दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र सरकार के सफल एवं जनकल्याणकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल निर्देशन में प्रदेशभर में 05 जून से 21 जून 2026 तक सेवा, संस्कार ,सुशासन, एवं सम्मान, सुशासन, के 12 वर्ष विषयक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

इसी क्रम में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद बागपत के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की रूपरेखा की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं आमजन के जीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। नगर निकायों, विकास खंडों, ग्राम पंचायतों, अमृत सरोवरों, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेस-वे, नदियों एवं नहरों के किनारे व्यापक वृक्षारोपण कराया जाए तथा सिटी फॉरेस्ट विकसित करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही की जाए। बैठक में निर्देश दिए गए कि 08 जून से 14 जून 2026 तक विशेष जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके अंतर्गत जनपद के प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी पहुंचाई जाए। प्रभारी मंत्री ने 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशालाओं के आयोजन के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा, जिसमें युवाओं, महिलाओं, एनसीसी, पुलिस, स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं 20 जून को रात्रि चौपाल का आयोजन होगा, जिसमें जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। जनपद को टॉप 10 में लाने के लिए प्रयासरत रहे उन्होंने कानून व्यवस्था की भी समीक्षा की उन्होंने कहा कि सभी अच्छा चलना चाहिए। बैठक में विधानसभा बागपत विधायक योगेश धामा ,विधायक छपरौली अजय कुमार ,भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा भाजपा जिला प्रभारी डॉक्टर चंद्रमोहान ,जिलाधिकारी अस्मिता लाल ,मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार, जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तीरथ लाल सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भीख मांगने वाले व्यक्ति से मारपीट, नगदी व मोबाइल लूटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के लूम गांव में भीख मांगने वाले एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर उससे नगदी और मोबाइल फोन छीनने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने कुछ युवकों पर गाली-गलौज, मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि वह पिछले कई वर्षों से लूम गांव में भीख मांगने के लिए आता रहा है। आरोप है कि मंगलवार को गांव में भीख मांगने के दौरान कुछ युवकों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित के अनुसार, इसके बाद युवक उसे जबरन बाइक पर बैठाकर गांव से दूर जंगल में ले गए, जहां लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। आरोप है कि हमलावरों ने उससे नगदी और मोबाइल फोन भी छीन लिया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे गांव की सीमा के बाहर छोड़कर आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने फोन के माध्यम से मामले की जानकारी दी और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक पुलिस को तहरीर दिए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी थी। वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर में लीकेज से घर में लगी आग, चार वर्षीय मासूम की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के पठानकोट मोहल्ले में देर रात गैस सिलेंडर में लीकेज होने से एक घर में भीषण आग लग गई। हादसे में चार वर्षीय मासूम जैद की मौत हो गई, जबकि उसे बचाने के प्रयास में उसका बड़ा भाई और चाचा गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद मोहल्ले में शोक और दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार परिवार के सदस्य देर रात घर में चाय बना रहे थे। इसी दौरान बड़े गैस सिलेंडर से गैस रिसाव होने लगा और अचानक आग भड़क उठी। आग ने पास में रखे पांच किलोग्राम के छोटे सिलेंडर को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे देखते ही देखते आग पूरे घर में फैल गई। आग लगते ही परिवार के सदस्य जान बचाकर घर से बाहर निकल आए। बाहर आने पर उन्हें पता चला कि चार वर्षीय जैद घर के अंदर ही रह गया है। बताया जाता है कि आग से घबराकर जैद चारपाई के नीचे छिप गया था। उसे बचाने के लिए उसका बड़ा भाई हुसैद घर के अंदर गया, लेकिन वह भी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने गंभीर रूप से झुलसे जैद को उपचार के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं आग लगे सिलेंडर को घर से बाहर निकालने के प्रयास में जैद का चाचा वसीम भी बुरी तरह झुलस गया। घटना के दौरान स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए धधकते सिलेंडर को मकान से बाहर एक



जैद, मृतक

खाली प्लॉट में फेंका और आग बुझाने का प्रयास किया। आग की ऊंची लपटों से पूरे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सिलेंडर को घर से बाहर नहीं निकाला जाता तो हादसा और भी भयावह हो सकता था। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत विजन को माय भारत संग जुड़कर साकार कर रहे अमन, उत्तर प्रदेश का बढ़ाया मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कभी गांव-गांव साइकिल पर अखबार बेचने वाला बागपत का युवा आज देश के टॉप यूथ आइकॉन में अपनी पहचान बना चुका है। जनपद बागपत के गांव टयौढ़ी निवासी राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं माय भारत स्वयंसेवक अमन कुमार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में आयोजित विशेष राष्ट्रीय समारोह में आमंत्रित किया गया, जहां माय भारत प्लेटफॉर्म को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 की राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में मात्र एक सप्ताह के भीतर देशभर के 3,90,812 युवाओं ने प्रतिभाग कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया था।

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डा मनसुख मांडविया, केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा निखिल खड़से, युवा कार्यक्रम विभाग की सचिव डा पल्लवी जैन गोविल सहित मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने देश के टॉप यूथ आइकॉन संग इस विश्व कीर्तिमान को प्राप्त किया जिसमें उत्तर प्रदेश की युवा शक्ति के रूप में बागपत के यूथ आइकॉन अमन कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। अमन कुमार वही युवा हैं जिन्होंने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में टीम उत्तर प्रदेश के ग्रुप कैप्टन के रूप में प्रदेश के 75 जनपदों के युवाओं की राष्ट्रीय मंच पर अगुवाई की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के समक्ष टीम यूपी का नेतृत्व कर इस युवा ने अपनी अलग पहचान बनाई थी। अमन कुमार ने कहा कि माय भारत आज गांव-देहात के युवाओं को भी राष्ट्रीय मंचों से जोड़ने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग जैसे मंचों ने युवाओं को नीति निर्माण और राष्ट्र विकास का सहभागी बनाया है जहां स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष युवाओं को विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलता हैं। आज बागपत का यह युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूनेस्को, यूनिसेफ, हंड्रेड, क्लाइमेट कार्डिनल्स सहित विभिन्न संस्थानों से जुड़कर कार्य कर रहा है। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के साथ दुनियाभर के टॉप 25 यूथ चैंपियन में भी शामिल रह चुके अमन कुमार का कहना है कि उनके जीवन में सबसे बड़ा बदलाव अखबार पढ़ने की आदत और माय भारत से जुड़ने के बाद आया। कभी मजबूरी में अखबार बेचने वाला यह युवा आज उसी जानकारी की शक्ति के माध्यम से लाखों युवाओं को नई दिशा दिखाने में जुटा है।



# पेंट की दुकान से मोबाइल और नकदी चोरी, CCTV में कैद हुई वारदात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित एक पेंट की दुकान से मोबाइल और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार में व्यापारी अनुराग जैन की पेंट की दुकान पर एक अज्ञात युवक चोरी की नीयत से पहुंचा। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि आरोपी पहले दुकान के अंदर और आसपास का जायजा लेता है। जब उसे यकीन हो जाता है कि दुकानदार मौजूद नहीं है, तो वह काउंटर के पास पहुंचकर दराज खोलता है और उसमें रखा मोबाइल फोन तथा नकदी निकालकर फरार हो जाता है। पीड़ित व्यापारी अनुराग जैन ने



बताया कि चोरी में उनका मोबाइल और कुछ नकदी गायब हुई है। उन्होंने पुलिस से मामले का जल्द खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने आशंका जताई कि बाजार में सक्रिय कोई चोर गिरोह व्यापारियों को निशाना बना रहा है। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में रोष है। व्यापारियों ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है। उधर, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर जल्द ही आरोपी को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

# ब्रेक जाम होने से बेकाबू कार ने मारी टक्कर, तीन वाहन क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्र वंदना चौक के पास गुरुवार को एक सड़क हादसे में तीन वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में वाहनों को काफी नुकसान पहुंचा, लेकिन किसी के गंभीर रूप से घायल न होने से बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार मेरठ जनपद के छोटा मवाना निवासी अजय त्यागी अपनी कार से नैथला की ओर जा रहे थे। जब वह राष्ट्र वंदना चौक के समीप पहुंचे तो अचानक उनकी कार के ब्रेक जाम हो गए। ब्रेक फेल होने के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहनों से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बेकाबू कार ने एक के बाद एक तीन वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टक्कर



इतनी जोरदार थी कि तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन बाद में क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सुचारु करा दिया गया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वाहनों की गति अधिक होती तो दुर्घटना और भी गंभीर रूप ले सकती थी। समय रहते स्थिति नियंत्रित होने से बड़ा नुकसान टल गया।

# योगी सरकार में खनन माफिया की गुंडई, टोलकर्मी के साथ की मॉब लिंचिंग

## भैंसा टोल प्लाजा पर देर रात हुई घटना, काफी समय से मिट्टी के डंफर फ्री में निकालने का बना रहा था दबाव

■ मॉब लिंचिंग की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** अपराध और अपराधियों के विरुद्ध पुलिस की तमाम सख्ती के बाद भी कुछ दबंग बाज नहीं आ रहे हैं। नेशनल हाईवे-34 के भैंसा टोल प्लाजा पर बुधवार देर रात खनन माफिया ने साथियों संग मिलकर दो टोलकर्मियों की बुरी तरह से पीटकर मॉब लिंचिंग की घटना को अंजाम दिया। एक कर्मी तो बेहोश भी हो गया, जिसे कुछ देर बाद होश आया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मुख्य आरोपी पूर्व प्रधान का पुत्र कहा जा रहा है, जोकि क्षेत्र का चर्चित खनन माफिया है। पीड़ित ने गुरूवार को थाने पहुंचकर तीन आरोपियों को नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी।

शामली निवासी श्रवण चौहान भैंसा टोल प्लाजा पर कर्मचारी है। श्रवण ने बताया कि बुधवार रात को उसके साथ हर्षित व अन्य टोलकर्मी मौजूद थे। रात करीब सवा दस बजे अभिनव त्यागी अपने कुछ साथियों के साथ कार से पहुंचा। टोलकर्मी ने टोल मांगा तो आरा. ेप है कि उसने कर्मियों के साथ गाली गलौज करते हुए फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। तीन-चार कारों से कई युवक टोल पर पहुंचे और श्रवण व हर्षित के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपी ने पिस्टल उसके मुंह से सटा दिया और दबंगई दिखाते हुए कहा कि टोल उनके हिसाब से चलेगा। दरअसल, बताया जा रहा है कि आरोपी खनन माफिया है और वह पिछले कई दिनों से टोलकर्मियों पर मिट्टी के डंफर फ्री में निक. ालने का दबाव बना रहा था। टोलकर्मियों के ऐसा करने से मना करने पर उसने पूरी योजना के साथ उन पर हमला बोला है। पीड़ित ने बताया कि उसका सहकर्मी हर्षित मारपीट से बेहोश हो गया, जिसे काफी देर बाद होश आया।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

बुधवार रात खनन माफिया द्वारा की गई मॉब लिंचिंग की घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। टोलकर्मी श्रवण कुमार गुरूवार को थाना मवाना पहुंचा और तीन आरोपियों को नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी। पीड़ित ने पुलिस को सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी सौंपी। सीओ मवाना ने इस बाबत पूछे जाने पर बताया कि मामले की जांच कराकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फुटेज के आधार पर अज्ञात की पहचान भी कराई जा रही है।

## जुबैर की मुठभेड़ में हुई मृत्यु की जांच के साक्ष्य 15 जून तक दिखाने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उप जिला मजिस्ट्रेट मेरठ ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट के पत्र दिनांक 22 मई 2026 के अनुपालन में दिनांक 13 मई 2026 को समय लगभग 03.50 बजे प्रात: थाना लोहियानगर क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ की घटना में घायल अभियुक्त जुबैर पुत्र रफातुल्ला निवासी नौसा थाना बरला जिला अलीगढ रू0 1,00,000 -का इनामी अपराधी की मृत्यु की घटना की मजिस्ट्रीयल जांच उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित करते हुये बताया कि उक्त मजिस्ट्रीयल जांच के संबंध में जो भी व्यक्ति अपना मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य अंकित कराना चाहते है, वह उनके कार्यालय में दिनांक 15 जून 2026 तक अथवा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। उसके बाद किसी भी मौखिक व लिखित साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये जाएंगे।

## एसएसपी कार्यालय के घेराव की चेतावनी के बाद मचा हड़कंप



■ भावनपुर पुलिस ने शिवसेना कार्यकर्ता पर किया था दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिव सेना कार्यकर्ता शिवम के खिलाफ भावनपुर पुलिस ने दुष्कर्म का एक मुकदमा दर्ज कर दिया था जिसमें प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र तोमर का कहना है कि पुलिस ने जिस समय की घटना दशाई है उस समय कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल था शिवसेना कार्यकर्ता को जबरन परेशान किया जा रहा है और उसे झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है इसके खिलाफ गुरुवार को शिवसेना पदाधिकारी ने चेतावनी दी थी की वह गुरुवार को एसएसपी कार्यालय का घेराव करेंगे जिस पर गुरुवार को सुबह से ही कमिश्नरी पर भारी पुलिस बल तैनात रहा भावनपुर एस ओ ने भारी पुलिस बल के साथ शिवसेना कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ता के साक्ष्य जुटाए और इस मुकदमे में एफआर लगाने का आश्वासन दिया है जिसके बाद शिव सैनिकों ने एसएसपी कार्यालय का घेराव निरस्त कर दिया।

## एमएलसी की भूमि पर कब्जे का विरोध ग्रामीणों ने एसडीएम को दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना भावनपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत स्याल में स्थित एमएलसी की भूमि पर कथित रूप से अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मेरठ-किला मार्ग पर मदरसे के सामने स्थित भूमि, जिसका खसरा नंबर 94 बताया जा रहा है, पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानक. ारी मिली, उन्होंने मौके पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और तत्काल डायल-112 तथा एसडीएम मेरठ को फोन कर मामले से अवगत कराया।

ग्रामीणों का आरोप है कि भू-माफिया द्वारा सरकारी एवं सार्वजनिक महत्व की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना मिलने पर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और चल रहे कार्य को रुकवा दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तथा पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। अधिकारियों का कहना है कि जांच में यदि अवैध कब्जे या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि भूमि की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों को रोका जा सके। इस दौरान ग्राम प्रधान सतपाल, एडवोकेट अशोक, ओमपाल ठेकेदार, मंगल सेन, चंद्रपाल, प्रेम सिंह, नरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 'फिर दिल दो' नौचंदी अभियान को ऋषभ एकेडमी के स्टाफ का मिला भारी समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऐतिहासिक नौचंदी मेला शहर की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। सदियों पुरानी परंपरा से जुड़े इस मेले में हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं और विभिन्न कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं। इस वर्ष भी नौचंदी मेले में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। मेले के पटेल मंडप में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शहर के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जा रहा है। मेरठ की शान कहे जाने वाले नौचंदी मेले के संरक्षण एवं विकास के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'फिर दिल दो नौचंदी को' हस्ताक्षर अभियान को ऋषभ एकेडमी की टीम ने अपना भरपूर समर्थन दिया। अभियान के दौरान उपस्थित लोगों ने नौचंदी मेले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया। ऋषभ एकेडमी के सचिव डॉ. संजय जैन ने कहा कि नौचंदी मेला केवल मेरठ ही नहीं बल्कि पूरे जिले की पहचान है। इस मेले में दूर-दराज क्षेत्रों से लोग पहुंचते हैं और इसकी सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आनंद लेते हैं। इस अवसर पर सीए शरद त्यागी, प्रशांत, राहुल सहित ऋषभ एकेडमी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे और अभियान को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया। अभियान के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना समर्थन व्यक्त किया।



हस्ताक्षर करते सचिव डॉ. संजय जैन।

## भाकियू वर्मा ने ग्राम कुलीपुर में बैठक कर हाई कोर्ट बैंच की रखी मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

यहां की 8 करोड़ जनता के साथ घोर अन्याय व नाइंसाफी हो रही है। यहां की 8 करोड़ जनता को न्याय के लिए 700 किलोमीटर दूर प्रयागराज हाईकोर्ट जाना पड़ता है। जबकि 45 वर्ष से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता गण मेरठ में हाई कोर्ट की बेंच को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल के नेताओं का बोलबाला है। वे नहीं चाहते हैं कि मेरठ में हाई कोर्ट की बेंच बनाई जाए। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिले 6 मंडल प्रदेश सरकार को 80प्रतिशत राजस्व देते हैं। इसके बावजूद भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेहतर शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं है। जब गोरखपुर और रायबरेली में एम्स स्थापित हो सकते है। तो मेरठ में एक एम्स क्यों नहीं होना चाहिए। केंद्र और प्रदेश का अधिकांश बजट पूर्वांचल पर खर्च किया जाता है। जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की घोर उपेक्षा की जा रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों 6 मंडलों 27 लोकसभा क्षेत्र व 137 विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए राज्य पुनर्गठन आयोग गठित करने की मांग की। राष्ट्रीय महासचिव रामकुमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पृथक राज्य निर्माण के बिना यहां का विकास संभव नहीं है किसानों मजदूरों व्यापारियों बुद्धिजीवियों पत्रकारों युवाओं व छात्रों से पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान मनोज चौधरी तथा संचालन संदीप ग्रेवाल ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार रजत शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मूर्तजा सलमानी, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी, प्रदेश महासचिव आसिम मलिक, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह सेठी, मेरठ पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुधीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## आईआईएमटी विश्वविद्यालय के छात्रों ने उठाई मांग, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

### संविधान के अनुच्छेद 19 का हवाला देकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आईआईएमटी विश्वविद्यालय के छात्र संघ ने विश्व विद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। छात्र संघ ने वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर छात्र-छात्राओं से जुड़ी समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की है। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। ज्ञापन में भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19/1का हवाला देते हुए कहा गया कि छात्रों को बोलने की आजादी, शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने और संघ बनाने का अधिकार है। छात्र संघ की तरफ से कांग्रेस के अवनीश काजला, छात्र नेता शान मोहम्मद, राजदीप विकल ने मांग की है कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग रखने वाले छात्रों पर कोई भी अनुचित कार्रवाई न की जाए। साथ ही शैक्षणिक और प्रशासनिक मुद्दों को प्राथमिकता से हल किया जाए। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि छात्रों की मांगों पर जल्द संज्ञान नहीं लिया गया तो छात्र शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। छात्र नेताओं ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति की पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। फिलहाल विवि प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## कैमरों और यक्ष ऐप ने खोला बाइक चोरी का राज, रेलवे रोड पुलिस ने दो शातिर चोर दबोचे

■ पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चोरी की स्प्लेंडर पुलिस ने की बरामद

■ एक आरोपी निकला हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर सहित कई मुकदमें हैं दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आधुनिक तकनीक, सीसीटीवी कैमरों और यक्ष ऐप की सहायता से आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देश पर जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी और वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना रेलवे रोड पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस के अनुसार बीती 31 मई को ग्राम घाट निवासी आशीष शर्मा की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना रेलवे रोड में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया। साथ ही आधुनिक यक्ष ऐप की सहायता से संदिग्धों की पहचान की गई। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने अयान पुत्र मौबीन निवासी श्यामनगर, थाना लिसाड़ी गेट तथा ओसामा खान पुत्र असलम निवासी ऊंचा सद्दीक नगर, थाना लिसाड़ी गेट को रामताल वाटिका के पास चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई काले रंग की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी अयान का आपराधिक इतिहास लंबा है। उसके खिलाफ मेरठ के विभिन्न थानों में चोरी, गैंगस्टर एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किसी संगठित वाहन चोरी गिरोह से जुड़े हैं या फिर अन्य वारदातों में भी उनकी संलिप्तता रही है।

थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और यक्ष ऐप की मदद से आरोपियों की पहचान सुनिश्चित की। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। विजय कुमार ने कहा कि एसएसपी अविनाश पांडेय के दिशा निर्देश पर मेरठ पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई कर रही है। आधुनिक तकनीक और प्रभावी पुलिसिंग के माध्यम से अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आम जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सपाईयों ने की रिश्वत लेते पकड़े गए डाक्टर सतीश की सदस्यता समाप्त करने की मांग

■ सपा व्यापार सभा ने प्रदर्शन कर सीईओ को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी ने छावनी परिषद मेरठ के मनोनीत सदस्य डॉ. सतीश की सदस्यता तत्काल समाप्त करने की मांग उठाई है। पार्टी की व्यापार सभा ने इस संबंध में छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष हरप्रीत सिंह आहूजा द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा के मनोनीत सदस्य डॉ. सतीश को सीबीआई ने 3 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। मामले में कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भी भेजा था। सपा का आरोप है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद डॉ. सतीश बर्तनों को अभी तक छावनी परिषद की सदस्यता से नहीं हटाया गया है। वे अब भी परिषद के सदस्य बने हुए हैं, जिससे आम जनता में गलत संदेश जा रहा है और परिषद की छवि धूमिल हो रही है। ज्ञापन में कहा गया, यह अत्यंत विचारणीय व संवेदनशील विषय है कि पूर्व में भी सीबीआई द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई छावनी परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं के विरुद्ध की जा चुकी है, जिसके अंतर्गत पूर्व में कई लोगों की गिरफ्तारी भी सुनिश्चित हुई है। समाजवादी पार्टी ने मांग की है कि डॉ. सतीश बर्तनों की सदस्यता तुरंत समाप्त कर मामले में निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही दोषियों व भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि छावनी परिषद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा सके और जनता का विश्वास फिर से बहाल हो। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इस विषय को अनदेखा किया गया तो जनता का आक्रोश बढ़ेगा और इसके लिए शासन व प्रशासन जिम्मेदार होगा। इस दौरान सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, पूर्व कोषाध्यक्ष निरंजन शर्मा, सौरभ अग्रवाल सहित दर्जनों मौजूद रहे।

## समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** विकास भवन सभागार में डीएम डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून से 21 जून के मध्य, जनपद में आयोजित होने वाले समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन द्वारा निर्धारित तिथिवार कार्यक्रमों के अनुरूप आयोजन सुनिश्चित करने हेतु समस्त कार्यक्रमों का नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को नामित किया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि समस्त विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में सभी कार्यक्रमों को तिथिवार एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 5 जून को आठ जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## पंकज लवानिया संभालेंगे किठौर सर्किल की कमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ जनपद के किठौर पुलिस सर्किल में प्रशासनिक फेरबदल के तहत क्षेत्रधिकारी (सीओ) प्रमोद सिंह का तबादला बुलंदशहर जनपद कर दिया गया है। उनके स्थान पर पंकज लवानिया को किठौर का नया क्षेत्रधिकारी नियुक्त किया गया है। इस तबादले के बाद पुलिस महकमे के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों में भी नई नियुक्ति को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

सीओ प्रमोद सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान किठौर सर्किल के थाना क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था कायम रखने तथा संवेदनशील मामलों के त्वरित निस्तारण में उनकी सक्रिय भूमिका रही। उनके कार्यकाल में कई बड़े अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली को नई गति मिली। वहीं, नव नियुक्त क्षेत्रधिकारी पंकज लवानिया को एक अनुभवी और कुशल पुलिस अधिकारी माना जाता है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। माना जा रहा है कि वे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता देंगे। पुलिस विभाग द्वारा जारी तबादला सूची के अनुसार यह बदलाव प्रशासनिक आवश्यकताओं के दृष्टिगत किया गया है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने नए सीओ के आगमन का स्वागत करते हुए उनसे बेहतर कानून व्यवस्था और जनसुनवाई व्यवस्था की अपेक्षा व्यक्त की है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि नए सीओ पंकज लवानिया अपने कार्यकाल में किठौर सर्किल की कानून-व्यवस्था को किस प्रकार नई दिशा देते हैं और क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए कौन से नए कदम उठाते हैं। पुलिस प्रशासन में हुए इस बदलाव को आगामी दिनों में क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# महिला टी-20 विश्वकप में टूटेंगे कई बड़े रिकॉर्ड!

**10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट, सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही**

**दुबई, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू हो रहे आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप कई बड़े रिकॉर्ड टूटेंगे वहीं अन्य रिकॉर्ड भी कायम होंगे। इस टूर्नामेंट का 10वां संस्करण अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनने वाला है, जिसमें सबसे अधिक 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं और साथ ही रिकॉर्ड पुरस्कार राशि भी दांव पर लगी है। हालांकि इस टूर्नामेंट के अब तक का सबसे कड़ा मुकाबला वाला टी-20 विश्व कप होने की उम्मीद है, लेकिन इस बड़े मंच पर कई ऐसे रिकॉर्ड भी टूट सकते हैं, जिससे लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

आगामी टूर्नामेंट में ए अहम पड़ाव पार किए जा सकते हैं:- आईसीसी के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की सुपरस्टार ऑलराउंडर एलिसे पेरी के नाम टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक (47) मैच खेलने का रिकॉर्ड है और वह इस टी-20 विश्वकप का एक ऐतिहासिंक रिकॉर्ड बनाने की कगार पर हैं। पेरी पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में, टूर्नामेंट के इतिहास में 50 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र तीन मैच दूर हैं। पेरी इस प्रतियोगिता में सबसे सफल खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगी, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया की उन छह टीमों का हिस्सा रही हैं जिन्होंने खिताब जीता है। 35 साल की पेरी उन




सात खिलाड़ियों में से एक हैं जो इस आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं और जिन्होंने पिछले सभी नौ संस्करणों में खेला है। पेरी के अलावा, हरमनप्रीत कौर (भारत), चामरी अटापट्टू (श्रीलंका), मैरीजॉन कैप (दक्षिण अफ्रीका), स्टेफनी टेलर (वेस्ट इंडीज), सोफी डिवाइन और सूजी बिट्स (न्यूजीलैंड) भी इस टूर्नामेंट के 10वें संस्करण में अपनी 10वीं उपस्थिति दर्ज कराएंगी। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर टी-20 इतिहास (पुरु और महिला) में 200 मैच खेलने वाली पहली खिलाड़ी बनने से मात्र चार मैच दूर हैं। कौर ने भारत के लिए 196 मैच खेले हैं, संयोग से उन्होंने भारत के लिए अपना टी-20 पर्दापण 2009 के महिला टी-20 विश्वकप में किया था, जो इंग्लैंड में ही खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया की अनुभवी तेज गेंदबाज मेगन शूट को महिला टी-20 विश्वकप में 50 विकेट का आंकड़ा छूने के लिए मात्र दो और विकेटों की जरूरत है। शूट ने इस टूर्नामेंट के पांच संस्करण खेले। उनके नाम 29 मैचों में 48 विकेट लेने का शानदार रिकॉर्ड है, उनका औसत 11.72 और इकॉनमी रेट 5.65 है। इस खास मुकाम के करीब पहुंचने वाली एक और खिलाड़ी हैं दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल, जिन्होंने इस गर्मी में होने वाले इस बड़े टूर्नामेंट के लिए टीम में वापसी की है। इस्माइल ने 2009 में हुए पहले टी-20 विश्वकप में भी खेला था, के नाम इस टूर्नामेंट के 32 मैचों में 43 विकेट हैं। न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बिट्स ने पहले ही घोाणा कर दी है कि यह आने वाला टूर्नामेंट उनका आखिरी होगा। इस खेल की एक दिग्गज खिलाड़ी, बिट्स, टी-20 में 5000 रन बनाने वाली पहली खिलाड़ी (पुरु और महिला क्रिकेट दोनों में) बनने से मात्र 280 रन दूर हैं। 2007 में अपना पर्दापण करने वाली व्हाइट फर्न्स की इस ओपनर ने 183 मैचों में ए रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। आगामी टूर्नामेंट में तीन कप्तान - लौरा वोल्वार्ड्ट, हेले मैथ्यूज और चामरी अटापट्टू के नाम टी-20 में तीन-तीन शतक दर्ज हैं। जैसे-जैसे उनके बल्ले से रन बरसेंगे, ए तीनों इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने की दौड़ में शामिल हो जाएंगी( यह रिकॉर्ड अभी यूएई की ईशा ओजा (5) के नाम है। इंग्लैंड की बेहतरीन स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन मेजबान टीम के लिए एक तुरुप का पत्ता साबित होंगी। 104 मैचों में 144 विकेट लेने का उनका शानदार प्रदर्शन इस बात को साबित करता है कि इंग्लैंड को उन पर कितना भरोसा है, साथ ही, एक्लेस्टोन महिला टी-20 में 150 विकेट लेने वाली इंग्लैंड की पहली गें. दबाज बन जाएंगी। मौजूदा चैंपियन न्यूजीलैंड के लिए, इस टूर्नामेंट में एक दुर्लभ उपलब्धि हासिंल करने का मौका है। अगर व्हाइट फर्न्स अपना खिताब बचाने में कामयाब हो जाती हैं, तो वे ऐसा करने वाली दूसरी टीम बन जाएंगी। महिला टी-20 विश्वकप का खिताब एक से ज्यादा बार जीतने वाली एकमात्र टीम ऑस्ट्रेलिया है, उसने दो मौकों पर लगातार तीन-तीन बार यह खिताब जीता है, जिससे उसके कुल खिताबों की संख्या छह हो गई है। अभी, भारत की दीप्ति शर्मा महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में सबसे ऊपर हैं, उनके नाम 166 विकेट हैं। छह बार की विजेता टीम के पास इंग्लैंड और वेल्स में अपने रिकॉर्ड को और बेहतर बनाने का एक और मौका होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2023 में ट्रॉफी जीती थी, और सातवां टी-20 विश्वकप खिताब जीतने का मतलब होगा कि वे महिला क्रिकेट विश्वकप में अपनी जीत की बराबरी कर लेंगे। जो किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए सबसे अधिक जीत का रिकॉर्ड है।

## एन से यंग से हारकर सिंधु हुई इंडोनेशिया ओपन से बाहर

**जकार्ता, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिटंन खिलाड़ी पीवी सिंधु को प्री क्वार्टर फाइनल में महिला ओलंपिक चैंपियन एन से यंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ इंडोनेशिया ओपन में उनका सफर समाप्त हो गया। आज यहां खेले गए दूसरे दौर के मुकाबले में दक्षिण कोरिया की बैडमिटंन खिलाड़ी ने दो बार की ओपलंपिक पदक विजेता सिंध के खिलाफ 44 मिनट तक चले मुक. ाबले में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ कोरियाई खिलाड़ी का अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड 9-0 हो गया है।पहला गेम बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा, लेकिन 16-16 के स्कोर के बाद टॉप सीड खिलाड़ी ने बढ़त बना ली और अगले छह में से पांच अंक अर्जित कर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में दुनिया की नम्बर 1 खिलाड़ी पूरी तरह से हावी रहीं और शुरू से आखिर तक बढ़त बनाए रखी।

**खेल विशेष**

## बंगलादेश के तेज गेंदबाजी कोच शॉन टेट ने पद छोड़ा

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच शॉट टेट ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बंगलादेश के तेज गेंदबा. जी कोच शॉन टेट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह पहले ही कह चुके है कि वे इस पद पर आगे काम नहीं करेंगे। टेट ने कहा कि हां, मैंने इस्तीफा दे दिया है। लेकिन उन्होंने इसके बारे में और कुछ नहीं बताया। टेट का बंगलाद. श क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ अनुबंध 2027 एकदिवसीय विश्व कप तक था। उन्होंने मई 2025 में टीम जॉइन की थी और बंगलादेश के साथ उनका कार्यकाल बेहद सफल रहा। युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा को तराशने में उनकी भूमिका की तारीफ हुई है। नाहिद अपनी जबरदस्त रफ्तार की वजह से हाल के सालों में बंगलादेश क्रिकेट के सबसे उभरते सिंतारों में से एक बन गए हैं।

## उरुग्वे ने चोटिल डी अर्रास्केटा को वर्ल्ड कप टीम में रखा

**मोंटेवीडिया, वार्ता।** उरुग्वे फुटबॉल एसोसिंएशन (एयूएफ) ने बताया कि मिडफील्डर जियोर्जियन डी अर्रास्केटा पैर की मांसपेशियों में खिचाव के बावजूद फीफा विश्व कप के लिए उरुग्वे की टीम का हिस्सा बने रहेंगे। एयूएफ ने बुधवार को एक बयान में कहा कि जरूरी परीक्षण किए गए और मामले का पूरी तरह से आकलन किया गया, जिसके बाद यह निर्का निकला कि वह विश्व. कप टीम का हिस्सा बना रहेंगे। हालांकि, एसोसिंएशन ने इस बारे में और अधिक जानकारी नहीं दी। उल्लेखनीय है कि 32 वींय खिलाड़ी ने मंगलवार को अभ्यास बंद कर दिया था और बाद में हुई चिकित्सीय जांच में उनके दाहिने पैर की पिडली में ग्रेड-2 का खिचाव पाया गया। डी अर्रास्केटा, जिन्होंने उरुग्वे के लिए अब तक 59 मैच खेले हैं।

## ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट शुरुआती मैच के लिए फिट, बल्लेबाजी करेंगी

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह एजबेस्टन में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए फिट हो जाएंगी। साइवर-ब्रंट ने कहा कि वह अगले सप्ताह कार्डिफ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड के दो अभ्यास मैचों में भी खेलेंगी लेकिन वह उन मैचों में गें. दबाजी नहीं करेंगी और शायद पूरे टूर्नामेंट में अधिकतर समय एक विशोज्ञ बल्लेबाज के तौर पर ही खेलेंगी। उन्होंने कहा कि शायद टूर्नामेंट में आगे चलकर, मुझे कुछ ओवर गेंदबाजी करने की जरूरत पड़ सकती है लेकिन हमारे पास एक ऐसा गेंदबाजी लाइन-अप है जो हर तरह से मजबूत है। इसलिए शायद मुझे गेंदबाजी की जरूरत न पड़े लेकिन हम इस बारे में आगे चलकर फैसला लेंगे।

# प्रतिनिधिमंडल जांच के नतीजे व टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा: आईसीसी

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिाद (आईसीसी) ने गुरुवार को स्पट किया कि उसका दो-सदर्स्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी शामिल है, उचित समय पर बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) की स्थिति की जांच के नतीजे और टिप्पणियां आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा।

आईसीसी ने एक बयान में कहा कि अंतर्राट्रीय क्रिकेट परिाद द्वारा नियुक्त दो-सदर्स्यीय प्रतिनिधिमंडल, जिसमें आईसीसी बोर्ड के निदेशक डा. मोहम्मद ए-एस- मूसाजी (क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका) और तावेंग. वा मुखुलानी (जिम्बाब्वे क्रिकेट) शामिल थे, ने हाल ही में बंगलादेश का दौरा किया। इसका मकसद बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से जुड़े घटनाक्रमों की समीक्षा करने के लिए विभिन्न हितधारकों से बातचीत करना था। इसमें कहा गया कि आईसीसी यह स्पट करना चाहता है कि प्रतिनिधिमंडल अपनी जांच के नतीजे और टिप्पणियां उचित समय पर आईसीसी बोर्ड को सौंपेगा और इस मामले पर मीडिया में कोई टिप्पणी नहीं करेगा। इसलिए, इस दौरे के संबंध में मीडिया में आई कोई भी रिपोर्ट, टिप्पणी या दावा महज अटकलबाजी है और वह आईसीसी की आधिकारिक स्थिति को नहीं दर्शाता। बुलबुल के नेतृत्व वाली कमेटी के दावे महज अटकलबाजी पर आधारित हैं। आईसीसी के दो सर्स्यय प्रतिनिधिमंडलने बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनाव से पहले प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात कर हाल के घटनाक्रम पर चर्चा की। आईसीसी बोर्ड के दो प्रतिनिधि क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के डा. मोहम्मद मूसाजी और जिम्बाब्वे क्रिकेट के तावेंगवा मुकुहलानी, एक जून को बंगलादेश पहुंचे और उन्होंने अपने आगमन के दिन ही तदर्थ बोर्ड के प्रमुख तमीम इकबाल और प्रभावशाली निदेशक फईम सिंन्हा से मुलाकात की।

# सूर्यकुमार की कप्तानी लेने की दौड़ में अय्यर, ईशान व तिलक वर्मा

**माना जा रहा है तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं**

**मुंबई, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव को भारत की टी 20 टीम की कप्तानी से हटाए जाने की तैयारी है, इसलिए उनकी जगह लेने के लिए तीन नाम सबसे आगे चल रहे हैं।

माना जा रहा है कि तिलक वर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर चयनकर्ताओं की शॉर्टलिस्ट में शामिल हैं। चयनकर्ताओं की मुंबई में शनिवार को बैठक होनी है, जिसमें कप्तानी में बदलाव को औपचारिक रूप से



मंजूरी मिलने की उम्मीद है। संजू सैमसन, जिनका नाम मीडिया की अटकलों में प्रमुखता से सामने आया है,

उनके अंतिम सूची में जगह बनाने की संभावना कम ही है। पसंदीदा उम्मीदवार पर अभी तक कोई एक राय नहीं बनी है, लेकिन चयनकर्ता लंबी अवधि की उत्तराधिकार योजना को ध्यान में रखते हुए अपने विकल्पों का मूल्यांकन कर रहे हैं, इसमें न केवल 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक शामिल हैं, बल्कि ओलंपिक के कुछ महीनों बाद होने वाला अगला टी 20 विश्व कप भी शामिल है। अगर युवा दावेदारों में से किसी एक - तिलक (23) या ईशान (27)- को कप्तानी सौंप दी जाती है, तो इसमें कोई हैरानी की बात नहीं होगी। हालांकि, अय्यर (31) भी दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, खासकर जिस तरह से उन्होंने पंजाब किंग्स में नई जान फूंकी और 2025 में टीम को एक शानदार सीजन तक पहुंचाया। यह एक अलग बात है कि पंजाब किंग्स इस साल धमाकेदार शुरुआत के बावजूद प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही।

# मेरा पूरा ध्यान अब रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर है: कुलदीप यादव

**भारतीय स्पीनर ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर विचार साझा किए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के साथ टाटा आईपीएल को खत्म करने के बाद, भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव एक लंबे टेस्ट सीजन के लिए कमर कस रहे हैं, जिसकी शुरुआत अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से होने वाले एकमात्र मैच से होगी। जियो हॉटस्टार के 'फॉलो द ब्लूज' पर , कुलदीप ने अपनी तैयारियों, व्हाइट-बॉल से रेड-बॉल क्रिकेट में मानसिंक बदलाव, और एक आक्रामक स्पिनर के तौर पर अपनी भूमिका के बारे में खुलकर बात की।



कुलदीप यादव ने अफगानिस्तान टेस्ट के लिए अपनी तैयारियों पर अपने विचार साझा किए, जिसमें वह बॉलिंग अटैक में मुख्य स्पिनर की भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान टेस्ट मैच के लिए तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। अब तक हमारे दो नेट सेशन हो चुके हैं। हां, जड्डू भाई (जडेजा) टीम में नहीं हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में नियमित खिलाड़ी हैं। हमें अक्षर पटेल की कमी भी खलेगी। लेकिन तैयारियां अच्छी रही हैं। युवा खिलाड़ी हर्ा दुबे और मानव सुथार यहां मौजूद हैं। वॉशिंगटन सुंदर भी अब नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं, इसलिए वह टीम के माहौल में पूरी तरह से ढल चुके हैं। पिछले दो सालों से वे इंडिया 'ए' के दौरों का हिस्सा रहे हैं। वे नियमित रूप से दलीप ट्रॉफी और ईरानी ट्रॉफी भी खेल रहे हैं। हो सकता है कि उनके पास अंतर्राष्ट्रीय अनुभव की कमी हो, लेकिन जब रेड-बॉल क्रिकेट की तैयारियों और मैच की समझ की बात आती है, तो वे बिल्कुल अव्वल दर्जे के हैं, क्योंकि वे लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। रेड-बॉल क्रिकेट खेलने पर पूरी तरह से फोकस करने के बारे में उन्होंने कहा कि एक अटैकिंग स्पिनर के तौर पर, मैं टीम के लिए रेगुलर ब्रेकथ्रू दिलाना चाहता हूं।

# स्कॉटलैंड की महिला टीम ने डीएलएस पद्धति से नीदरलैंड्स को 24 रन से हराया

**एडिनबर्ग, वार्ता।** कप्तान कैथरीन ब्राइस (63/एक विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर स्कॉटलैंड की महिला टीम ने बुधवार रात खेले गए बारिश प्रभावित मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत नीदरलैंड्स को 24 रन से हरा दिया। महिला विश्वकप पहले खेले जा रहे त्रिकोणीय श्रृंखला के पांचवें मुकाबले में कप्तान कैथरीन ब्राइस इस मैच की स्टार बल्लेबाज रहीं।

?उन्होंने अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। एडिनबर्ग के ग्रेंज क्रिकेट क्लब में खेले गए इस मैच में उन्होंने सबसे अधिक 63 रन बनाए और फिर एक विकेट लेकर स्कॉटलैंड की जीत की अगुवाई की। बारिश के कारण मैच शुरू होने में देरी हुई, जिसके बाद नीदरलैंड्स ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बारिश की वजह से यह मैच दोनों टीमों के लिए 12-12 ओवर का कर दिया गया था। कैथरीन फेजर ने अच्छी शुरुआत की और पहले ही ओवर में एक छक्का जड़ा, लेकिन हीथर सीगर्स ने अगले ही ओवर में डार्सी कार्टर को आउट कर दिया। कैथरीन ब्राइस ने क्रीज पर जमने में जरा भी देर नहीं लगाई, उन्होंने सिंल्वर सीगर्स के ओवर में दो चौके जड़े, जिसके बाद फेजर ने भी इसाबेल वैन डेर वोनिंग के ओवर में ठीक वैसा ही किया। इसके बाद ब्राइस ने दो और चौके जड़े, और छठे ओवर की शुरुआत में ही स्कॉटलैंड का स्कोर 50 रन के पार पहुंच गया। कैरोलीन डी लांगे ने फ्रेजर को 29 रन पर आउट कर दिया, लेकिन ब्राइस को रोकना नामुमकिन था। उन्होंने चौके-छक्के लगाते हुए केवल 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

कैथरीन की बहन सारा (12 गेंदों में नाबाद 23 रन) ने उनका बखूबी साथ निभाया। दोनों बहनों ने मिलकर 10वें ओवर में हीथर के ओवर से 17 रन बटोरे, जिससे स्कॉटलैंड का स्कोर ओवर खत्म होने तक 110 रन तक पहुंच गया। आइरिस ज्वलिंग ने कैथरीन को आउट कर दिया, जिससे ब्राइस बहनों की 58 रन की साझेदारी टूट गई। इसके बाद 10 गेंदों का एक ऐसा दौर आया जब स्कॉटलैंड की टीम कोई भी चौका नहीं जड़ पाई, लेकिन फिर भी वे बोर्ड पर 124 रन का एक मजबूत स्कोर खड़ा करने में कामयाब रहे। कप्तान गेंदबाजी में भी पीछे नहीं रहीं, उन्होंने दूसरे ओवर में फीबी मोल्केनबोअर को केवल तीन रन देकर आउट कर दिया। हीथर सिंगर्स ने तीन चौके लगाए, लेकिन 15 रन बनाकर आउट हो गईं।

# उभरते सितारे विश्व और प्रिया टॉप 3 में शामिल, जैस्मीन नम्बर 1 पर

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियाई चैंपियन प्रिया घनघस और विश्वनाथ सुरेश अपनी-अपनी कैटेगरी में टॉप तीन में पहुंच गए हैं, जबकि जैस्मीन लंबोरिया महिलाओं की 57 किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 पर पहुंच गई हैं।

नई वर्ल्ड बॉक्सिग रैंकिंग में भारत ने अपनी मजबूत मौजूदगी बनाए रखी है। देश के दुनिया के अग्रणी बॉक्सिग देशों में से एक बनने की झलक दिखाते हुए, भारतीय मुक्केबाज महिलाओं की 10 में से 9 वजन कैटेगरी और पुरुाों की 10 में से 8 कैटेगरी में टॉप 10 में शामिल रहे। महिलाओं के वर्ग में, मीनाक्षी ने 48किंग्रा कैटेगरी में वर्ल्ड नम्बर 1 के तौर पर अपना दबदबा बनाए रखा, जबकि प्रीति नम्बर 3 पर पहुंच गईं। अरुंधति चौधरी (70किंग्रा), पूजा रानी (80किंग्रा), और नूपुर ( 80किंग्रा) सभी वर्ल्ड नम्बर 2 पर रहीं, जो भारी वजन कैटेगरी में भारत की बढ़ती ताकत को दिखाता है। जानी-मानी सिंतारे निकहत जरीन (51किंग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75किंग्रा) ने भी दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों में अपनी जगह बनाए रखी। पुरुाों की टीम ने भी वैसी ही निरंतरता दिखाई। सचिन और नरेंद्र लगातार अंतर्राट्रीय सफलता के बाद टॉप 5 में शामिल हो गए, जबकि हितेश गुलिया (70किंग्रा) ने अपनी नम्बर 6 रैंकिंग बनाए रखी और अविनाश जमवाल (65किंग्रा) दुनिया में आठवें स्थान पर रहे।

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 41 रनों से हराया

**इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1.0 से बढ़त बना ली है**

**किंगस्टन, वार्ता।** कप्तान कुसल मेंडिस (72), पथुम निसंका (79) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पर श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को पहले एकदिवसीय मुकाबले में 41 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

कुसल मेंडिस को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ मैच' का पुरस्कार मिला। 304 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज श्रीलंकाई गेंदबाजी



आक्रमण के आगे टिक कर नहीं खेल सके और पूरी टीम 49-2 ओवरों में 262 रनों के स्कोर पर सिंमट गई। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैंपबेल और जस्टिन ग्रीब्स की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत दिलाई। सातवें ओवर में जॉन कैंपबेल (17) के रन आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ाई और उसने अपना दूसरा विकेट भी जल्द गंवा दिया। 10वें ओवर में महीश तीक्षणा ने अर्धशतक की ओर बढ़ रहे जस्टिन ग्रीब्स (45) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान शाई होप ने केसी कार्टी के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर असिंता फर्नांडो ने केसी कार्टी (27) को अपना शिकार बना लिया। शरफेन रदरफोर्ड (पांच) रन बनाकर आउट हुए।

31वें ओवर में दुश्मांता चमीरा ने अपना अर्धशतक बना चुके शाई होप को आउट कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 66 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। इसके बाद 40वें ओवर में महीश तीक्षण ने गुडाकेश मोती (22) का शिकार कर लिया। रॉस्टन चेज (33), अल्जारी जोसेफ (शून्य), मैथ्यू फोर्ड (15) रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर की दूसरी गेंद पर चरित असलंका ने जेडेन सील्स (दो) को आउट कर वेस्टइंडीज की पारी का 262 के स्कोर पर अंत कर दिया। श्रीलंका की ओर से दुश्मांता चमीरा ने चार विकेट लिए। महीश तीक्षणा को दो विकेट मिले। असिंता फर्नांडो, वानिंदु हसरंगा और चरित असलंका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 303 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका ने 103 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए 79 रन बनाए। कप्तान कुसल मेंडिस ने 62 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की पारी खेली। इसके अलावा चरित असलंका ने (45), जनित लियानगे (नाबाद 44), पवन रत्नायके (24) और कामिंडु मेंडिस (12) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स, मैथ्यू फोर्ड और रॉस्टन चेज ने दो-दो विकेट लिए।

# सम्पादकीय

## अकेले पड़ते ट्रम्प

मिडिल ईस्ट में जारी घटनाक्रम में रूचि रखने वाले लोगों के लिए दिलचस्प खबर है, अमेरिकी संसद ने ईरान युद्ध से जुड़ी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव पास कर दिया है। मजेदार बात, तो यह है कि प्रस्ताव को कुछ रिपब्लिकन सांसदों का भी समर्थन मिला। कांग्रेस का कहना है कि लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई के लिए उसकी मंजूरी जरूरी है। इस मुद्दे पर ट्रम्प प्रशासन को बढ़ते राजनी. तिक और कानूनी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी संसद ने (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान युद्ध से जुड़ी शक्तियों को सीमित करने वाला एक प्रस्ताव पास कर दिया है। इसे ट्रम्प और उनकी ईरान नीति के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। खास बात यह है कि इस प्रस्ताव का समर्थन ट्रम्प की अपनी रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों ने भी किया। इस प्रस्ताव के पक्ष में 215 वोट पड़े, जबकि 208 सांसदों ने विरोध किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद थामस मैसी, ब्रायन फिट्जपैट्रिक, टाम बैरेट और वारेन डेविडसन ने पार्टी लाइन से हटकर डेमोक्रेट सांसदों का साथ दिया। रिपब्लिकन सांसद टाम बैरेट ने कहा कि उनके क्षेत्र के लोग युद्ध की वजह से बढ़ती महंगाई और आर्थिक परेशानियों से नाराज हैं। वहीं थामस मैसी ने कहा कि लोग महंगे पेट्रोल, डीजल और खाद की बढ़ती कीमतों से परेशान हैं। उनके मुताबिक यह वोट दिखाता है कि जनता और संसद दोनों लंबे समय से चल रहे युद्ध से थक चुके हैं। ब्रायन फिट्जपैट्रिक ने कहा कि अमेरिका में वार पावर्स एक्ट नाम का कानून है। इस कानून के मुताबिक, राष्ट्रपति को युद्ध जैसे बड़े फैसलों के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों पर संसद में खुलकर बहस होनी चाहिए और फिर वोटिंग होनी चाहिए। यह प्रस्ताव न्यूयार्क के डेमोक्रेट सांसद ग्रेगरी मीक्स ने पेश किया था। वोटिंग के बाद उन्होंने कहा कि सभी डेमोक्रेट सांसदों ने इसका समर्थन किया और कुछ रिपब्लिकन सांसदों का साथ मिलना भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम संविधान के अनुसार सरकार की शक्तियों पर निगरानी रखना है। हालांकि हाउस स्पीकर माइक जानसन इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि इससे ट्रम्प प्रशासन की शांति वार्ता और कूटनीतिक प्रयास कमजोर हो सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि ईरान में अमेरिका के सभी सैन्य लक्ष्य पूरे हो चुके हैं और अब ट्रम्प शांति समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इस बीच पेंटागन, अमेरिकी विदेश मंत्रालय और यूएसएआईडी के इंस्पेक्टर जनरल ने ईरान युद्ध की जांच शुरू कर दी है। कानून के अनुसार 60 दिन से ज्यादा चलने वाले विदेशी सैन्य अभियानों की समीक्षा करना जरूरी होता है। जांच एजेंसियों का मानना है कि अमेरिका का ईरान अभियान 28 फरवरी से चल रहा है और अब 60 दिन की सीमा पार कर चुका है। वॉर पावर्स एक्ट के मुताबिक कांग्रेस की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति 60 दिन से अधिक समय तक सैन्य कार्रवाई जारी नहीं रख सकते।

## प्रकृति से समझौते का नहीं, संकल्प का समय

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष





**योगेश कुमार गोयल**


प्रकृति का मिजाज वर्ष दर वर्ष बदल रहा है और इसी के साथ प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला भी बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वैसे तो दुनियाभर में बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं। 2015 में पेरिस सम्मेलन में 197 देशों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते हुए अपने-अपने देश में कार्बन उत्सर्जन कम करने और 2030 तक वैश्विक तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने का संकल्प लिया था किन्तु धरती का तापमान जिस प्रकार वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है, ऐसे में इस वास्तविकता को नहीं नकारा जा सकता कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मौसम के बिगड़ते मिजाज को लेकर चर्चाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराए जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चर्चाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों द्वारा चेतावनी देते हुए कहा जा चुका है कि दुनिया पर वैश्विक तापमान में खतरनाक वृद्धि का संकट मंडरा रहा है और यह वृद्धि 2015 में पेरिस समझौते में संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित डेढ़ डिग्री सेल्सियस का भी रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

पर्यावरण की सुरक्षा तथा संरक्षण के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का वर्ष 2026 का विषय 'प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए।' संयुक्त राष्ट्र महासभा तथा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) द्वारा 16 जून 1972 को स्टॉकहोम में पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए यह दिवस मनाने की घोषणा की गई थी और पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1974 को मनाया गया था। 19 नवम्बर 1986 को भारत में 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम' लागू किया गया। हालांकि विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का वास्तविक लाभ तभी है, जब हम इस आयोजन को केवल रस्म अदायगी तक ही सीमित न रखें बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस अवसर पर लिए जाने वाले संकल्पों को पूरा करने हेतु हरसंभव प्रयास भी करें। दरअसल धरती का तापमान वर्ष दर वर्ष जिस प्रकार बढ़ रहा है, उसे देखते हुए वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान बढ़ने से हीटवेव, अत्यधिक वर्षा, पानी की कमी जैसी समस्याएं पूरी दुनिया में विकराल रूप ले सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान का दुष्प्रभाव अब समय-समय पर भयानक चक्रवाती तूफानों के रूप में भी देखा जाने लगा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि जलवायु संकट के साथ अरब सागर में तीव्र चक्रवाती विक्षोभ का सिलसिला चलता रहेगा। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ए सब जलवायु में हो रहे बदलावों का ही बड़ा असर है। फिलहाल न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता का विषय बना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुता. बिक अब अरब सागर अधिकाधिक अशांत होता जा रहा है और अरब सागर में चक्रवात अपेक्षाकृत असामान्य हैं। आईएमडी सहित जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी की तुलना में अरब सागर में चक्रवातों की तीव्रता में ज्यादा वृद्धि हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार 1890 के दशक के बाद 2011 से 2022 के बीच अरब सागर में चक्रवातीय घटनाएं ज्यादा हुई हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है और ऐसी घटनाओं की तीव्रता बढ़ रही हैं, जिनमें अरबों-खरबों रूपए का नुकसान होता है, अनेक लोग मारे जाते हैं और ऐसी आपदाओं में लाखों लोग देखते ही देखते बेघर हो जाते हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि पृथ्वी का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। अपनी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह स्पष्ट किया है कि किस प्रकार पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि पृथ्वी का तापमान इसी प्रकार बढ़ता रहा और अगले तीन दशकों में पृथ्वी के तापमान में वृद्धि पांच डिग्री तक दर्ज की जाती है तो इससे एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा और एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। जहां तक पर्यावरण प्रदूषण की बात है, विश्वभर में प्रदूषण के बढ़ते स्तर के कारण प्रतिवर्ष तरह-तरह की बीमारियों के कारण लोगों की मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, यहां तक कि बहुत से नवजात शिशुओं पर भी प्रदूषण के गंभीर दुष्प्रभाव अब स्पष्ट देखे जाने लगे हैं।

## श्रीमुख से...

### भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम



नीट पेपर लीक के कारण जान गंवाने वाली आकांक्षा की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि एक भ्रष्ट और टूटी हुई व्यवस्था का परिणाम है, आकांक्षा डाक्टर बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती थी, उसके पिता किसान हैं, जिन्होंने बेटी के सपने को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर तीन लाख रुपये का कर्ज लिया और नागपुर में रसोइए की नौकरी की, ताकि वह कोचिंग कर सके, एक पिता ने अपनी ओर से हर संभव प्रयास किया, लेकिन नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद पैदा हुई अनिश्चितता के बीच आकांक्षा हमें छोड़कर चली गई, यह केवल एक छात्र की त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**
पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर,
पिन कोड-251003
Dainikshahtimes@gmail.com

## समझना होगा पर्यावरण का महत्व



**रोहित कौशिक**


इ 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस
समझना होगा पर्यावरण का महत्व
रोहित कौशिक

इस दौर में हमारा ज्ञान लगातार बढ़ रहा है। समाज में प्रगतिशीलता भी लगातार बढ़ रही है। लेकिन आज सबसे बड़ा सवाल यह है कि पर्यावरण के मामले में क्या हमारी समझ बढ़ी है ? पर्यावरण की वर्तमान स्थिति को देखकर तो ऐसा नहीं लगता कि पर्यावरण के मामले में हमारी समझ बढ़ी है। पर्यावरण की सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। कुछ समय पहले आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय में हुए एक अध्ययन में बताया गया था कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के आधार पर यह बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से लगभग आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती है। भारत में हर साल तीस हजार से ज्यादा लोगों की लू के कारण मृत्यु हो जाती है। कई शोधों में यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही मौसम का चक्र भी अनियमित हो गया है। कुछ समय पहले 'असेसमेंट ऑफ क्लाइमेट चेंज ओवर द इंडियन रीजन' नामक रिपोर्ट में भी बताया गया था कि अगर जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए बड़े कदम नहीं उठाए गए तो लू के थपेड़ों में तीन से चार गुना बढ़ोतरी दिखाई देगी और समुद्र का जलस्तर 30 सेंटीमीटर तक उठ सकता है। इस रिपोर्ट के अनुसार पिछले दशकों में देश ने तापमान में वृद्धि और मानसून में कमी का सामना किया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस बात के पुख्ता प्रमाण हैं कि इस बदलाव को मानव गतिविधियों ने प्रभावित किया है। पिछले दिनों हम सबने यह महसूस किया कि लॉकडाउन के दौरान वायु और जल प्रदूषण कम हुआ। इस दौर में हमें यह समझना होगा कि पर्यावरण को सम्मान देकर ही हम पृथ्वी की रक्षा कर पाएंगे। जब हम पर्यावरण का सम्मान नहीं करते हैं तो वह प्रत्यक्ष रूप से तो हमें हानि पहुंच. ाता ही है, परोक्ष रूप से भी हमारे सामने कई समस्याएं खड़ी करता है।

पिछले दिनों इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर द्धआईयूसीएनऋ द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि जलवायु परिवर्तन के कारण महिलाओं और लड़कियों के प्रति होने वाली हिंसा में इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार गरीब देशों में जलवायु परिवर्तन को रोकने में सरकारें विफल हो रही हैं। इसके कारण संसाधन बर्बाद हो रहे हैं। इसका असर बढ़ती हुई लैंगिक असमानता के रूप में दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे इलाकों में संसाधनों पर काबिज होने के लिए वर्ग संघर्ष जारी है। इसमें जीत पुरुषों की होती है और महिलाएं दोयम दर्जे का जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाती हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में कई तौर-तरीकों से समाज पर जलवायु परिवर्तन का असर पड़ रहा है। मौसम का समस्त चक्र अनियमित हो गया है। सम्पन्न लोग एसी में बैठकर पर्यावरण पर भाषण दे रहे हैं। प्रकृति और पर्यावरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं लेकिन पर्यावरण बचाने के लिए जमीन पर काम नहीं हो रहा है। यह सब इसलिए हो रहा है कि हम अभी तक भी प्रकृति का महत्व नहीं समझ पाए हैं।

प्रकृति हमें एक नया सौन्दर्यबोध प्रदान करती है। धरती को सौन्दर्य प्रदान करने में प्रकृति ने अतुलनीय योगदान दिया है। पेड़-पौधे, फूल-पत्तियां, झरने और पहाड़ धरती के आभूषण ही हैं। कल्पना कीजिए कि इन आभूषणों से रहित धरती हमें कैसी दिखाई देगी। यह हम सबका कर्तव्य है कि हम धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी न पड़ने दें। जब धरती के इन आभूषणों की चमक फीकी पड़ती है तो धरती का ताप बढ़ने लगता है। हमें यह समझना होगा कि यह धरती सुन्दर रहेगी तो हमारा जीवन भी सुन्दर रहेगा। कभी हम प्रकृति के विभिन्न अवयवों का क्षरण कर प्रदूषण बढ़ाते हैं तो कभी जलवायु परिवर्तन के लिए स्वयं जिम्मेदार होते हुए भी प्रकृति को कोसते हैं। यह दुखद ही है कि कभी धरती का बढ़ता हुआ ताप पर्यावरण को जख्म दे रहा है तो कभी हमारा व्यवहार पर्यावरण के जख्मों को कुरेद रहा है। कुल मिलाकर हम उसी प्रकृति से बेवफाई कर रहे हैं जो हमें हमेशा वफा की सीख देती है। विभिन्न अध्ययनों के माध्यम से यह बात सामने आ रही है कि प्रदूषण और धरती का ताप बढ़ने के कारण सम्पूर्ण विश्व को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इन समस्याओं में सूखा, बाढ़, तापमान बढ़ना, ग्लेशियरों का पिघलना, समुद्र का स्तर बढ़ना, अनेक जीव-जन्तुओं और पेड़-पौधों का विलुप्त होना आदि शामिल हैं। विचारणीय प्रश्न यह है कि जब हम इन प्राकृतिक समस्याओं से जूझने में व्यस्त होंगे तो प्यार के बारे में सोचने की फुर्सत किसे होगी ? हालांकि प्राचीन समय में हमने प्रकृति से कई रिश्ते जोड़े। प्रकृति के विभिन्न अवयवों को हमने अपने परिवार की तरह माना। प्रकृति के इन अवयवों को हमने ईश्वर का दर्जा भी दिया। तभी तो हम आज तक धरती को धरती माता, तुलसी को तुलसी माता, गाय को गाय माता सांप को नाग देवता, गंगा को गंगा मैया, चांद को चंदा मामा तथा सूरज को सूर्य देवता कह रहे हैं। क्यों न हम इस दौर में इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रकृति से प्यार का एक नया रिश्ता जोड़ें। जैसे एक स्त्री मां, बहन, पत्नी और बेटी- किसी भी रूप में हमारे सामने हो सकती है, उसी तरह प्रकृति भी विभिन्न रूपों में हमारे सामने हो सकती है।

## दिन-प्रतिदिन भारतीय पर्यटकों की खराब होती छवि



**रजनीश कपूर**

हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर भारतीय पर्यटकों से जुड़ी वायरल वीडियो एक बार फिर विवादों का केंद्र बन गई हैं। गुजरात के गरबा नृत्य को विदेशी एयरपोर्टों, चीन की महान दीवार और अन्य वैश्विक स्थलों पर करते हुए दिखाए गए भारतीय पर्यटक न केवल चर्चा में हैं, बल्कि भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचा रहे हैं। सवाल है कि क्या भारतीय पर्यटक वाकई बदतमीज हैं या दुनिया हमें अनुचित रूप से स्टिरियोटाइप कर रही है? यह मुद्दा वायरल हुए सिर्फ कुछ वीडियो का नहीं, बल्कि लाखों भारतीयों के विद. ेश यात्रा के बढ़ते रुझान और सांस्कृतिक-नागरिकता की समझ का है।

भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता पर्यटन स्रोत बाजार है। कोविड महामारी के बाद विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीयों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। 2025-26 में लाखों भारतीय यूरोप, अमेरिका, एशिया और मध्य पूर्व के देशों में घूम रहे हैं। लेकिन ऐसी कुछ घटनाएं पूरे राष्ट्र की प्रतिष्ठा धूमिल कर रही हैं। एयरपोर्ट पर गरबा, चीन की ग्रेट वॉल पर नाचते हुए, कतार तोड़ते हुए या शोर मचाते हुए दिखाए गए पर्यटकों के वीडियो तेजी से वायरल हो जाते हैं। इनमें से कई में संदर्भ की कमी हो सकती है, लेकिन बार-बार दोहराई जाने वाली घटनाएं एक पैटर्न बनाती दिखती हैं।

सबसे पहले, यह स्वीकार करना जरूरी है कि हर राष्ट्र के कुछ पर्यटक समस्या पैदा करते हैं। चीनी पर्यटक भी भीड़ और शोर के लिए आलोचित होते रहे हैं, अमेरिकी पर्यटक अक्सर अहंकारी माने जाते हैं। लेकिन भारतीय मामले में समस्या की गहराई अलग है। भारत में घरेलू स्तर पर ही नागरिक भावना द्धबपअपब. ेमदेमऋ की कमी एक बड़ी चुनौती है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, कतार में धक्का-मुक्की करना, सार्वजनिक स्थानों पर जोर-जोर से बात करना, दूसरों की निजता का सम्मान न करना, ये घर की वो आदतें हैं, जो विदेश ले जाई जाती हैं। जिससे भारत और भारतीयों का नाम खघ्राब होता है। कई भारतीय पर्यटक पहली बार विदेश जाते हैं। वे उत्साह में संस्कृति का प्रदर्शन करना चाहते हैं, लेकिन स्थानीय नियमों और माहौल को नजरअंदाज कर देते हैं। गरबा एक जीवंत त्योहार नृत्य है, लेकिन एयरपोर्ट जैसे संवेदनशील स्थान पर इसे करना सुरक्षा और अनुशासन का उल्लंघन लगता है। इसी तरह, ऐतिहासिक स्मारकों पर चढ़ना, कूड़ा फेंकना या स्थानीय लोगों की असुविधा पैदा करना सांस्कृतिक असंवेदनशीलता दर्शाता है। सोशल मीडिया का प्रभाव भी कम नहीं। एक वीडियो वायरल होने पर पूरा समुदाय टारगेट हो जाता है। कुछ मामलों में नस्लवाद या पूर्वाग्रह भी काम करता है, लेकिन इसे बहाना बनाकर अपनी गलतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आंकड़ों की बात करें तो भारत से विदेश यात्रा करने वालों की संख्या 2019 के मुकाबले दोगुनी हो गई है। लेकिन यात्रा एजेंसियां और सरकारें पर्यटकों को पूर्व-प्रशिक्षण देने में पिछड़ रही हैं। कई ग्रुप टूर में पर्यटक एक-दूसरे को उत्साहित करते हुए सीमा लांघ जाते हैं। नतीजा, विदेशी होटल, एयरलाइंस और टूर ऑपरेटर्स भारतीयों को 'समस्या समूह' के रूप में देखने लगे हैं।

कुछ देशों में भारतीय पर्यटकों के लिए अनौपचारिक रूप से अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है। यह भारत के लिए शर्मनाक है, क्योंकि हम एक प्राचीन सभ्यता वाले देश हैं जहां अतिथि देवो भवः की परंपरा है। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वायरल वीडियो संदर्भहीन हैं और भारतीयों को निशाना बनाया जा रहा है। यह आंशिक रूप से सही भी हो सकता है, लेकिन जब भारतीय ही कमेंट करते हैं कि हमारे यहां नागरिक भावना शून्य है, तो समस्या नकारने लायक नहीं रह जाती। घर पर स्वच्छता अभियान, स्मार्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन आदि चल रहे हैं, फिर भी व्यवहार में बदलाव धीमा है। शिक्षा प्रणाली में नागरिकता और नैतिक मूल्यों पर जोर कम है। परिवारों में 'जब तक कोई पकड़ा न जाए तो जो मन आए वो करो' की मानसिकता प्रबल है। विदेश में भारतीय समुदाय अक्सर सफल, मेहनती और विविधतापूर्ण के रूप में जाना जाता है, लेकिन पर्यटन में आने वाले निचले और मध्यम वर्ग के कुछ हिस्से इस छवि को खराब कर देते हैं। यह वर्ग पहले कम यात्रा करता था, लेकिन अब सस्ती उड़ानों और पैकेज टूर के कारण इनका आंकड़ा भी बढ़ा है। उत्साह अच्छा है, लेकिन इसके साथ-साथ जागरूकता भी जरूरी है। भारत नाम फिर से खराब न हो इसके लिए बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सरकार विदेश जाने वाले पर्यटकों के लिए अनिवार्य ऑनलाइन/ऑफलाइन वर्कशॉप शुरू करें। यात्रा एजेंसियां स्थानीय रीति-रिवाज, कानून और नियम सिखाएं। वीजा आवेदन के साथ छोटा कोर्स भी अनिवार्य किया जाए। विदेश मंत्रालय और पर्यटन मंत्रालय मिलकर 'जिम्मेदार भारतीय यात्री' अभियान चलाएं। सोशल मीडिया, यूट्यूब और एयरपोर्ट स्क्रीनों पर जागरूकता के वीडियो प्रसारित करें। भारतीय दूतावासों को स्थानीय शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने का अधिकार दें। स्कूलों में पर्यटन नैतिकता को समझाया जाए, जिससे कि बच्चे अपने-अपने घरों में जागरूकता फैलाएं। स्वच्छता, सम्मान और अनुशासन पर जोर दें। युवा पीढ़ी को वैश्विक नागरिक बनाने की जरूरत है। ऐसे में अच्छे व्यवहार करने वाले पर्यटकों को पुरस्कृत करें और गंभीर उल्लंघन करने वालों पर ब्लैकलिस्टिंग या पासपोर्ट प्रतिबंध जैसे कड़े कदम उठाएं। इसके साथ ही सबसे अहम भूमिका ग्रुप टूर लीडर्स की होनी चाहिए, उनको प्रशिक्षित किया जाए कि वे पर्यटकों को नियंत्रित रखें और विदेशी शहरों के प्रति संवेदनशील रहें। विदेशी पार्टनर्स के साथ फीडबैक सिस्टम बनाएं।गरबा जैसे नृत्यों को सही मंच पर प्रदर्शित करें, जैसे कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फेस्टिवल आदि में। व्यक्तिगत उत्साह को अनुशासित तरीके से व्यक्त करना सिखाएं। वहीं सेलिब्रिटी और इन्फ्लुएंसर्स जिम्मेदारी से यात्रा दिखाएं। वायरल होने वाली अच्छी कहानियां, जैसे भारतीयों द्वारा पर्यावरण संरक्षण या स्थानीय मदद आदि को प्रचारित करें।




**गुवाहाटी। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और प्रश्न पत्र लीक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और उनके समर्थक।**

## रूस ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल की: एंटोन सिलुआनोव सेंट

**पीटर्सबर्ग।** रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव ने गुरुवार को 'सेंट पीटर्सबर्ग अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक मंच' के दौरान कहा कि उनके देश ने वित्तीय आत्मनिर्भरता पूरी तरह हासिल कर ली है और अब वह बाहरी धन या विदेशी सरकारों के फैसलों पर निर्भर नहीं है। सिलुआनोव ने आर्थिक मंच पर कहा कि दुनिया बदल रही है और हमारे सामने कई मुश्किलें भी आई हैं, इसके बावजूद वित्तीय नजरिए से मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से एक संप्रभु और मजबूत स्थिति में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि रूस इस बात पर बिल्कुल निर्भर नहीं है कि तीसरे देश उसे धन देंगे या नहीं।

# भारत व वेनेजुएला द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत बनाएंगे

## मोदी और रोड्रिगेज ने ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज और व्यापार क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर व्यापक चर्चा की

**नई दिल्ली।** भारत और वेनेजुएला ने विशेष रूप से ऊर्जा और उसके साथ-साथ, महत्वपूर्ण खिनज, व्यापार, निवेश, फार्मास्यूटिकल, स्वास्थ्य सेवा तथा ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त करते हुए द्विपक्षीय साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

मोदी ने भारत यात्रा पर आई वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की। पश्चिम एशिया संकट के कारण दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति की अनिश्चित स्थिति के बीच हुई इस वार्ता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पांच दिन की यात्रा पर आई रोड्रिगेज के साथ विदेश, आर्थिक और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभागों के मंत्रियों का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया हुआ है।



■ पीएम ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विकासशील देशों के हितों को बढ़ावा देने पर बात की

विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद कहा कि दोनों के बीच बातचीत काफी व्यापक रही और इसमें विशेष रूप से ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों का पता लगाने पर विस्तार से बात हुई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मोदी और रोड्रिगेज ने विभिन्न विषयों पर व्यापक चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों के पूरे दायरे की समीक्षा के साथ ऊर्जा, व्यापार, निवेश, स्वास्थ्य सेवा और ऑटोमोबाइल आदि क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसरों का पता लगाने पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने तथा 'ग्लोबल साउथ' के हितों को आगे बढ़ाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाद में विदेश मंत्रालय में सचिव ( पूर्व) रूदेन्द्र टंडन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दोनों पक्षों के बीच ऊर्जा सहित विभिन्न विषयों पर सार्थक और अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला ने भारत के साथ लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों देश भविष्य में भी पसंदीदा साझेदार बने रहेंगे।

टंडन ने कहा कि वेनेजुएला बदलाव के दौर से गुजर रहा है लेकिन यह संसाधनों से समृद्ध देश है और अब वहां विकास यात्रा के शुरुआती संकेत दिखाई दे रहे हैं। वेनेजुएला में केवल ऊर्जा क्षेत्रा ही नहीं बल्कि पशुपालन, परिवहन, खनन, कृषि, ऑटोमोटिव क्षेत्रा और फार्मास्यूटिकल जैसे क्षेत्रों में भी अनेक संभावनाएं हैं। टंडन ने कहा कि दोनों पक्षों ने इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जिसका उद्देश्य उन तरीकों का पता लगाना था जिनसे भारतीय व्यापारी वेनेजुएला के बाजार में अपनी जगह बना सकें जिससे दोनों देशों के बीच नई साझेदारी हो सके। उन्होंने सवालों के जवाब में कहा कि बातचीत के दौरान ऊर्जा के क्षेत्रा में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई है लेकिन विभिन्न क्षेत्रों में इसकी संभावनाओं का पता लगाने पर बात हुई है। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला के पास बड़ा तेल भंडार है और भारत बड़ी मात्रा में तेल का आयात करता है। दोनों देशों के बीच खरीदार और विक्रेता के रूप में दीर्घावधि संबंधों की संभावना है।

# अमेरिका-ईरान बातचीत में आई अड़चन

## ईरान की दो टूक अरबों डॉलर की जब्त की गई उसकी धनराशि को तुरंत जारी किया जाए



■ डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत में ईरान के जब्त धन को तुरंत जारी करने की मांग सबसे बड़ी अड़चन बन गई है। ईरान इस बात पर जोर दे रहा है कि किसी संभावित समझौते के तहत कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले उसकी अरबों डॉलर की जब्त की गई धनराशि को तुरंत जारी किया जाए। इस मांग को मानने में ट्रम्प प्रशासन हिचकिचा रहा है।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनका प्रशासन ईरान को कोई बड़ी रियायत दिए बिना बड़े पैमाने पर धन जारी करने को मंजूरी देने में आनाकानी कर रहा है। खासकर ईरान के संवर्धित यूरेनियम के भंडार, परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने को लेकर वह कड़ा रूख अपना रहा है। जेरूसलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरानी वार्ताकार चाहते हैं कि जैसे ही दोनों पक्ष शुरुआती सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करें, उन्हें जब्त हुए धन से 'नकद धनराशि' तुरंत मिल जाए और इसमें किसी तरह की कोई देरी नहीं होनी चाहिए। अमेरिकी अधिकारियों का रुख साफ है कि प्रतिबंधों में राहत तभी मिलेगी जब ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर कोई ठोस आश्वासन देगा। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में चिंता सिर्फ दिखावे तक सीमित नहीं है। अगर धनराशि को जल्दी जारी कर दिया गया, तो इससे ईरान को एक आर्थिक सहारा मिल जाएगा, जबकि अमेरिका के हाथ से उसका सबसे ताकतवर मोलभाव का हथियार, आर्थिक दबाव, जिसे बनाने में उसने कई वर्ष लगाए हैं, वह उसके हाथ से निकल जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्रीय मध्यस्थों को साफ कर दिया है कि जब तक ईरान पहले कोई ठोस और कारगर कदम नहीं उठाता है खासकर अपनी परमाणु गतिविधियों और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर,तब तक कोई बड़ी रकम जारी नहीं की जाएगी। ट्रम्प ने अपने सलाहकारों से साफ-साफ कह दिया है कि वह ऐसे किसी भी समझौते पर दस्तखत नहीं करेंगे जो ओबामा के 2015 के समझौते जैसा हो, जिसके तहत ईरान के लिए 1.7 अरब डॉलर का फंड जारी किया गया था। रिपोर्टों के मुताबिक ईरान अब करीब 12 अरब डॉलर की मांग कर रहा है, और ट्रम्प की ऐसी कोई मंशा नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सलाहकारों ने ऐसे इंतजामों पर विचार किया है, जिनके तहत कोई तीसरा देश जैसे कि कतर ईरान को फंड जारी करेगा, ताकि अमेरिका किसी भी सीधे भुगतान से दूर रहे। मध्यस्थों ने बीच का रास्ता निकालने के लिए कुछ प्रस्ताव रखे हैं, जिनमें कई अरब डॉलर का एक 'मानवीय फंड' बनाना भी शामिल है।

## ईरान के दुश्मनों ने 'हाइब्रिड युद्ध' की चालें चलीं: मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका और इजरा. इल जैसे दुश्मनों ने युद्ध के मैदान में निर्णायक हार और गहरी बेइज्जती का सामना करने के बाद ईरान के खिलाफ 'हाइब्रिड युद्ध' की रणनीति अपनाते हुए अब अपना ध्यान हमारे देश को अंदर से अस्थिर करने पर केंद्रित कर दिया है। खामनेई ने इस्लामिक गणराज्य के संस्थापक इमाम खुमैनी की पुण्यतिथि की 37वीं वर्षगांठ के मौके पर गुरुवार को जारी एक संदेश में बोलते हुए घोषणा की कि ईरान के दुश्मनों को युद्ध के मैदान में 'गहरी शर्मिंदगी' झेलनी पड़ी है और अब उन्होंने उन चालों का सहारा लेना शुरू किया है जिन्हें हाईब्रिड युद्ध की चालें कही जाती हैं। उन्होंने कहा कि दुष्ट दुश्मन, सशस्त्र बलों में आपके बहादुर बेटों के साथ टकराव में हारने के बाद-अपने प्रयासों को दो लक्ष्यों पर कें. द्रित कर रहा है-लोगों के मनोबल को तोड़ना और देश के अधिकारियों के बीच गलतफहमियां पैदा करना। खामेनेई ने एक लिखित संदेश में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाला 'दमनकारी तंत्र' एक मजबूत और स्वतंत्र ईरान को स्वीकार नहीं कर सकता और उन्होंने इजराइल को उस तंत्र की एक 'सैन्य चौकी' बताया।

## जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास हुए हमले पर आईएईए चिंतित

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने गुरुवार को यूक्रेन में रूस के कब्जे वाले जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) के पास हुए एक भारी हमले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इन हमलों को तुरंत रोकने का आग्रह किया है। एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि उन्हें जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) प्रशासन की ओर से यह जानकारी मिली है कि पास ही स्थित 'जापोरिज्जिया थर्मल पावर प्लांट' (जेटीपीपी) पर आज सुबह भारी हमला हुआ है। गौरतलब है कि इस थर्मल पावर प्लांट का स्विचयार्ड ही मुख्य परमाणु संयंत्र को बिजली की आपूर्ति करने में मदद करता है। परमाणु संयंत्र में मौजूद आईएईए की विशेषज्ञ टीम ने भी थर्मल पावर प्लांट की दिशा से हल्का धुआं निकलते देखा और वहां सैन्य गति. विधियों की आवाजें सुनीं। आईएईए ने चेतावनी दी है कि इस नए हमले ने जेडएनपीपी की एकमात्र बची हुई बाहरी बिजली लाइन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## तुर्की-सऊदी अरब ने की होर्मुज के विकल्प के रूप में रेल मार्ग पर चर्चा

**इस्तांबुल।** तुर्की और सऊदी अरब एक ऐसे रेल मार्ग को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसे आगे चलकर ओमान तक बढ़ाने की योजना है और जो होर्मुज जलडमरूध्य के विकल्प के रूप में काम करेगी। तुर्की के परिवहन और बुनियादी ढांचा मंत्री अब्दुलकादिर उरालोग्लू ने एक समाचार एजेंसी को बताया कि यह रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है।



■ प्रस्तावित रेल मार्ग काफी हद तक हिजाज रेलवे के रास्ते पर आधारित है: अब्दुलकादिर उरालोग्लू

उन्होंने कहा कि पहले चरण में तुर्की की सीमा से सीरिया के अलेप्पो तक रेल पटरी का निर्माण करना जरूरी है। वहां से दमिश्क तक का एक हिस्सा पहले से ही बना हुआ है-जॉर्डन और सऊदी अरब की सीमा वाले हिस्से पर कोई रेलवे नहीं है, हम अभी सऊदी अरब के साथ इसके रास्ते पर चर्चा कर रहे हैं कि यह रास्ता रियाद की ओर मुड़ेगा या इसे हिजाज तक लाया जाएगा। हमारा अंतिम लक्ष्य ओमान तक रेल मार्ग बनाना है। वास्तव में, हम होर्मुज जलडमरूमध्य से बचे रहकर निकलने वाले रास्ते की बात कर रहे हैं। गौरतलब है कि सऊदी अरब के हिजाज क्षेत्र में मक्का और मदीना के बीच पहले से ही एक तेज गति वाली रेल लाइन मौजूद है। उरालोग्लू ने मार्च में कहा था कि तुर्की ऐतिहासिक हिजाज रेलवे के उस हिस्से को फिर से चालू करने के लिए दमिश्क सीरिया के साथ बातचीत कर रहा था जो कभी इन देशों को आपस में जोड़ता था।

## यूरोप में तीन सालों में 80000 नए एचआईवी मामलों की आशंका

**ब्रुसेल्स।** यूरोप में अगले तीन वर्षों में लगभग 80,000 नए एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आने और टीबी के कारण 9,000 से अधिक मौतें होने की आशंका है। यूरोपीय रोग निवारण एवं नियंत्रण केंद्र (ईसीडीसी) की निदेशक पामेला रेंडी-वैगनर ने यह जानकारी दी है। गत 21 मई को ईसीडीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि 2024 में यूरोप में एक दशक से ज्यादा समय में यौन संचारित संक्रमणों की सबसे ज्यादा दरें देखी गई, जिसमें सिफलिस और गोनोरिया शामिल हैं। ईयू ऑब्जर्वर न्यूज एजेंसी ने बुधवार को रेंडी-वैगनर के हवाले से कहा कि हम यूरोप में आने वाले तीन सालों में 80,000 नए एचआईवी संक्रमण और टीबी से 9000 से ज्यादा मौतें देखेंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईयू रेगुलेटर का अनुमान है कि टीबी और यौन संचारित संक्रमणों में तेजी से बढ़ोतरी होगी। साथ ही, इन बीमारियों की वजह से ईयू , आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में हर साल 59000 मौतें होती हैं। ईयू, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे में अभी लगभग 800000 लोग एचआईवी के साथ जी रहे हैं।

## अमेरिका का रूस के साथ संबंध बनाए रखना जरूरी: रुबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यूक्रेन में जारी संघर्ष के बावजूद अमेरिका को रूस के साथ संबंध और बातचीत बनाए रखनी चाहिए। रुबियो ने संसद की विदेश मामलों की समिति की सुनवाई में कहा कि कम से कम हमें रूसियों के साथ संबंध और बातचीत जारी रखनी ही होगी।

■ हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है: विदेश मंत्री

हमारे द्विपक्षीय संबंधों में ऐसे मुद्दे हैं, जिनका यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने विश्वास जताया कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान होने के बाद अमेरिका-रूस संबंध अधिक दोस्ताना और संभालने में आसान हो जाएंगे। उन्होंने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका-यूक्रेन संघर्ष पर मध्यस्थता के प्रयासों को फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। रुबियो से जब पूछा गया कि क्या मध्यस्थता में ट्रम्प प्रशासन फिर से शामिल होने के लिए तैयार है, तो उन्होंने जवाब दिया कि हम ऐसा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हालांकि इस बात पर भी जोर दिया कि अमे. रिका के अब तक के प्रयास 'कम फलदाई' रहे हैं।

## डीआरसी से यात्रा प्रतिबंध को हटाया जाए: टेड्रोस

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महा. निदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने कई देशों से अपील की है कि वे कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में फैली इबोला महामारी के कारण लगाए गए यात्र प्रतिबंधों को हटाएं।

# इजरायल-लेबनान सशर्त संघर्ष विराम पर सहमत

## वॉशिंगटन डीसी में हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया

**वाशिंगटन।** इजरायल और लेबनान अमे. रिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद संघर्ष विराम लागू करने पर सहमत हो गए हैं। अल जजीरा के रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों ने हालांकि स्पष्ट किया है कि इस शांति समझौते का भविष्य पूरी तरह से 'हिजबुल्ला के हमलों को पूर्णत: बंद करने' और दक्षिणी लेबनान से अपने लड़ाकों को हटाने पर निर्भर करेगा। उल्लेखनीय है कि वाशिंगटन डीसी में बुधवार को हुई इस अहम कूटनीतिक वार्ता में हिजबुल्ला को शामिल नहीं किया गया था।

आधिकारिक तौर पर आपस में कोई राजनयिक संबंध न रखने वाले दोनों पड़ोसी देशों ने इस बैठक में सीमावर्ती इलाकों में कुछ सुरक्षित क्षेत्र (पायलट जोन) बनाने पर भी सहमति जताई। इन विशेष क्षेत्रें में किसी भी गैर-सरकारी हथियारबंद संगठन या बाहरी तत्व के प्रवेश पर पूरी तरह रोक होगी और पूरे क्षेत्र का नियंत्रण विशेष रूप से लेबनान की सरकारी सेना के हाथों में सौंप दिया जाएगा। यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब बुधवार को दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही। हिजबुल्लाह ने जहां इजरायली सैनिकों को निशाना बनाकर हमले किए, वहीं इजरायल की ओर से दक्षिणी लेबनान में की गई बमबारी में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। इस शांति समझौते की घोषणा के कुछ ही समय बाद उत्तरी इजरायल में संभावित हवाई हमले के सायरन भी सुने गए, जिससे स्थिति की संवेदनशीलता साफ दिखाई देती है। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह समझौता कोई नया संघर्ष विराम नहीं है, बल्कि मई महीने में तय हुए 45 दिनों के पुराने संघर्ष विराम विस्तार को ही आगे बढ़ाने और उसका सम्मान करने की एक साझा प्रतिबद्धता है। युद्धरत पक्ष हिजबुल्लाह के इस वार्ता की मेज पर मौजूद न होने के कारण जमीन पर इस समझौते के पूरी तरह अमल में आने को लेकर अंतर्राष्ट्रीय हलकों में अभी भी कई तरह की आशंकाएं और सवाल बने हुए हैं। दोनों पक्ष इस अस्थाई व्यवस्था को एक स्थाई और 'व्यापक समझौते' का रूप देने के उद्देश्य से आगामी 22 जून और उसके बाद एक बार फिर उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। दूसरी ओर, इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को एक कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि सीजफायर के ऐलान के बावजूद इजरायली सेना फिलहाल लेबनान में अपनी सैन्य कार्रवाइयां बंद नहीं करेगी और न ही वह वहां से पीछे हटेगी।



■ यह कूटनीतिक प्रगति ऐसे समय में हुई है जब दिन भर सीमा पर दोनों ओर से भारी गोलाबारी जारी रही













